धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार
21.01.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

माघ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 191



12 फिल्म 'छावा' के पोस्टर पर कैटरीना कैफ ने दी प्रतिक्रिया

## न्यूज डायरी

### हेमंत की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक 21 को होगी। बैठक शाम को प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी। इसमें कई अहम निर्णय लिये जायेंगे। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सोमवार को दी।

### गुमला में मुठभेड़, एके-47 समेत कई हथियार बरामद

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी जंगल में गत देर रात झंगुर गुट के अपराधियों और पुलिस के बीच लंबी मुठभेड़ हुई। एक अपराधी को गोली लगने की खबर है। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं। गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के जमा होने की गुप्त सूचना पर पुलिस देवरागानी जंगल क्षेत्र में पहुंची। पुलिस टीम ने सर्च अभियान शुरू किया कि फायरिंग शुरू गयी।

### मस्जिद में घुसकर इमाम पर हमला, गिरफ्तार

**धनबाद।** नमाज अदा करने के बाद एक युवक ने इमाम के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में इमाम ने किसी तरह अपनी जान बचायी। इस घटना में इमाम की उंगली कट गयी। थोड़ी देर के लिए मस्जिद में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। यह घटना भूली ओपी क्षेत्र की है। बाईपास रोड स्थित फैजाने मदीना मस्जिद के इमाम जहांगीर नोमानी पर एक युवक के द्वारा चाकू से हमला किया गया है।

### बलबीर दत्त को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला

**रांची।** द टाइम्स ऑफ इंडिया ने झारखंड में 'टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2025' के पहले संस्करण के तहत वरिष्ठ पत्रकार और पद्मश्री बलबीर दत्त को पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। राजधानी रांची के होटल रेडिशन ब्लू में 'टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2025' के पहले संस्करण का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के हाथों बलबीर दत्त को यह सम्मान मिला।

### बीसीसीएल कर्मी को सीबीआइ ने घूस लेते दबोचा

धनबाद। सीबीआई ने 14 हजार रुपए रिश्वत लेते बीसीसीएल के कर्मचारी स्थापना डिपार्टमेंट के क्लर्क प्रणय सरकार को गिरफ्तार कर लिया है। धनबाद के कोयला भवन से उसकी गिरफ्तारी की गयी है। बीसीसीएल के कर्मचारी स्थापना डिपार्टमेंट का क्लर्क प्रणय सरकार पीएफ की राशि ट्रांसफर करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 74600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 96000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## स्वास्थ्य सेवा को आधुनिक बनाना सरकार की प्राथमिकता : सीएम

# रिम्स को ऐसा बनायें देश में अलग पहचान हो

### वन क्षेत्र में विकास कार्यों की सभी बाधाएं दूर करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के लोगों को बेहतर चिकित्सा मिले इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी के तहत स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने रिम्स का एक बेहतर मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान शीघ्र तैयार करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा, ऐसा रिम्स बनायें कि देश में इसकी अलग पहचान हो। श्री सोरेन सोमवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक में बोल रहे थे।

**रिम्स की व्यवस्था ठोस करें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों रिम्स के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसी ठोस और आधनिक व्यवस्था करें, जिससे देश में रिम्स की अलग पहचान बने। उन्होंने कहा कि रिम्स के मास्टर प्लान में सभी हॉस्टल्स को एक जगह, सभी रेजिडेंशियल कंपलेक्स को नॉर्थ ब्लॉक में शिफ्ट करने करने की योजना बनायें। रिम्स परिसर के 1600 बेड वाले इनडोर क्षेत्र का रिनोवेशन करें तथा बेसमेंट क्षेत्र को सील करें। बैठक में रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ हीरेंद्र बिरुआ भी उपस्थित थे।

### सीएम ने की कई विभागों की समीक्षा बैठक



### आदिवासी छात्रावास की गुणवत्ता का ख्याल रखें

मुख्यमंत्री ने झारखंड में बन रहे चार आदिवासी कल्याण छात्रावास को समय सीमा के तहत पूरा करने को कहा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्रावास निर्माण में गुणवत्ता का हर हाल में ख्याल रखें। उन्होंने एसटी-एससी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों से प्रस्तावित आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स के टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। रांची में दो आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स तथा डाल्टनगंज में दो आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स का निर्माण होना है। इन चारों की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। रांची में विमेंस कॉलेज साइंस ब्लॉकद्ध परिसर में 525 एसटी छात्राओं के लिए छात्रावास बनना है। रेड़मा में एसटी वर्ग के लिए 525-525 विद्यार्थियों का दो छात्रावास का निर्माण कार्य किया जाना है।

**वन क्षेत्र के लोगों को सभी सुविधाएं मिले :** सीएम ने वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के भीतर वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों कोई वाधा नहीं हो। इन इलाकों में बसे गांवों में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करायें। उन्होंने मधुबन से पारसनाथ -सिकर हिलटॉप तक जोड़ने वाली सड़क के पुनर्निर्माण की बाधाओं को शीघ्र दूर करने को कहा।

# ट्रंप फिर बने दुनिया के बॉस

### अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ



### उपराष्ट्रपति बने जेडी वेंस

एजेंसी

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने डोनाल्ड ट्रंप को 47वें अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलायी। इससे पहले जे डी वेंस ने उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। तेज ठंड के कारण राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह खुले में ना होकर अमेरिकी संसद के अंदर हुआ। रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप अपने जीवन में दूसरी बार राष्ट्रपति बन गये। इससे पहले मेगा विक्ट्री रैली को ट्रंप ने संबोधित किया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह लोगों का विश्वास जीतेंगे और अमेरिका को फिर महान राष्ट्र बनायेंगे। दुनिया में शांति लाने का प्रयास करेंगे। युद्ध रोकेंगे।

**दक्षिणी सीमा पर इमरजेंसी घोषित** राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने अपने पहले भाषण में कहा कि हम अपनी दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा करते हैं। उन्होंने मेक्सिको के साथ लगती अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए सेना भेजने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आयेंगे जहां से वो आये हैं।

**कई दिग्गज थे मौजूद :** समारोह में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, चीन के उपराष्ट्रपति, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल थे। कई पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति भी मौजूद थे।

### क्या ली शपथ

डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ इस प्रकार शपथ ली - "मैं पूरी निष्ठा से शपथ लेता हूं (या पुष्टि करता हूं) कि मैं अमेरिका के राष्ट्रपति के पद का ईमानदारी से पालन करूंगा और अपनी पूरी क्षमता से अमेरिका के संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव करूंगा।

# डॉक्टर रेप-हत्या मामले में संजय रॉय को उम्रकैद

## मरते दम तक जेल में रहेगा, 50 हजार का जुर्माना भी

### कोलकाता निर्भया कांड

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता की विशेष आदालत ने सोमवार को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में दोषी करार दिये गये संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सनायी। संजय रॉय को मरते दम तक उम्रकैद की सजा दी गयी है। इसके साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह मामला 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' की श्रेणी में नहीं आता है, इसलिए अपराधी को उम्रकैद की सजा सुनायी। अदालत में, सीबीआइ ने फांसी की सजा की मांग की, लेकिन बचाव पक्ष के वकील ने अनुरोध किया कि मौत की सजा के बजाय जेल की सजा दी जाये। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपये देने का आदेश दिया।

**राज्य सरकार 17 लाख मुआवजा दे :** कोर्ट ने राज्य सरकार को पीड़िता के परिजनों को 17 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। हालांकि पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि उन्हें किसी तरह का मुआवजा नहीं चाहिए। बता दें कि संजय रॉय को बीएनएस की धारा 64, 66 और 103 (1) के तहत के दोषी करार दिया गया था। इन धाराओं के तहत अपराधी को अधिकतम फांसी या उम्रैकद का प्रावधान है, लेकिन जज ने उम्रकैद की सजा दी। महिला डॉक्टर का शव अगस्त 2024 में कोलकाता के अस्पताल परिसर में मिला था। जज अनिर्बान दास ने 18 जनवरी को संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा- 64 (बलात्कार के लिए सजा), 66 (मृत्यु का कारण बनने के लिए सजा) और 103 (हत्या) के तहत दोषी करार दिया था।

(शेष पेज 11 पर)



### मां बोली शर्मिंदा हूं

संजय रॉय को उम्रकैद मिलते ही मां ने खुद को घर में बंद कर लिया। फैसले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने बस इतना कहा- शर्मिंदा हूं, मुझे अकेला छोड़ दो। संजय राय की 75 वर्षीय मां ने मीडियाकर्मियों से कहा कि वे उन्हें अकेला छोड़ दें।

### फांसी मिलती तो चैन मिलता : ममता



सीएम ममता बनर्जी ने कहा, हमने घटना के 44-60 दिनों के भीतर ही फांसी की सजा के बारे में बता दिया था। हम सभी चाहते थे कि आरोपी को फांसी की सजा मिले। यह वाकई आश्चर्यजनक है कि अदालत ने उसे क्यों नहीं दिया। अगर मामला राज्य सरकार के पास होता, तो हम बहुत पहले ही मौत की सजा सुनिश्चित कर देते। अगर आरोपी को मौत की सजा दी जाती, तो मुझे चैन मिलता।

### केरल में 24 साल की युवती को फांसी की सजा

वहीं केरल में तिरुवनंतपुरम की एक अदालत ने बॉयफ्रेंड की हत्या की दोषी युवती को फांसी की सजा सुनायी। उसने अपने बॉयफ्रेंड को धोखे में रख कर जहर देकर मारा डाला था। अदालत ने इसे ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस माना और फांसी की सजा सुनायी। तिरुवनंतपुरम की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को 24 साल की एक युवती को फांसी की सजा सुनायी। युवती ने अक्टूबर 2022 में आयुर्वेदिक टॉनिक में जहर मिलाकर अपने बॉयफ्रेंड को पिलाकर उसकी हत्या कर दी थी।

# अमित शाह मामले में राहुल को सुप्रीम राहत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कथित तौर पर हत्या का आरोपी कहने के एक पुराने मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड की एक निचली अदालत में चल रही मानहानि मुकदमे की कार्यवाही पर सोमवार को अगले आदेश तक रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री गांधी की याचिका पर उन्हें यह राहत दी और झारखंड सरकार के साथ शिकायतकर्ता भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस जारी किया। पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा, नोटिस जारी करें...अगले आदेश तक ट्रायल कोर्ट के समक्ष सभी कार्यवाहियों पर रोक रहेगी। झारखंड उच्च न्यायालय ने श्री गांधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 के तहत शुरू की गई कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड की निचली अदालत में 'मानहानि' कार्यवाही रोकी



# पाकुड़ की आधी आबादी गरीबी रेखा से नीचे

## आज भी गरीबी का दंश झेल रहे झारखंड के पांच जिले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड अलग राज्य के दो दशक बाद भी कई जिले गरीबी का दंश झेल रहे हैं। पाकुड़ और साहिबगंज जिले की तो आधी आधी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने को मजबूर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) रिपोर्ट 2023 के अनुसार झारखंड में सबसे खराब स्थिति पाकुड़, साहेबगंज, पश्मिी सिंहभूम, लातेहार और दुमका जिले की है। पाकुड़ जिले की 49.8 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रही है। साहेबगंज में 48.45, पश्चिमी सिंहभूम में 47.81, लातेहार में 41.68, दुमका में 37.99 और देवघर की 37.04 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे है।



**वंचित श्रेणी में हैं राज्य के 10 जिले :** झारखंड के 10 जिले वंचित श्रेणी में शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार चतरा जिले की 37.0 फीसदी, गोड्डा में 36.36, गढ़वा में 35.84, खूंटी में 33.38, पलामू में 32.34, सिमडेगा में 31.41, गुमला में 30.76, गिरिडीह में 30.29, जामताड़ा में 28.97 और कोडरमा में 28.21 प्रतिशत आबादी विभिन्न मापदंडों के आधार पर वंचित श्रेणी में शामिल है।

**रांची की 15.10 % आबादी गरीबी रेखा से नीचे :** हजारीबाग में 26.10, सरायकेला-खरसावां में 23.16, लोहरदगा में 22.71, रामगढ़ में 18.06, धनबाद में 17.09, रांची में 15.80, बोकारो में 15.28 और पूर्वी सिंहभूम जिले की 15.10 आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने के लिए विवश हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### स्वास्थ्य शिक्षा में काफी सुधार

नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015-16 में झारखंड में कुपोषण की दर 34.39 प्रतिशत थी, जो 2020-21 में घटकर 23.22 प्रतिशत रह गयी है। वहीं, शिशु मृत्यु दर भी 2.74 प्रतिशत से घटकर 1.75 हो गयी है। मातृत्व स्वास्थ्य की स्थिति में भी सुधार हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल में सुधार देखने को मिला है।

## पटना में बोले ओम बिरला, सदन की गरिमा बढ़ाने में सब साथ आयें

# लगातार सदन स्थगित करना गंभीर मामला

### पीठासीन अधिकारी सम्मेलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को यहां कहा कि सदन के वेल में आना, हंगामा करना और सदन की कार्यवाही स्थगित करवाना यह गंभीर मुद्दा है। इस पर गंभीर चर्चा होने की जरूरत है। यह एक गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सभी दल को इसमें सहयोग करना पड़ेगा। लोकसभा स्पीकर ने राज्य विधानसभा बैठकों की घटती संख्या पर भी चिंता जतायी। वह पटना में आयोजित 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रदेशों की विधायिकाओं के पीठासीन अधिकारी मौजूद थे। समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा, हमें' निजी हित और दलगत भावना से से ऊपर उठना होगा। बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि "सम्मेलन से बिहार को लेकर जो भ्रांतियां हैं, वह दूर होगी।



**'बैठकों की घटती संख्या चिंता का विषय' :** लोकसभा अध्यक्ष ने विधानसभा बैठकों की घटती संख्या पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने 3 वर्षों तक चर्चा के बाद ऐसा संविधान बनाया है जो न केवल देश की लोकतंत्र की व्यवस्था को मार्गदर्शन कर रहा है, बल्कि दुनिया के लोकतंत्र को मार्गदर्शन दे रहा है। ऐसे में हमें इसे और मजबूत करना है। सभी दलों को इसमें सहयोग करना पड़ेगा। हम लोगों को गंभीर फैसला यहां से लेकर जाना होगा। बिहार के सम्मेलन में जो फैसले लिये जायेंगे इसका पूरे देश में मैसेज जायेगा। हमारी जिम्मेदारी है कि सदनों को संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप चलाये। सदन की बैठकों की कमी और व्यवधान नहीं हों। आजादी से पहले और आजादी के बाद पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में कई निर्णय हुए हैं। लोकतांत्रिक संस्था जनता के नजदीक पहुंची। हमने कई अच्छी परंपराएं लागू की, कई अच्छे कानून बनायें, जिससे लोकतंत्र को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

(शेष पेज 11 पर)

### निजी और पार्टी हित से ऊपर उठना होगा : हरिवंश

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि बाबा साहब ने भी संविधान बनने के समय कहा था, लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए देश हित में निजी और दल से ऊपर उठना होगा, तभी हजारों हजार वर्ष तक हम अपने लोकतंत्र को अच्छून्य रख सकेंगे। इस मौके पर ओम बिरला ने एम एल कौल और एसएल. शकधर द्वारा लिखित संसदीय पद्धति और प्रक्रिया पुस्तक के 5वे संस्करण का विमोचन किया।

### सोपोर में मुठभेड़, सेना का एक जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर चली मुठभेड़ में सेना की विशिष्ट आतंकवाद विरोधी इकाई के एक जवान शहीद हो गये। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिपाही पंगाला कार्तिक सोपोर पुलिस जिले के जालोरा गुज्जरपति में आतंकवादियों के एक ठिकाने पर गोलीबारी में घायल हो गये और मुठभेड़ स्थल से बाहर निकाले जाने के दौरान उनकी मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में 22 राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन जवान सोवर (स्वर) पंगाला कार्तिक ग्रेनेड विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

## खबर एक नजर में

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**रांची।** राज्य में संचालित सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में दाखिले की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गयी है। 10 फरवरी तक विद्यार्थी अपना नामांकन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में करा सकेंगे। बच्चों के नामांकन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश भेज दिया गया है।

### रिटायरमेंट बाद राप्रसे के दो अफसरों को प्रोन्नति

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों को रिटायरमेंट के बाद आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिली है। इस अफसरों को यह प्रमोशन 2017 की रिक्ति के विरुद्ध दी गई है। जिन अफसरों को प्रोन्नति मिली है, उनमें, दिगेश्वर तिवारी और मुकुंद दास हैं। बताते चलें कि 2017 में राज्य प्रशासनिक सेवा के 17 अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिली थी। कार्मिक मंत्रालय ने इसका आदेश जारी कर दिया।

### भाजपा सदस्यता अभियान के लिए अपील समिति गठित

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश स्तरीय अपील समिति गठित की है। उन्होंने संगठन महापर्व, सदस्यता अभियान केलिये तीन सदस्यीय अपील समिति का गठन किया है। अपील समिति में विधायक सीपी सिंह, सांसद मनीष जायसवाल एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्याम नारायण दुबे शामिल हैं।

### सरयू राय के मामले में सुनवाई चार फरवरी को

**रांची।** विधायक सरयू राय से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में अगली उपस्थिति की तारीख 4 फरवरी निर्धारित की गई है। मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई की तारीख सूचीबद्ध थी लेकिन, उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई। मामले में सरयू राय के खिलाफ समन जारी है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 4 फरवरी निर्धारित की है। अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर 24 अगस्त को संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है।

### जमशेदपुर बार संघ में अनियमितता पर सुनवाई मार्च में

**रांची।** जमशेदपुर जिला बार संघ में वित्तीय अनियमितता के मामले में मार्च में सुनवाई होगी। सोमवार को सरकार की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया कि इस मामले में पुलिस ने फाइनल फॉर्म जमा कर दिया है। जिसमें यह बात आयी है कि साक्ष्य के अभवान में केस को बंद किया जा रहा है। इस पर चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने यह बात शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई मार्च में निर्धारित कर दी। बता दें कि जमशेदपुर बार संघ में वित्तीय अनियमितता के मामले पर झारखंड बार कौंसिल ने एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जमशेदपुर एसएसपी को पत्र लिखा था। इसके बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वित्तीय गड़बड़ी की जांच के लिए राजेश जायसवाल ने जनहित याचिका दायर की है।

### आलोक रंजन की जमानत पर सुनवाई पूरी

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद आलोक रंजन की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सोमवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है और आदेश 28 जनवरी को सुनायेगी। इससे पूर्व याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह महाराणा ने अदालत से कहा कि आलोक रंजन पर सीधा आरोप नहीं बन रहा है। वहीं, ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि आरोपी के जमशेदपुर स्थित आवास से ही 2.67 करोड़ रुपये बरामद किया गया था। आलोक रंजन मामले के आरोपी निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम का भाई है। ईडी ने 12 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुये 18 जनवरी को याचिका दाखिल की है।

### भजंत्री की याचिका पर सुनवाई 20 फरवरी को

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अब 20 फरवरी को सुनवाई होगी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस पंकज मित्तल की अदालत ने सुनवाई की तिथि निर्धारित की। भजंत्री ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है। झारखंड हाईकोर्ट ने 22 सितंबर को मंजूनाथ भजंत्री के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें चुनावी कार्यों से अलग रखने के निर्वाचन आयोग के आदेश को सही बताया था। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मंजूनाथ भजंत्री को चुनावी कार्यों से दूर रखा गया था। विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के दौरान उन्हें आनन-फानन में रांची के उपायुक्त के पद से हटाया गया था। उनके स्थान पर वरुण रंजन को रांची का उपायुक्त बनाया गया था। हालांकि, सीएम हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण के बाद राज्य सरकार ने वापस मंजूनाथ भजंत्री को रांची का उपायुक्त नियुक्त कर दिया।


OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(An undertaking of Jharkhand Govt.)
House No. 399/B, Road No.-4/C, Ashok Nagar, Ranchi-834002
0651-2214712, Fax:0651-2202400 (CIN: U45200JH2002SGC012154)

Letter No.- CE/3821/70 Date: 20.01.2025

**Very Short Tender**
**Retender**
**e-Procurement Notice No. 17/ 2024-25**

Jharkhand Police Housing Corporation Limited, Ranchi (JPHCL) invites Percentage rate/Item rate/Bid for various Construction/ Repair/ Renovation works in the state of Jharkhand. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 21.01.2025 at 11:00 AM to 27.01.2025 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 27.01.2025. Bids received online will be opened at 17:00 PM on 28.01.2025.

Sd/- Chief Engineer
JPHCL, Ranchi



**नगर पंचायत, डोमचाँच**

**शुद्धि-पत्र**

नगर पंचायत, डोमचाँच अन्तर्गत प्रकाशित ई-निविदा सूचना संख्या-UDD/KODERMA/DNP/07/2024-25, Date-11-01-2025 में अंकित (Date of Publication of Tender on Website) 15.01.2025 (Last Date/Time for Receipt Bid on Online) 21.01.2025 एवं (Date of Opening Tender) 22.01.2025 के स्थान पर (Date of Publication of Tender on Website) 21.01.2025 (Last Date/Time for Receipt Bid on Online) 28.01.2025 एवं (Date of Opening Tender) 29.01.2025 पढ़ा जाय। जिसका PR. No.344110 Urban Development (2024-25):D है।
शेष सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR.NO.344665 Urban Development(24-25):D



**समाहरणालय, चतरा**
**(राजस्व शाखा)**

**-: आम सूचना :-**

सदस्य सचिव, पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक-701/पि0, दिनांक-03.12.2024 के आलोक में राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण के संबंध में डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण के पश्चात् प्रपत्र-01 में प्राप्त सूचना के आधार पर आंकड़ों का प्रारूप जिला के वेवसाइट एवं शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों में दिनांक-20.01.2025 को प्रकाशित किया जाएगा। नगर निकाय स्तर पर प्रशासक, नगर परिषद्, चतरा को शिकायत निवारण पदाधिकारी नामित है।

आम सूचना के माध्यम से सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि जिला वेवसाईट **(www.chatra.nic.in)** एवं शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों में प्रकाशित आंकड़ों का प्रारूप पर प्रकाशन की तिथि-20.01.2025 से सात दिनों के अंदर आपत्ति शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष दायर कर सकते हैं।

उपायुक्त,
चतरा

PR 344648 Revenue(24-25).D


### जिलों से खनन पट्टों की समीक्षा रिपोर्ट नहीं आने से विभाग नाराज

# निबंधन आइजी ने भेजा रिमाइंडर एक हफ्ते में मांगी समीक्षा रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी राज्य के अधिकांश जिलों के डीसी ने खनन पट्टों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सरकार को नहीं सौंपी है। न ही डीसी के स्तर पर बकाया निबंधन शुल्क और मुद्रांक शुल्क की वसूली प्रारंभ की गयी है। खनन पट्टों की समीक्षा करने की तय समय-सीमा समाप्त होने के बाद अब तक आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने को लेकर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने गंभीरता से लिया है।



निबंधन आइजी आदित्य कुमार आनंद ने सभी जिलों को फिर से पत्र लिखा है और विगत वर्षों में निबंधित खनन पट्टों पर भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1889 के शेड्यूल-1 ए की कंडिका 35 के अंतर्गत चार प्रतिशत मुद्रांक शुल्क एवं झारखंड निबंधन नियमावली 2011 के अंतर्गत टेबल ऑफ फी के अनुसार 3 प्रतिशत निबंधन शुल्क की वसूली की समीक्षा करने को कहा है। इसके क्रम में अवशेष मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क की वसूली के लिए यथोचित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

**एक सप्ताह के अंदर मांगा प्रतिवेदन**

निबंधन विभाग ने एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन भी मांगा है। बताते चलें कि विभाग ने पहले ही एक प्रारूप तैयार कर जिलों को भेजा था और इस पर सचिव की भी सहमति दी गयी है। राजस्व वसूली को लेकर सरकार ने विभागों को कड़े निर्देश दिए हैं। इसी आलोक में खनन पट्टों के लिए दी गयी जमीन के निबंधन व मुद्रांक शुल्क की समीक्षा की जा रही है। बकाया वसूली कराने का निर्देश सभी जिलों को दिया है। महालेखाकार ने भी इस पर आपति जतायी थी की नियमानुसार वसूली नहीं होने से करोड़ों राजस्व का नुकसान हो रहा है। माइनिंग कंपनियां कम शुल्क का भुगतान करके अपना कार्य करने में सफल हो रही हैं।

# हेमंत सोरेन मामले में नौ की हिरासत अवधि बढ़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार को बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपियों ने हाजिरी लगायी। जेल में बंद आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। जमानत पर चल रहे आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेनए बड़गाईं अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद, तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि 4 फरवरी तक बढ़ा दी है। अगली पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जायेगी।

### हेमंत सोरेन मामले में अब 11 फरवरी को होगी सुनवाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी समन की अवहेलना मामले में एमपी-एलएलए मामले के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने उपस्थिति की अगली तारीख 11 फरवरी निर्धारित की है। मामले में कोर्ट में उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर समन जारी है। सोमवार को मामले में सुनवाई की तारीख सूचीबद्ध थी। उपस्थित नहीं होने पर अगली तारीख निर्धारित की गई है।

### उद्योगों की स्थापना को लेकर संशोधित गाइडलाइन जारी

## रेल लाइन और नदी से 100-200 मीटर की दूरी पर ही लगाये जा सकेंगे इंडस्ट्री

**इंडस्ट्री की दूरी उच्चतम बाढ़ स्तर बिंदु से मापी जायेगी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में उद्योगों की स्थापना सहमति के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संशोधित गाइडलाइन जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि उद्योग को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे किसी भी नाले, नदी, धारा आदि के पानी के प्रवाह को अवरुद्ध या बाधित नहीं करेंगे। साथ ही नदी से प्रस्तावित इकाई की दूरी उच्चतम बाढ़ स्तर बिंदु से मापी जाएगी।

**क्या है मापदंड**

फॉस्फेट रिसाइकलिंग आधारित उद्योगों की स्थापना नेशनल और स्टेट हाइवे से 50 मीटर की दूरी पर होनी चाहिए। रेलवे ट्रैक से 100 मीटर की दूरी होनी चाहिए। नदी से 100 मीटर की दूरी होनी चाहिए। 800 की आबादी वाले क्षेत्र से 200 मीटर, वन भूमि से 100 मीटर और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी से 500 मीटर की दूरी होनी चाहिए।

**स्क्रैप आधारित उद्योग के लिए क्या है मापदंड**

स्क्रैप और स्क्रैप को करतन वाले उद्योगों की स्थापना के लिए नेशनल और स्टेट हाइवे से 50 मीटर की दूरी होनी चाहिए। रेलवे ट्रैक से 100 मीटर की दूरी होनी चाहिए। नदी से 200 मीटर की दूरी होनी चाहिए। 800 की आबादी वाले क्षेत्र से 200 मीटर, वन भूमि से 250 मीटर और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी से 1000 मीटर की दूरी होनी चाहिये।

### जियाडा क्षेत्र में औद्योगिक प्रतिष्ठान से होल्डिंग टैक्स की वसूली की जायेगी

**रांची।** राज्य सरकार ने जियाडा क्षेत्र में अवस्थित औद्योगिक प्रतिष्ठान से होल्डिंग टैक्स की वसूली शुरू करने का निर्देश सभी नगर निकायों को दिया है। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने निर्देश जारी किया है। विभाग ने कहा है की जियाडा क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठान होलिडंग टैक्स नहीं दे रहे हैं ऐसे में अविलंब वहां से होल्डिंग टैक्स लेने की प्रक्रिया शुरू करें। विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार औद्योगिक क्षेत्र के मामलें में जमशेदपुर, जिसे विशेष रूप से औद्योगिक नगरी का दर्जा प्राप्त है, को छोड़कर अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों को होल्डिंग टैक्स का भुगतान करना है। ऐसे में निकाय के अधिकारी अविलंब इसकी समीक्षा करें और सभी क्षेत्रों से संपति कर की वसूली प्रारंभ करना सुनिशिचत करें।

### केंद्रीय मंत्री से लेकर प्रदेश के नेतागण करेंगे संबोधित

# संविधान गौरव अभियान को लेकर भाजपा सभी जिलों में करेगी गोष्ठी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की ओर से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जिलों में गोष्ठियों का भी आयोजन किया जा रहा। 19 जनवरी से 24 जनवरी तक विभिन्न जिलों में गोष्ठियां आयोजित हैं। इसमें बाबूलाल मरांडी, डॉ रविंद्र कुमार राय, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, कमलेश पासवान,एसपी बघेल, रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, गुरुप्रकाश पासवान आदि संबोधित करेंगे। सोमवार को दुमका में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, हजारीबाग में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, लातेहार में विधायक नवीन जायसवाल, रामगढ़ में पूर्व विधायक अनंत ओझा और जामताड़ा में पूर्व



विधायक नारायण दास ने गोष्ठी को संबोधित किया। 21 जनवरी को धनबाद ग्रामीण जिला के निरसा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और लोहरदगा में पूर्व विधायक किशुन दास और अमरदीप यादव संबोधित करेंगे। 22 जनवरी को रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी नामकुम में होगी। इसमे राकेश प्रसाद मुख्यवक्ता होंगे। गुमला जिला की गोष्ठी को डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सिमडेगा में नीलकंठ सिंह मुंडा, चतरा में डॉ नीरा यादव, पूर्वी सिंहभूम में शशांक राज मुख्यवक्ता होंगे। 23 जनवरी को देवघर जिला की गोष्ठी को बाबूलाल मरांडी संबोधित करेंगे। जबकि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान धनबाद महानगर जिला की गोष्ठी को झरिया में, पलामू में विधायक सीपी सिंह, सरायकेला खरसावां में मनोज कुमार सिंह संबोधित करेंगे। 24 जनवरी को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बोकारो में, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान रांची महानगर, रघुवर दास चाईबासा, खूंटी में समीर उरांव, डॉ रवींद्र राय जमशेदपुर, अभयकांत प्रसाद गोड्डा में, बिरची नारायण साहेबगंज में, विधायक राज सिन्हा पाकुड़ में, कोडरमा में विधायक डॉ मंजू कुमारी गोष्ठी को संबोधित करेंगे। यह जानकारी अभियान के सह संयोजक राकेश भास्कर ने दी।


### मंत्री ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ की मैराथन बैठक

# बांस उत्पाद से जुड़े लोगों के दिन सुधरेंगे बढ़ेगी आत्मनिर्भरता : शिल्पी नेहा तिर्की

- राज्य के लैंप-पैक्स में बहुत जल्द उपलब्ध होंगे कंप्यूटर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में बांस के उत्पाद से जुड़े लोगों के दिन बहुरेंगे। राज्य की सहकारिता विभाग बाजार में बांस उत्पाद की डिमांड का आकलन कर इसे प्रमोट करेगा। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने हेसाग के पशुपालन भवन में सहकारिता विभाग की बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिया है। सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान एपेक्स सोसाइटी पर चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को पहले चरण में



मार्च माह तक एक्शन मोड में काम करने को कहा है, जबकि अप्रैल से मिशन मोड में काम को अंजाम देने का प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हरि सब्जियों के लिए रिटेल आउट लेट जरूरी है। ऐसे आउट लेट किसानों की सब्जी के खपत और उचित मूल्य के लिए जरूरी है।

**10 आउट लेट के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी :** अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि राज्य में 10 आउट लेट के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। इसी तरह वन उपज का बेहतर दाम और बाजार पर फोकस करने को कहा है। वहीं लाह के क्रय-विक्रय के लिए बेहतर प्लान बनाने का निर्देश मंत्री ने दिया है। उन्होंने कहा है कि वन डिस्ट्रिक-वन प्रोग्राम का चयन कर इसको बढ़ावा दिया जाये। इसके लिए अधिकारी जिला में सर्वे कर इसका चयन करें।

**गिरिडीह और सिमडेगा में राइस मिल बनाने की योजना :** धान अधिप्राप्ति के लिए गिरिडीह और सिमडेगा में राइस मिल बनाने की योजना है। गिरिडीह में इसको लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। राइस मिल की क्षमता 4 टन प्रति घंटे होगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य के लैंप पैक्स को कंप्यूटराइजेशन करने का लक्ष्य दिया है। इसके लिए 3 से 4 लैंप पैक्स को मिलकर नोडल के रूप में विकसित करने को कहा है, ताकि समय के अनुसार लैंप पैक्स भी अपडेट हो सके। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने खाली पड़े पद को भरने के लिए प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया है ताकि काम प्रभावित न हो।

## समिति ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को सौंपी मधुबन घटना की रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धनबाद के मधुबन में वर्चस्व को लेकर हुई फायरिंग और आगजनी की घटना के संबंध में आजसू की छह सदस्यीय समिति ने जांच रिर्पोट पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो को सौंप दी है। समिति के सदस्यों ने प्रभावित परिवारों से 15 जनवरी को मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली थी। समिति में मांडू विधायक निर्मल महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो, पूर्व न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव, पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद, पार्टी के प्रधान सचिव राजेंद्र मेहता व राधेश्याम गोस्वामी शामिल थे।

**यह है जांच रिर्पोट में**

- बीसीसीएल ने आउटसोर्सिंग कंपनी हिलटॉप को सीमांकन व चहारदीवारी निर्माण के लिए एजेंसी नियुक्त किया है।
- स्थानीय लोगों की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा व नियुक्ति से संबंधित मामलों का निराकरण लंबित है।
- भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है।
- सांसद का नाम गलत मंशा से एफआइआर में अंकित कर मुद्दे को भटकाने का प्रयास हो रहा है।
- हिलटॉप कंपनी ग्रामीणों व स्थानीय रैयतों की आवाज दबाने के लिए आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का सहारा ले रही है।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सीएम से मिले

**रांची।** सीएम हेमन्त सोरेन से सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एडीजी बिहार एवं झारखंड एनसीसी निदेशालय मेजर जनरल एएस बजाज एवं ब्रिगेडियर आरके सिंह ने मुलाकात की।



### 50 लाख नए सदस्य जोड़ेगा झामुमो

**रांची।** झामुमो ने महाधिवेशन से पहले 50 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत पूरे राज्य में तेजी से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य झामुमो की सदस्यता को बढ़ावा देना और पार्टी की स्थिति को मजबूत करना है। रांची जिले में 5 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिला संयोजक मुश्ताक आलम ने बताया कि पूरे राज्य में यह लक्ष्य 50 लाख का है।

### बैठक में गौशालाओं को अनुदान के साथ साथ आत्मनिर्भर बनाने पर भी चर्चा

# गो सेवा आयोग ने झारखंड की पांच गोशालाओं के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड गो सेवा आयोग ने गौशालाओं को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए है। आयोग ने राज्य की पांच गौशालाओं के लिए एक करोड़ 25 लाख 75 हजार रुपये की राशि जारी की है। इसके अलावा, आयोग गौशाला संचालकों से सुझाव भी ले रहा है ताकि गौशालाओं को और बेहतर बनाया जा सके। सोमवार को आयोग के हेसाग, रांची सभागार में हुई बैठक के बाद आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया को जानकारी दी कि बैठक में गो सेवा और गौशालाओं को सशक्त बनाने के पहलुओं पर भी चर्चा हुई। अभी राज्य की पांच गौ शालाओं के लिए कुल एक करोड़ 25 लाख 75 हजार रुपए रिलीज किये गये। दिसंबर 2023 से अबतक करीब 23 गोशालाओं के लिए 3 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अलग अलग मद में जारी की जा चुकी है। वर्तमान सरकार गोशालाओं के सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील है। आयोग की तैयारी अनुदान देने के साथ साथ गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी है। मौके पर आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, रजिस्ट्रार डॉ मुकेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।



**हाई मास्ट लाइट लगाने में भी मदद करेगी आयोग : राजू गिरी**

आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी ने बताया कि गोशालाओं को हाई मास्ट लाइट के लिए भी मदद दी जा सकती है। वे आवेदन करें तो पांच लाख रुपए तक की मदद मिलेगी। इससे अधिक के लिए सरकार से आग्रह होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने झारखण्ड की गौशालाओं की जो अनदेखी की है उसे वर्तमान की सरकार पूरा कर रही है, जिसका परिणाम है कि विगत एक वर्ष में तीन करोड़ से भी अधिक की मदद गौशालाओं को दी गयी है।

### गोशालाओं से लिये जायेंगे सुझाव

आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि आयोग गोशाला संचालकों से आयोग को और बेहतर करने के लिए सुझाव भी ले रहा है। आने वाले दिनों में आयोग की टीम सभी जिलों में जायेगी। स्थानीय प्रशासन और गोशाला संचालकों से महत्वपूर्ण विषयों जमीन, अनुदान भुगतान में विलंब सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा करेगी। उपयोगी सुझाव भी लिये जाएंगे। पलामू में पिछले दिनों गौमुख धाम की स्थापना हुई है। इसके अनुभव अच्छे रहे तो सभी प्रमंडलों में भी इसे शुरू किया जायेगा। राजीव रंजन ने बताया कि अगले महीने बजट सत्र से पहले आयोग रांची में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजित करने के प्रयास में है। इसमें देशभर के 400 प्रतिनिधि शामिल होंगे। पारिस्थितिकी संतुलन : गो सेवा के अवसर और चुनौतियों पर प्रख्यात विद्वान अपने अनुभव शेयर करेंगे। झारखंड में गो सेवा को लेकर किये जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा होगी। इसमें सीएम हेमंत सोरेन के हाथों उद्घाटन कराये जाने का प्रयास है। राजीव रंजन ने बताया कि इसी प्रकार देशी गो पशुओं की तस्करी के क्रम में प्रशासन द्वारा जब्त गोमाताओं के भरण-पोषण हेतु प्रावधानित राशि के अन्तर्गत कुल चार गोशालाओं को कुल रूपए 82,35,500/- (पारंपरिक गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र, पलामू को 5,84,000 रूपए, बैद्यनाथ धाम गौशाला, देवघर को 16,97,250 रूपए, कोडरमा गौशाला को 24,27,250 रूपए तथा कलकता पिंजरापोल हजारीबाग को 35,27,000 रूपए का चेक) राशि का वितरण चेक के माध्यम से किया गया।

# झारखंड पुलिस का जन शिकायत समाधान कल, 24 आइपीएस अफसर करेंगे निगरानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में 22 जनवरी को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर आम जनता की समस्या सुनी जायेगी और उनकी मदद की जायेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 24 जिलों में 24 आईजी, डीआईजी रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्त किया है।

**अधिकारी कार्यक्रम के अनुपालन पर रखेंगे नजर :** प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, आम जनता से मिली शिकायत का सही तरीके से निवारण किया जा रहा है या नहीं, पुलिस पदाधिकारी व कर्मी के खिलाफ दुर्व्यवहार से संबंधित प्राप्त शिकायत को लेकर नियमानुसार कार्रवाई हो रही है या नहीं, आम जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार सम्मानजनक है या नहीं और जिले के एसपी द्वारा प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सही ढंग से किया जा रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

### किन जिलों में कौन आइपीएस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की करेंगे मॉनिटरिंग



रांची : आईजी मनोज कौशिक, जमशेदपुर : आईजी अखिलेश झा, रामगढ़ : आईजी प्रभात कुमार, खूंटी : डीआईजी चंदन झा, लोहरदगा : आईजी असीम विक्रांत मिंज, सिमडेगा : आईजी अनूप बिरथरे, बोकारो : आईजी एस माइकल राज, लातेहार : आईजी नरेंद्र सिंह, पलामू : आईजी सुनील भास्कर, हजारीबाग : आईजी ए विजयलक्ष्मी, जामताड़ा : डीआईजी शैलेन्द्र सिन्हा, देवघर : आईजी क्रांति गड़ेदेशी, गिरिडीह : डीआईजी संजीव कुमार, कोडरमा : डीआईजी अश्विनी सिन्हा, चतरा : डीआईजी इंद्रजीत महथा, धनबाद : डीआईजी सुरेंद्र झा, गढ़वा : डीआईजी वाई एस रमेश, पाकुड़ : डीआईजी अम्बर लकड़ा , गोड्डा : डीआईजी शैलेन्द्र वर्णवाल , सरायकेला : डीआईजी कार्तिक एस , गुमला : आईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, चाईबासा : डीआईजी मनोज रतन चौथे, दुमका : डीआईजी आलोक प्रियदर्शी, साहेबगंज : डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा शामिल है।

## नये एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन शीघ्र शुरू करायें

# रोजगार सृजन योजना के प्रचार-प्रसार से स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा : मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत झारखंड राज्य के सभी जिलों में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाये। इसके लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये। वह सोमवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय तथा पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय समेत सारे आवासीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाये। वहीं नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन यथाशीघ्र प्रारंभ कराया जाये। उन्होंने कहा कि सफल लाभुकों से प्रेरणा लेकर अन्य जरूरतमंदों को भी इस योजना से जोड़ें।

**ससमय ऋण दे रहे हैं या नहीं, सौंपे रिपोर्ट :** बैठक में चमरा लिंडा ने विगत वर्षों में वितरित किए गए स्वरोजगार ऋण से संबंधित कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में इसमें तेज गति से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने योजना से लाभान्वित लाभुकों की सफलता की कहानी से प्रेरणा लेते हुए अन्य जरूरतमंदों को भी इस योजना से जोड़ने का निदेश दिया साथ ही जिला द्वारा वितरित ऋण के विरुद्ध ससमय ऋण का वितरण किया जा रहा है या नहीं, इससे संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया। कल्याण मंत्री ने सभी जिला कल्याण पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत ऋण वितरण एवं ऋण वसूली से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।

**उन्हें ही वाहन ऋण दें, जो व्यवसाय करे :** श्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लाभुक व्यवसाय करने के लिए बड़े वाहन ले रहे हों उन्हें ही वाहन ऋण उपलब्ध कराया जाये। क्योंकि अक्सर ऐसा देखा जा रहा है बड़ी संख्या में वाहन ऋण योजना के लाभुक बड़े वाहन ले रहे हैं, जो व्यवसाय से संबंधित नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति पर रोक लगाते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि जो वाहन व्यवसाय से संबंधित हो, वही वाहन उपलब्ध कराया जाये। अगर इससे संबंधित संकल्प में संशोधन की आवश्यकता हो तो यथाशीघ्र संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण करें।

# एप से होगी राज्य के शहरी विकास कार्यों की निगरानी

## नगर विकास विभाग और नगर निगम मिलकर बनायेंगे एप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में चल रहे शहरी विकास कार्यों की निगरानी अब एप के जरिये होगी। राज्य सरकार ने नगर विकास विभाग के अपर सचिव और रांची नगर निगम प्रशासक को निर्देश दिया है कि निगम क्षेत्र में लगायी गयी स्ट्रीट लाइटों सहित निगम द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले अन्य नागरिक सुविधाओं की निगरानी एवं समस्त शिकायत निवारण के लिए आइटी डिपार्टमेंट या अन्य उपयुक्त एजेंसी के साथ समन्वय कर एक उपयोगी मोबाइल एप विकसित करें। इससे सरकार की ओर से उपलब्ध कराने वाले सभी नागरिक सेवाओं की सत्तत निगरानी किया जा सकेगी। प्राप्त शिकायतों का समय पर त्वरित निराकरण भी किया जायेगा। नगर विकास विभाग ने स्पष्ट कहा है की त्वरित रूप से इस पर पहल की जाये, ताकि नागरिक से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया जा सके।

# गणतंत्र दिवस परेड : पूर्वाभ्यास शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी तेज हो गई है। मोरहाबादी मैदान में परेड का पूर्वाभ्यास शुरू कर दिया गया है। सेना, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की ओर से परेड किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की 15 प्लाटून होगी। सरकार के विभिन्न विभागों और योजनाओं से संबंधित झांकियां निकलेंगी।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री तैयारियों की समीक्षा भी कर रहे हैं। उन्होंने मुख्य मंच की दोनों तरफ वाटरप्रूफ पंडाल, मंच पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, परेड में शामिल कैडेटों के लिए अल्पाहार एवं पुष्प सज्जा की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पेयजल आपूर्ति विभाग को वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था, परेड पूर्वाभ्यास में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए मोरहाबादी मैदान में अस्थायी शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य आकर्षण झांकियां रहेंगी।

झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों पर आधारित तथा कला, संस्कृति, परंपरा एवं धरोहर से जुड़ी झांकिया निकाली जाएंगी।

## खबर एक नजर में

### अफीम तस्कर को नहीं मिली जमानत

**रांची।** एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने अफीम तस्करी के आरोप में जेल में बंद आरोपी सिंटू कुमार को जमानत देने से इनकार किया है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई प›ात दूसरी बार खारिज कर दी है। उक्त आरोप में वह बीते 27 मई से जेल में बंद है। बुंडू पुलिस ने उसे 3 .650 किलोग्राम अफीम के साथ 27 मई को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने निचली अदालत में जमानत की गुहार लगाई थी। खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। तीसरी बार उसकी जमानत याचिका खारिज की गई है।

### पत्नी की हत्या का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त पवन कुमार की अदालत ने सोमवार को पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद सदानंद मुंडा उर्फ सदानंद पाहन को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। उस पर पत्नी की हत्या कर उसकी लाश कुआं में फेंक देने का आरोप था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता पीयूष मिश्रा ने बताया कि सदानंद मुंडा घटना के बाद से ही जेल में बंद है। घटना को लेकर मृतका के पिता पवन सिंह मुंडा ने 10 अक्तूबर 2022 को सोनाहातू थाना में सदानंद और उसकी मां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच अधिकारी ने सिर्फ सदानंद मुंडा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। आरोप था कि शादी के 12 साल बाद भी बाल-बच्चा नहीं होने के कारण मृतका को प्रताड़ित किया जाता था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 5 गवाहों को प्रस्तुत किया गया, लेकिन उस पर लगे आरोप साबित नहीं हो सका।

### रेमडेसिविर मामले में सुनवाई 11 फरवरी को

**रांची।** रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी मामले में मुख्य आरोपी राजीव कुमार सिंह एवं मनीष कुमार सिन्हा के खिलाफ आरोप गठन पर सुनवाई अब 11 फरवरी को होगी। सोमवार को मामले में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, कोर्ट नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गई। दोनों पर डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आरोप तय नहीं किया जा सका है। अदालत ने दोनों की डिस्चार्ज याचिका बीते 6 अप्रैल को खारिज कर चुकी है। अदालत ने आरोप गठन को लेकर 30 से अधिक तारीखें बैठा चुकी है। मामले की अगली सुनवाई की तारीख 11 फरवरी निर्धारित की गई है। मामले की सुनवाई साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्मेटिक मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत मे हो रही है। कालाबाजारी को लेकर कोतवाली थाना में कांड संख्या 107/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कोतवाली पुलिस ने राजीव सिंह को कोरोना वायरस की दवा रेमडेसिविर की रांची में कालाबाजारी के आरोप में एक मई 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जहां करीब छह महीने जेल काटने के बाद हाईकोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की है।

### निलंबित सीओ की जमानत पर सुनवाई 30 को

**रांची।** रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद निलंबित सीओ मुंशी राम की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर अब 30 जनवरी को सुनवाई होगी। एसीबी की विशेष अदालत में सोमवार को मामले की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन केस डायरी नहीं जमा करने के कारण सुनवाई टल गई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह महाराणा ने बताया कि अदालत ने पिछली सुनवाई में मामले के जांच अधिकारी से केस डायरी की मांग की थी। जो नहीं पहुंचा है। विस्तृत सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। मुंशी राम की ओर से सात जनवरी को याचिका दाखिल कर जमानत की गुहार लगाई गई है। एसीबी ने दो जनवरी को मुंशी राम को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद एसीबी ने उनके आवास की तलाशी ली थी। जहां से नकद बरामद हुआ था। एसीबी की टीम ने कचहरी स्थित कार्यालय में 37 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

# आइएएस राजीव रंजन के बेटे का एक रिकॉर्ड में ही जन्म प्रमाण पत्र

## सर्टिफिकेट इश्यू करने में आ रही मामूली अड़चन : सांख्यिकी निदेशालय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखंड (योजना एवं विकास विभाग) ने प्रेस बयान जारी कर बताया है कि आइएएस राजीव रंजन के बेटे का जन्म संबंधी एक ही प्रमाण पत्र वैध है। जन्म मृत्यु निबंधन के आधिकारिक वेबसाइट पोर्टल पर उनके पुत्र का एक ही वैध जन्म प्रमाण पत्र अंकित है। अन्य को निरस्त किया जा चुका है। निदेशालय के सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी (जीवनांक) ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी बताया है कि राज्य में जन्म मृत्यु संबंधी निबंधन भारत सरकार के आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन किया जाता है। रांची नगर निगम में वर्ष 2023 में जन्म निबंधन की कुल संख्या 22885, 2024 में 25845 रही। 2023 में मृत्यु निबंधन 6504, जबकि 2024 में 6451 रही। निदेशालय के मुताबिक आर सीआरसी पोर्टल को 1 जुलाई 2024 से झारखंड में लागू किया गया है। इस पोर्टल पर जन्म-मृत्यु निबंधन में आधार को एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के तौर पर सम्मिलित किया गया है। रांची नगर निगम भी निबंधन के लिए महत्वपूर्ण इकाई है। मोबाइल एप्प के माध्यम से भी पोर्टल पर ऑनलाइन निबंधन के लिए आवेदन देने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। नये पोर्टल के अपेक्षाकृत धीमा रहने के कारण निबंधन के क्रियान्वयन की गति अपेक्षाकृत धीमी है। सर्टिफिकेट इश्यू करने के बाद सर्टिफिकेट में कहीं कहीं सेम लाइन रिपीट हो रहा है। कुछ और चैलेंज आ रहा है जिसके लिए भारत सरकार से पत्राचार भी किया गया है।

# सिक्किम टीम का तीसरे दिन विधानसभा और पतरातू दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मेरा युवा भारत, नेहरू युवा केंद्र रांची द्वारा आयोजित अंतर राज्य युवा आदान प्रदान कार्यक्रम अंतर्गत सिक्किम से आये 27 सदस्यीय युवाओं की टीम को तीसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर विधानसभा एवं जगन्नाथ मंदिर का भ्रमण कराया गया। सिक्किम की टीम ने जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार की अगुवाई में सचिव से सौजन्य मुलाकात किया। तत्प›ात युवाओं को पतरातू डैम एवं अन्य दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। साथ ही उन्हें झारखंड के बारे जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, लेखापाल चार्ल्स बोदरा, टीम लीडर प्रज्ञान, नीलम एवं अन्य युवा शामिल थे।

# टाटा मुंबई मैराथन : आइपीएस आलोक प्रियदर्शी 5.24 घंटे में 42 किमी दौड़े

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कैडर के आईपीएस और वर्तमान में रेल डीआईजी के पद पर पदस्थापित आलोक प्रियदर्शी ने टाटा मुंबई मैराथन में फूल मैराथन में भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। उन्होंने 5.24 घंटे में 42.195 किलोमीटर दौड़ लगाई। मालूम हो कि वर्ष 2004 से निरंतर टाटा मुंबई मैराथन का आयोजन महाराष्ट्र में होता आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश विदेश के अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलेटिक्स प्लेयर्स भी भाग लेते हैं। इस वर्ष आयोजित इस प्रतियोगिता में शौकिया वर्ग में पूर्ण मैराथन के लिए 12,000 से अधिक धावकों ने नामांकन कराया, जबकि अर्ध-मैराथन में लगभग 15,000 धावकों ने भाग लिया। ओपन 10 हजार में लगभग 8,500 धावक, ड्रीम रन में 25,000 से कुछ अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। सीनियर सिटीजन रन में 1,894 धावक, जबकि दिव्यांग चैम्पियन (किसी साथी के साथ) में लगभग 1,100 धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

# झामुमो ने सदस्यता अभियान की शुरूआत की संगठन से जन-जन को जोड़ने का रखा लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झामुमो ने सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक से सदस्यता अभियान की शुरूआत कर नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ा। सदस्यता अभियान कार्यक्रम झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम जी के नेतृत्व में चलाया गया। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस प्रकार झारखंड के लोगों के आकांक्षाओं और आवश्यकताओं के साथ हमे ये प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ है, जिसे और भी व्यापक स्वरूप देने के लिए हमलोग प्रतिबद्ध हैं। झामुमो रांची जिला के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और काफी संख्या मे लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसके बाद वार्ड और प्रखंड व पंचायतों मे सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रांची जिला अपने 5 लाख नए सदस्य का लक्ष्य और पूरे राज्य में 50 लाख से भी ज्यादा नए सदस्य बनाने के लक्ष्य को हम जरूर पूरा करेंगे। झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि सदस्यता अभियान मे यहां अल्बर्ट एक्का चौक रांची मे अबतक 1200 सौ नए सदस्य बन चुके हैं, जो कि हमारे रांची जिला के लिए उपलब्धि

# बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार : राफिया



**रांची।** झारखंड में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर भाजपा प्रवक्ता राफिया नाज ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास महिला सुरक्षा को लेकर कोई ठोस नीति नहीं है। उन्होंने रिम्स परिसर में एक युवती के साथ दुष्कर्म की घटना कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने राज्य सरकार से बेटियों के सुरक्षा संबंधी त्वरित और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की चुप्पी बेटियों की सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार की उदासीनता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि रिम्स परिसर में युवतियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

# एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए त्रिकणीय मुकाबला के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव की सरगर्मी तेज है। चुनाव प्रचार चरम पर है। अधिवक्ता सोशल मीडिया से लेकर निजी तौर पर वकीलों से मुलाकात कर वोट मांग रहे हैं। अवकाश के दिन कई उम्मीदवार वरीय और नए वकीलों के घर तक जाकर वोट देने की अपील कर रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होता दिख रहा है। मतदान 23 जनवरी को होगा। मतगणना कब होगी, यह चुनाव अधिकारी तय करेंगे। हर दो साल में एसोसिएशन का चुनाव होता है। करीब 3000 मतदाता वोट डालेंगे। एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव पुस्तकालय, संयुक्त सचिव प्रशासन के एक-एक पद के लिए चुनाव होगा। नौ कायार्कारिणी सदस्य चुने जाएंगे। चुनाव का मुख्य मुद्दा नये वकीलों के लिए प्रोत्साहित करने और बेंच-बार के बीच समन्वय स्थापित करना है। इन दोनों मुद्दों को लेकर उम्मीदवार मतदाताओं से हर दिन संपर्क कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के लिए नियम भी बनाए गए हैं। वोट मांगने के लिए उम्मीदवार विजिटिंग कार्ड और चार गुणा चार तक के पर्चे का इस्तेमाल ही कर सकते हैं। पोस्टर, बैनर का इस्तेमाल चुनाव में नहीं किया जा रहा है।

हाईकोर्ट में 25 वर्ष नियमित प्रैक्टिस वाले अधिवक्ता ही अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए 15 वर्ष का नियमित प्रैक्टिस, महासचिव पद के लिए 10 वर्ष, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी, संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए पांच-पांच वर्ष तथा कार्यकारिणी के लिए कम से कम दो साल का नियमित प्रैक्टिस निर्धारित किया गया है।

### किस पद के लिए कौन-कौन हैं उम्मीदवार

अध्यक्ष: अभय कुमार चतुर्वेदी, अंजनी कुमार वर्मा, जय प्रकाश झा, महेश कुमार सिन्हा, महेश तिवारी, ऋतु कुमार

उपाध्यक्ष- अमरेश कुमार, अवनिश रंजन मिश्रा, धीरज कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, संजीव ठाकुर, उमेश कुमार चौबे

महासचिव- अमित सिन्हा, बिनोद सिंह, नवीन कुमार, रबींद्रनाथ, राकेश कुमार

संयुक्त सचिव (प्रशासन)- आशीष वर्मा, धर्मेंद्र कुमार मलतियार, मोहन कुमार दुबे, विकास कुमार, विनय कुमार तिवारी,

संयुक्त सचिव (पुस्तकालय)- अशोक कुमार, भोलानाथ ओझा और ओमप्रकाश प्रसाद

कोषाध्यक्ष- आभास कुमार पांडेय, निवेदिता कुंडू, प्राण प्रणय, प्रेम पुजारी राय और राकेश कुमार सिन्हा

सह कोषाध्यक्ष- कुशल किशोर मिश्रा, मनोज कुमार भगत, मनोज कुमार झा, नलिनी झा, सुभाशीष रसिक सोरेन और वीर विजय प्रधान

कार्यकारिणी सदस्य- अभिषेक कुमार, आदित्य रमण, अफाक रसीदी, अहिल्या महतो, एश्वर्या श्री, अजय कुमार झा, आकाशदीप, आनंद प्रकाश, अंजनी सहाय, अनूप कुमार अग्रवाल, अर्चना कुमारी सिंह, अपर्णा दुबे, अरुण कुमार दुबे, अरुण कुमार गुप्ता, आशुतोष रंजन कुमार, अविलाश कुमार, गंगा कुमारी कच्छप, गौरव प्रियदर्शी, जगत कुमार सोनी, जगदीश, जीतेंद्र शर्मा, करमदेव, कुमार पवन, कुमार उदयन, कुणाल चंद्र सुमन, मनीष कुमार, मनोज कुमार मिश्रा, मनोरंजय शाहदेव, मोती गोप, नुपूर सिंह, प्रेम मार्डी, सचिन कुमार, संजय कुमार चतुर्वेदी, शबाना परवीन, शशिकांत मिश्रा, शिल्पी, शिव प्रसाद, श्री प्रकाश झा, श्याम सुंदर प्रसाद कुशवाहा, सुधाकर पांडेय और वेंकटेश्वर गोपाल बालाजी।

# आइसा चलायेगा सदस्यता अभियान छात्रों के हित में आवाज करेगा बुलंद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीपीआई माले की स्टूडेंट्स इकाई 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (आइसा) की राज्य परिषद की बैठक हुई। बैठक में राज्यभर से आए प्रतिनिधियों ने राजनीतिक और विश्वविद्यालय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही छात्र-नौजवानों के मुद्दों को लेकर राज्य में आंदोलन तेज करने और संगठन के विस्तार को केंद्र में रखकर रणनीतियां बनाई गयी।

केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड नेहा, नवनिर्वाचित राज्य अध्यक्ष कामरेड विभा और राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने बताया कि बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि जनवरी से मार्च तक आइसा का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही राज्यभर के विश्वविद्यालयों में लंबित छात्र संघ चुनावों और छात्रों से फीस वसूली के खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा।



**शिक्षा-रोजगार सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक : कामरेड नेहा**

आइसा की केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड नेहा ने देशभर में फंड कटौती, शिक्षा नीति और बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्यों में छात्र-नौजवानों के लिए बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करना आवश्यक है। नवनिर्वाचित राज्य अध्यक्ष कामरेड विभा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे निष्ठा से निभाएंगी। छात्र-नौजवानों के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। वहीं, आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि राज्य के छात्र- छात्राओं के वेलफेयर की मांग को लेकर आइसा अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। आइसा ने इस दिशा में सघन सदस्यता अभियान और विभिन्न सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है।

**राजभवन का घेराव करेगी आइसा :** 30 जनवरी को राज्यभर में सभी जिला कल्याण पदाधिकारी और डीसी ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया जायेगा, ताकि छात्रवृत्तियों का भुगतान जल्द से जल्द हो सके। छह मार्च 2025 को राजभवन के समक्ष छात्राओं पर बढ़ते हमले, स्थानीय नीति और खतियान आधारित स्थानीय नीति की मांग, विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

## हिंडालको ने सिल्ली प्रखंड में सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट का किया शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** हिंडालको ने सिल्ली प्रखंड के बांसारुली पंचायत स्थित मोदिडिह गाँव में लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस परियोजना का उद्घाटन हिंडालको प्लांट के हेड संदीप पाटिल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना से सैकड़ों किसानों के खेतों में सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसान समुदाय को लाभ मिलेगा।

संदीप पाटिल ने अपने संबोधन में कहा, हमारी कंपनी सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए हमेशा तत्पर रहती है। यह परियोजना गांव के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

इस अवसर पर हिंडालको के एचआर हेड अरुण राय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सिल्ली प्रखंड के कृषि पदाधिकारी ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा, हिंडालको के सीएसआर के तहत जो सिंचाई परियोजना लगाई जा रही है, वह कृषि क्षेत्र में इस गांव के लिए वरदान साबित होगी। इससे किसानों को बहुत लाभ होगा।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के मुखिया लालू राम ने हिंडालको का आभार व्यक्त करते हुए कहा, इस परियोजना से सैकड़ों एकड़ जमीन की सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। हम हिंडालको के इस पहल के लिए आभारी हैं। मौके पर हिंडालको के सीएसआर हेड अनिल सिंह, प्रोजेक्ट हेड अंजनी कुमार, आईटी हेड अतुल कुमार, आईआर हेड कुमार अविषेक, अनुराग वर्मा, उपेन्द्र महतो, प्रभात, सौमेंदु, भारत सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### माले का प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन में मनोज भक्त ने कहा

# मोदी सरकार देश में आरएसएस का हिडेन एजेंडा थोपना चाहती है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जोहार झारखंड संकल्प अभियान के तत्वावधान में भाकपा माले का दक्षिण छोटानागपुर-कोल्हान प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन महेन्द्र सिंह भवन में सोमवार को संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि देश संविधान अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, पर कॉरपोरेट-फासीवादी मोदी सरकार देश में आरएसएस के हिडेन एजेंडा संविधान बदल कर मनुस्मृति को थोपना चाहती है।

उन्होंने कहा कि हाल में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन को भारत की सच्ची आजादी बताकर मोहन भागवत ने भारत के स्वतंत्रता



आंदोलन और भारत के संविधान को खारिज करने वाली आरएसएस की परंपरागत लाइन को दोहराया है। साथ ही देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते कुर्बान हो गए शहीदों का अपमान भी है।

उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक विभाजनकारियों शक्तियों को झारखंड की सत्ता से बाहर रखने के लिए भाकपा माले जनता का आभार प्रकट करते हुए जोहार झारखंड संकल्प यात्रा कर रही है। आभार व्यक्त करने के साथ पेसा कानून 1996 को अक्षरशः लागू करने, खातियान आधारित स्थानीय-नियोजन नीति बनाने, रोजगार के सवाल पर यात्रा का पहला चरण महेन्द्र सिंह शहादत दिवस को समाप्त हुई। दूसरे चरण की यात्रा गणतंत्र दिवस पर संविधान बचाओ मार्च के साथ गांव-गांव यात्रा करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करते हुए और विभिन्न ढांचों के निर्माण के साथ राज्य सम्मेलन 22-24 अप्रैल 2025 तक संचालित की जायेगी।

कन्वेशन में सात सदस्यीय अध्यक्ष मंडल में सुशीला तिग्गा, जगमोहन महतो, महेश कुमार सिंह, गजेन्द्र सिंह, रामपलक चौधरी, सुशान्तो मुखर्जी, मेवा लकड़ा को रखा गया है। कन्वेशन को केन्द्रीय कमेटी सदस्य सुभेन्दु सेन, द छोटानागपुर प्रभारी मोहन दत्ता, सामाजिक कार्यकर्ता कुमार बरूण, सुशान्तो मुखर्जी, जगरनाथ उरांव, सुखदेव मुण्डा, किशोर खंडित, एसके राय, गौतम मुंडा, संतोष मुंडा, नंदिता भट्टाचार्य, अलमा खलखो, महेन्द्र जैक्सन, संजना मेहता, गोपालशरण सिंह, भीम साव, सुदामा खलखो, रमेश रवि, अब्दुल रज्जाक, समर सिन्हा, सोहेल अंसारी, ऐति तिर्की, शांति सेन, लखिमनी मुंडा, सिमैला मुंडा, दिलीप मांझी, रामेश्वर मुंडा ने भी संबोधित किया। संचालन जिला सचिव जगमोहन महतो ने किया।

## दिल्ली में जुटेंगे 10 लाख आदिवासी, करेंगे डिलिस्टिंग की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में डिलिस्टिंग को लेकर आदिवासी समाज सजग हो गया है। यह बात सोमवार को जनजाति सुरक्षा मंच के मुखिया संघ अध्यक्ष सोमा उरांव ने मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच इसको लेकर मार्च के पहले सप्ताह में मोरहाबादी मैदान में रैली करेगा। अप्रैल में दिल्ली में दस लाख आदिवासी जुटेंगे। सभी एकसाथ मिलकर डिलिस्टिंग की मांग करेंगे। आदिवासी समाज का उत्थान नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। इनका आरक्षण धर्मांतरित लोग उठा रहे हैं। आदिवासियों की पहचान खतरे में है। रूढ़िवादी प्रथा खत्म हो रही है। इनका अपना मूल पहचान, सरना, पारंपरिक वाद्ययंत्र, लोकगीत व पूजा पाठ सब कुछ बदल रहा है।

**आदिवासियों का आरक्षण धर्मांतरित लोग उठा रहे हैं :** उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज संकट के दौर से गुजर रहा है। इनकी वास्तविक पहचान खेती बारी से शुरू होती है। क्योंकि खेती बारी करने से पहले अपने खेतों में पूजा करते हैं। इसके बाद खेती में फसल उगाते हैं। लेकिन लोभ लालच में फंसकर आदिवासी ईसाई व मुस्लिम बन रहे हैं। आदिवासियों के उत्थान के लिए आरक्षण दिया गया है। लेकिन इनका लाभ अल्पसंख्यक उठा रहे हैं। आदिवासी लड़की से विवाह कर आरक्षित कोटा से चुनाव लड़वाया जा रहा है।

### खबर एक नजर में

#### वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच झारखंड इकाई की गोष्ठी संपन्न



**रांची।** वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच झारखंड इकाई की जनवरी माह की गोष्ठी सोमवार को संपन्न हुई। गोष्ठी का आयोजन नीलांबर पीताम्बर पार्क में किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता संगीता सहाय ने किया। 14 रचनाकारों ने इस गोष्ठी में भाग लिया। गोष्ठी की शुरूआत संगीता सहाय ने की। इस मौके पर बंदना राय (रिटायर्ड विभागाध्यक्ष) सुनीता श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, बंदना राय, बिंदु प्रसाद, भावना अम्बष्ठा, मंजुला सिन्हा, सुमिता सिन्हा, सुरिंदर कौर नीलम, राकेश रमन, मोनिका प्रसाद, अनुपमश्री, कल्याणी झा, सीमा सिन्हा संगीता सहाय ने काव्य पाठ किया।

#### अपना वादा पूरा करे सरकार : नायक



**रांची।** झारखण्ड के विकास कार्यो में राज्य के आदिवासी मूलवासी युवाओं को टेंडरों में प्राथमिकता देने की तीन वर्ष पूर्व की घोषणा को अब पूरा करे हेमंत सरकार को करना चाहिये। ये बातें सोमवार को प्रेस बयान जारी कर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने कहा कि टेंडरों में एसटी-एससी व ओबीसी को प्राथमिकता देने के संबंध मे खुद राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तीन वर्ष पूर्व घोषणा की थी। ढाई करोड़ तक के प्रोजेक्ट पर इसे लागू करने की मंशा का ऐलान किया गया था। यह प्रस्ताव ओडिशा की तर्ज पर झारखंड में लागू करने की घोषणा थी। अब समय आ गया है कि सरकार अपना वादा पूरा करे।

#### ठोस साक्ष्य के अभाव में दो आरोपी बरी

**रांची।** झारखंड एटीएस ने दो आरोपियों पर नक्सलियों को हथियार की आपूर्ति करने का लगे आरोप को अदालत में साबित करने में विफल रहा है। सोमवार को एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी रोहतास निवासी मंगल गोस्वामी और फजल आलम को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ 7 फरवरी 2022 को एटीएस के सब इंस्पेक्टर लव कुमार सिंह ने मामला दर्ज किया था। दर्ज प्राथमिक के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर खादगढ़ा बस स्टैंड में 7 फरवरी 2022 की सुबह एक लाख की राशि के साथ दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। दोनों पर यह भी आरोप था कि नक्सलियों को हथियार की आपूर्ति करने के एवज में उक्त राशि प्राप्त किया था। मामले की सुनवाई कोर्ट में लगातार 2 साल चली। इस दौरान एटीएस की ओर से सात गवाहों का बयान दर्ज कराया गया। लेकिन दोनों आरोपियों के खिलाफ लगे आरोप को साबित नहीं किया जा सका। इसका लाभ आरोपी को मिला। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को मामले में निर्दोष पाकर रिहा कर दिया है।

#### मारूति नीलकंठ शक्ति मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**रांची।** मारूति नीलकंठ शक्ति मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा मंदिर परिसर इरगू टोली से निकल कर कैलाश मंदिर, कुम्हार रोली, पहाड़ी सतीमंदिर, हरमू रोड, किशोरगंज रोड होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। इस मौके पर मुख्य यजमान धकज सिंह थे। कलश यात्रा में बौद्धनाथ मुण्डा, ओमप्रकाश, शिवकुमार, सुनिल चौरसिया, संदीप हेमरोम, अरुण सिंह, रमेश मिस्त्री, अनिल कुशा, मुकेश वर्मा, अमित सिन्हा, सागर हेमरोम, राजू उरांव, पिंकू शमी, यशवंत शामिल हुए।

## पुस्तक मेला में बाल साहित्य एवं क्रांतिकारी पुस्तकें पहली पसंद

- **पुस्तक लोकार्पण व बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता आज**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्थानीय जिला स्कूल मैदान में समय इंडिया नई दिल्ली एवं बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में जारी 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला के चौथे दिन सोमवार को मेला परिसर में पुस्तक प्रेमियों की भीड़ उमड़ी। मेले में स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति दिखने लगी है। बच्चे किताबों के करीब आ रहे हैं और अपनी पसन्द की पुस्तकें खरीद रहे हैं। बच्चों पर केन्द्रित कार्यक्रम उन्हें जहाँ अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं उनके बहाने परिवार के सदस्य भी किताबें चुन रहे हैं। पुस्तकों पर केन्द्रित यह मेला 26 जनवरी तक चलेगी। मेले में पुस्तक प्रेमियों के लिए प्रवेश की समयावधि प्रातः 11:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक की है। बाल साहित्य एवं क्रांतिकारी पुस्तकें पहली पसन्द : पुस्तक मेला में आने वाले पुस्तक प्रेमियों के लिए 80 से अधिक स्टॉल्स पर बच्चों की किताबों का अनोखा संसार उपलब्ध है। इसमें हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू एवं क्षेत्रीय भाषा की बाल पुस्तकें बच्चों को लुभा रही हैं और इनकी खूब बिक्री भी हो रही है।

**राष्ट्रीय पुस्तक मेला में आज :** पुस्तक लोकार्पण सह कृति चर्चा सायं 4:30 बजे से, बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता अपराह्न 3:30 बजे से।

## एचडीएफसी बैंक झारखंड जोन ने राइडर्स म्यूजिक फेस्टिवल का किया आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एचडीएफसी बैंक झारखंड जोन ने रेड एफएम 93.5 एफएम के सहयोग से एक दिवसीय राइडर्स संगीत समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान झारखंड के बाइकर समुदाय को गंतव्य बिंदु पर नाश्ते के साथ सवारी के लिए आमंत्रित किया गया था। जोनल हेड-झारखंड जोन कुमार अभिषेक ने कहा कि हमें इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सर्दी के मौसम में बाइक चलाने वालों की संख्या काफी आश्चर्यजनक है।

## मक्का मदीना की जियारत अल्लाह की खुशनुदी : सैयद निहाल अहमद




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हरम की जियारत हर मुसलमान की दिली ख्वाहिश होती है। हर मोमिन की इच्छा होती है कि उनके जीवन में हरमैन की तीर्थयात्रा का सौभाग्य प्राप्त हो। ये बातें अल इलहान टूर एंड ट्रैवल्स के निदेशक सैयद निहाल अहमद ने कहीं। वे आज स्काईनेट टूर एंड ट्रैवेल्स और अल इलहान टूर एंड ट्रैवेल्स द्वारा उमरा पर 48 जायरीन को रवाना करने के बाद अंजुमन प्लाजा मेन रोड रांची स्थित अल इलहान टूर एंड ट्रैवल्स के कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुरान व हदीस की तालीम के अनुसार एक उमरा के बाद दूसरा उमरा बीच के गुनाहों का प्रायश्चित है। इसी तरह हज करने के बाद इंसान ऐसे लौटता है जैसे मां की कोख से पैदा हुआ हो। अर्थात उसका गुनाह मिट जाता है।

सैयद निहाल अहमद ने कहा कि अगला जत्था 10 फरवरी को जाएगा। जिसमें 75 जायरीन रांची एयरपोर्ट से रवाना होंगे। वहीं नैयर इकबाल सिद्दीकी ने कहा कि हज इस्लाम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का जन्म उत्सव मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का 137वां जन्म उत्सव सोमवार को हरमू मैदान में मनाया गया। उत्सव का आरंभ वेद मांगलिक के साथ सुबह 4:30 बजे प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर शोभा यात्रा भी निकाली गई। 11:30 बजे से धर्म सभा का आयोजन हुआ। धर्म सभा का संचालन सत्संगी डॉक्टर जयदेव पति ने किया। मौके पर डॉक्टर आरके चौधरी ने जीवन में सद्गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि सद्गुरु हमारे जीवन के उत्सव



के मूल होते हैं। हृदय चिकित्सा डॉक्टर हेमंत नायक ने कहा कि शाकाहारी जीवन मनुष्य की प्राकृतिक भोजन है परमदयाल कहते हैं। डॉ संविता ने कहा कि सद्गुरु ग्रहण करने के पश्चात उनके प्रति अनुरक्ति और भक्ति से हमारा विश्वास गहरा होता है और विश्वास गहरा होने से गुरु के प्रति प्रेम जागृत होता है और प्रेम और विश्वास ही हमें जीवन की हर समस्या का निदान दिलाता है। जन्मोत्सव का समापन संध्या प्रार्थना के साथ हुआ।

## कोचिंग सेंटरों के लिए विशेष कानून बनाया जाए : अजय राय



**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य सरकार से मांग की है कि कोचिंग सेंटरों के लिए एक विशेष कानून बनाया जाए। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने के लिए कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं हैं, जिससे छात्रों के हितों की रक्षा करना मुश्किल हो रहा है और उसका नाजायज फायदा कोचिंग संस्थान उठा रहे हैं। इन संस्थानों में फीस नियंत्रण के लिए कोई कानून नहीं है, जिसका नाजायज फायदा कोचिंग संस्थान उठा रहे हैं। कोचिंग संस्थानों के अंदर कितने क्वालिटी टीचर हैं यह अपने आप में सवाल है? जिसके आधार पर बड़े-बड़े कोचिंग संस्थान लाखों लाख रुपए फीस की वसूली कर रहे हैं। कोचिंग संस्थानों द्वारा लाखों रुपये की भारी भरकम रकम वसूली की जा रही है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से कोई दिशा-निर्देश नहीं हैं जिनके आधार पर इन पर नियंत्रण रखा जा सके। साथ ही यह भी कहा कि कई बड़े कोचिंग संस्थान होडिंग और बोर्डिंग के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे हैं, जिसकी जांच होनी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने यह भी मांग की है कि कोचिंग संस्थानों को यह गारंटी देनी चाहिए कि उनके संस्थान से कितने प्रतिशत छात्र पास होते हैं। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि कोचिंग संस्थानों के लिए एक विशेष कानून बनाए, जिसमें इन संस्थानों को विनियमित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने किया मचान मिथिला पंचांग का लोकार्पण

- **संस्था के अध्यक्ष ने दिशोम गुरु का किया मिथिला के पारंपरिक पाग एवं दोपटा से अभिनंदन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मिथिलांचल वासियों की समाजिक-सांस्कृतिक संस्था 'मचान उत्कर्ष फाउंडेशन' द्वारा प्रकाशित मिथिला पंचांग 2025 का लोकार्पण राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन द्वारा उनके आवास पर किया गया। उन्होंने राज्य में प्रवास कर रहे मिथिलांचल वासियों को नये वर्ष की शुभकामनाएं संप्रेषित की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष भारतेन्दु झा ने दिशोम गुरु का अभिनंदन मिथिला के



पारम्परिक पाग एवं दोपटा से किया। साथ ही उन्हें मिथिला पेंटिंग भी प्रदान की। इस अवसर पर ब्रजकुमार झा एवं नर्मदेश्वर झा भी उपस्थित थे। भारतेंदु झा ने उन्हें बताया कि मचान 'सर्वभाषा उन्नयन' की भावना से कार्य करने वाली संस्था है, जो भाषाओं के संवर्धन एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है। साथ ही उनके स्वस्थ एवं दीर्घ आयु की मंगलकामना करती है।

श्रद्धासुमन अर्पित : इस वर्ष पंचाग में जिन मिथिला विभूतियों के छाया चित्र प्रकाशित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए हैं, उनके नाम हैं - मैथिली कवि विद्यापति, मिथिला स्वर कोकिला पद्मभूषण सम्मानित स्व. शारदा सिन्हा, जगत जननी मां जानकी के प्राकट्य स्थल पूनौरा धाम के विकास हेतु आजीवन सक्रिय पूर्व सांसद स्व. प्रभात झा, ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद, देवघर बाबा धाम के पूर्व ट्रस्टी एवं राजनीतिज्ञ स्व. कृष्णानन्द झा, कुशल शिक्षा प्रशाशक स्व. पशुपति झा एवं समाजसेवी स्व. तारकान्त ठाकुर।

पंचांग में विशेष वर्ष भर के व्रत, त्योहार एवं महापुरुषों की जयंती की जानकारी दी गयी है। मिथिलांचलवासी इस पंचाग से विवाह, द्विरागमन, मुण्डन, उपनयन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, एकादशी व्रतोद्यापन, भदवा (पंचक) इत्यादि की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। पंचांग की निःशुल्क प्राप्ति हेतु मोबाइल नंबर 8873002101, 9334706120 पर अनुरोध किया जा सकता है। उक्त जानकारी अध्यक्ष भारतेन्दु झा ने दी है।

# 'ठुकरा के मेरा प्यार' बनी डिज्नी हॉट स्टार पर सबसे ज्यादा सब्सक्राइब किए जाने वाली सफल सीरीज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डिज्नी हॉटस्टार पर 'ठुकरा के मेरा प्यार' अब तक की सबसे ज्यादा सब्सक्राइब की जाने वाली विशेष सीरीज बन गई है। हॉटस्टार की यह सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' दर्शकों का दिल जीतने में लगातार सफल हो रही है। सीरीज की दिलचस्प कहानी और दर्शकों को जोड़ने वाले कैरेक्टर्स में अभिनेत्री संचिता बाशु को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है, जो सीरीज में प्रिय शान्विका का किरदार निभा रही हैं।




सीरीज की सफलता का जश्न मनाने के लिए निमार्ता तथा क्रिएटर सचिन पांडे रांची पहुंचे, और दर्शकों को शो से जुड़ने और पसंद करने के लिए धन्यवाद दिया। सीरीज को सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जानी की बात भी कही। अपने दौरे के दौरान सभी ने शो के प्रशंसकों से बातचीत की, सीरीज और इसकी यात्रा के बारे में शो से जुड़े किस्से और इनसाइड कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि यह शो कैसे एक सांस्कृतिक घटना बन गया। इस दौरान दोनों ने शो को मिले अपार प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया सदस्यों से चर्चा करते हुए शो की सफलता से मिली खुशी साझा की। शो से जुड़े अनुभव शेयर करते हुए संचिता बाशु ने कहा कि रांची में रहना एक यादगार अनुभव रहा है। यहां जो प्यार और उत्साह मिला है, वह हमेशा मुझे याद रहेगा है। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के ट्रेलर के माध्यम से दर्शकों को उसकी भावनात्मक ऊंचाइयों को फिर से जीते हुए देखना बहुत खास था। शान्विका की यात्रा मेरे दिल के बहुत करीब है। अब दर्शकों के साथ किरदार का जुड़ना बहुत ही संतुष्टि देने वाला है।

निर्माता और क्रिएटर सचिन पांडे ने कहा कि ठुकरा के मेरा प्यार की सफलता इस बात को साफ दिखा रही है, कि शो जीवंत या कहे लाइव कहानी ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है। ये एक ऐसी कहानी है, जो भारतीयों के दिलों से निकली और दुनियाभर की ऑडियंस के दिलों तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि रांची ने दिल खोलकर हमारा स्वागत किया है। यहां के प्रशंसकों और मीडिया से मिलने का अनुभव संतुष्टि देने वाला रहा। इस शहर से मिला प्यार हमें और बेहतर करने के लिए प्रेरित कर रहा है। मैं दर्शकों को बताना चाहता हूं, 'ठुकरा के मेरा प्यार' केवल डिस्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

## यूनियन क्लब में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की साढ़े आठ फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सुभाष चंद्र बोस का 128वां जन्मदिवस 23 जनवरी को मनाया जाएगा और इस अवसर पर द यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सोमवार को बंगाली समुदाय के लोगों ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान सचिव सिद्धांत सेन, राम प्रसाद चटर्जी, राजेश, कार्यकारी अध्यक्ष अमित घोष, सचिव भास्कर गुप्ता, सपन चक्रवर्ती और शनि चटर्जी ने बताया कि 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसमें रांची के सांसद, विधायक और राज्यसभा



सदस्य शामिल होंगे।

**आठ लाख रुपये की लागत से हो रहा सौंदर्यीकरण :** परिसर में सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के लिए साढ़े तीन फीट ऊंचा चबूतरा तैयार किया गया है, साथ ही 30 फीट लंबा स्थान भी निर्धारित किया गया है। यहां एक भव्य फाउंटेन लाइट भी लगाई जाएगी। प्रतिमा को पॉलिफाइबर से बनाया गया है और इसकी ऊंचाई साढ़े आठ फीट होगी। इस प्रतिमा के निर्माण पर साढ़े तीन लाख रुपये खर्च किए गए हैं। कुल मिलाकर प्रतिमा की स्थापना और सौंदर्यीकरण में लगभग साढ़े आठ लाख रुपये का खर्चा आएगा। मूर्तिकार अमिताभ मुखर्जी ने बताया कि रामगढ़ अधिवेशन में सुभाष चंद्र बोस पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए थे उसी तस्वीर को आधार बनाकर यह प्रतिमा बनाई गई है। प्रतिमा को बनाने में तीन महीने का समय लगा है।

## एक नजर में

### सड़क दुर्घटना मे एक युवक घायल

मांडर। एन-एच 39 मुख्य पथ पर स्तिथ मुड़मा चौक के निकट सोमवार दोपहर दो बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चान्हो थाना क्षेत्र के लेपसर निवासी पचीस वर्षीय अनु महतो अपने बाइक से कहीं काम पर गए थे और वह वापस मांडर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट असंतुलित होकर सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने उसे रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स भेज दिया गया।

### नरकोपी में सड़क हादसा में चार घायल

बेड़ो। नरकोपी थाना क्षेत्र के मसियातु नरकोपी पथ पर मसियातु जंगल के पिंडारकोना के समीप सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से चार लोग घायल हो गए। वहीं घायलों में मसियातु नरकोपी निवासी दो भाई 16 वर्षीय तौसिम अंसारी व 7 वर्षीय अबू तल्हा तथा गोके नरकोपी निवासी दंपति 32 वर्षीय भारर्तिक सिंह व 30 वषीर्या महिला बबली सिंह का नाम शामिल हैं। इधर घायल तौसिम अंसारी ने बताया कि ग्रामीणों ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ कुसुमलता ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। साथ ही गंभीर रूप से घायल दंपति को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### आज से अनगड़ा के सिरका में तीन दिवसीय संगीत नृत्य कार्यशाला का आयोजन

अनगड़ा। अनगड़ा प्रखंड के सिरका पंचायत अन्तर्गत सिरका ग्राम में मंगलवार 21 जनवरी से 23 जनवरी तक कुंजवन छोटानागपुरी लोक कला एवं नृत्य प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में तीन दिवसीय झारखंड जन जातिय एवं क्षेत्रीय संगीत एवं नृत्य कार्यशाला सह प्रदर्शशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला के माध्यम से छोटानागपूर की कला और संस्कृति की विरासत को कैसे संजों कर रखा जाय इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा और प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यशाला मे मुख्य संयोजक पद्मम श्री मुकुन्द नायक संयोजक किशोर नायक और महानंद नायक सहित प्रशिक्षक कलाकार उपस्थित रहेंगें।

### बेड़ो में सड़क हादसा में तीन युवक घायल

बेड़ो। रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया गांव के समीप असंतुलित होकर गिरने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घटना सोमवार की शाम करीब साढ़े छह बजे हुई। घायलों में टेंगरिया गांव निवासी 17 वर्षीय सितम्बर उरांव,हुलसी गांव निवासी 18 वर्षीय सुमन कुजूर व 14 वर्षीय राजू उरांव का नाम शामिल है। स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ सनल सोनू बरवार ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। साथ ही गंभीर रूप से घायल युवक सितंबर उरांव व सुमन कुजूर को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### टुसू पर्व की संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत



सोनाहातू। टुसू पर्व की संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है तथा टुसू मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है।उक्त बातें सोमवार को सोनाहातू के दानाडीह क्रिकेट मैदान में आयोजित झारखंड टुसू सांस्कृतिक महोत्सव में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा मुंडा ने कही।इन्होंने कहा कि अपने सांस्कृति को विकसित करने का माध्यम है टुसू महोत्सव। टुसू से बिछड़े लोगों को हम जोड़ने का प्रयास कर रहे है। पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो ने कहा कि टुसू मेला को हमारी शान है इससे बढ़-चढ़ कर हमलोगों को विकसित करने की जरूरत है। मेले के माध्यम से ही आपसी प्रेम एवं भाईचारे को बढ़ावा1 मिलता है। इस दौरान दर्जनों चौड़ल दल महोत्सव में अपने कला का प्रदर्शन किये। मेला कमिटी के द्वारा सभी उत्कृष्ट चौड़ल दल को नगद राशि देकर सम्मानित किया। मेले में सभी चौड़ल दलों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया सविता देवी, पंचायत समिति सदस्य रायमनी देवी, श्याम कुमार महतो, सुषेण प्रमाणिक, खेत्रमोहन सिंह मुंडा, बीणापानी देवी, जीवाधन सिंह मुंडा, भुनेश्वर महतो, विपिन महतो, विशेश्वर नायक, आदि मौजूद थे। मेले में संचालन विपिन पाल ने किया।

### चान्हो मे अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक

चान्हो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चान्हो में सोमवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अगुवाई बीडीओ वरुण कुमार ने की। बैठक के दौरान मसमानो रोड से अस्पताल तक पहुंच पथ के निर्माण को लेकर आवश्यक कारवाई करने, अस्पताल में डीप बोरिंग कर पेयजल की व्यवस्था करने और रंग रोगन करने सहित कुल 14 प्रस्तावों को पारित किया गया। बैठक के दौरान बीडीओ वरुण कुमार ने आगामी 24 जनवरी को आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला के आयोजन की तैयारी को लेकर जरूरी निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा प्रभारी सरिता कच्छप, बीपीएम श्यामेंद्र कुमार अभिषेक, इरशाद खान, मो इस्तियाक, शिव उरांव, भोला साहु सहित अन्य मौजूद थे।

### रांची जिला में एक रजिस्ट्रेशन नंबर के कई वाहन मालिक परेशान

ओरमांझी। रांची जिला में एक रजिस्ट्रेशन नंबर होने से वास्तविक वाहन मालिक काफी परेशानी बढ़ गई है। दूसरे वाहन सड़क नियम को तोड़ रहे हैं और वास्तविक मालिक के पास ईचालान नोटिस पहुंच रहा है। इस बात का खुलासा तक हुआ जब मेसरा थाना क्षेत्र निवासी भरत खड़गा के पास ईचालन नोटिस पहुंची। उसने बताया साथ वह पंखुड़ी केयर सेंटर मेसरा का कर्मी है और उसके पास नीला पिला रंग का हीरो कंपनी का एक बाइक है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच01डीवाई-7823 है। उसी नंबर की एक लाल रंग की बजाज अपाची बाइक रांची में भी है। इसकी जानकरी उसे तब हुई जब रतन पीपी चैक अंजुमन प्लाजा लेन रांची के पास का ईचलान का नोटिस उसके पास पहुंची। उसने बताया जिस दिन व समय का उसका चालान कटा है, उस दिन उसकी बाइक पंखुड़ी केयर सेंटर के पास ही खड़ी थी। उसने इस संबंध में डीटीओ से शिकायत करते हुए चालान निरस्त करने की माग की है।

### डिप्लोमा अभियंता संघ झारखंड की नयी कार्यकारिणी गठित



नामकुम। डिप्लोमा अभियंता संघ झारखंड की केन्द्रीय समिति का चुनाव सोमवार को समपन्न हो गया। नामकुम के अंबेडकर नगर स्थित केन्द्रीय कार्यालय में निर्वाचन पदाधिकारी ई प्रमोद कुमार की देखरेख में चुनाव कार्य कराया गया। सोमवार को नव चयनित कमेटी का शपथ ग्रहण पूर्व अध्यक्ष ई गुप्तेश्वर राम, ई योगेन्द्र प्रसाद के द्वारा कराया गया। जिसमें अध्यक्ष दिलीप कुमार मराण्डी, उपाध्यक्ष रामलखन सिंह, महामंत्री सुभास कुमार, उपमहामंत्री अनिमेस अंशु, वित सचिव राजेस भगत, अतिरिक्त वित सचिव राकेस मल्होत्रा, वरीय सचिव ज्ञानदेव महतो सहित 18 केन्द्रीय पदाधिकारियों एंव 18 कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रभु शंकर राम, विजय कुमार शर्मा सहित राज्य भर के सैकडों अभियंतागण मौजूद थे।

### संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में मना विदाई समारोह



मांडर। संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर मे सोमवार को धूम-धाम से विदाई समारोह मनाया गया। नम आँखों से बारहवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कॉलेज की प्रचार्या सिस्टर मेरी बागे ने विदाई सन्देश देते हूए कहा की दो वर्षो तक हमारे शिक्षक आप सभी को तरास कर हीरे की तरह चमकाने के लिए प्रयासरत रहे हमारी शुभकामनाऐं है की अपनी मेहनत और लगन से अपने आप की साबित कर समाज में तारों की तरह चमकते रहें। इस समा रोह फलक अरमान को कॉलेज ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो, वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर, विजय किसपोट्टा, उमेश प्रशाद,मिस रौशनी, सुमन कुजूर, शुशांत चक्रवर्ती, राजेंद्र इंदवार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### महादानी मंदिर में साप्ताहिक मंगलवारी हनुमान चालीसा पाठ का 7वां वर्षगांठ आज

बेड़ो। बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर स्थित हनुमान मंदिर में साप्ताहिक मंगलवारी हनुमान चालीसा पाठ का 7वां वर्षगांठ 21 जनवरी को मनाया जाएगा। इस दौरान मंगलवार की दोपहर 2 बजे से पूरे विधि विधान और मंत्र आचार्य के बीच विशेष पूजा अर्चना शुरू की जाएगी। इसके बाद संध्या 4 बजे से वृंदावन से आए हुए कीर्तन मंडली द्वारा संगीत मय सुन्दर काण्ड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। वही संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्रद्धालुओं के बीच में भंडारा का आयोजित किया गया है।

# खलारी में कांग्रेस विधायक की गुप्त बैठक में पत्रकार और आम नागरिकों पर रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

खलारी। कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार बैठा ने खलारी प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड, अंचल व पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक गुप्त बैठक किया गया। बैठक के लिए कांग्रेस के कांके विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी के कांग्रेस लेटर पैड में कहा गया कि विधायक के निदेर्शानुसार आपको सूचित कर रहा हूँ कि 20 जनवरी दिन खलारी प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में एक महत्त्वपूर्ण बैठक होगा। जिसमें खलारी प्रखण्ड के सभी विभाग के पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के कर्मचारी एवं प्रखण्ड के सभी जन प्रतिनिधि उपस्थित रहें। और प्रखण्ड स्तरीय चल रहे विकास योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा होगा। इस बैठक में साफ तौर पर किसी भी बाहरी व्यक्ति, मीडियाकर्मी का प्रवेश निषेध बताया गया। जिसके बाद से कई ग्रामीणों व आमजनमानस में कई तरह के अटकलें लगाई जा रही थी।




#### जेएमएम नेताओ से कॉग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष ने अपशब्द भाषा का प्रयोग किया, नेता हुए नाराज

खलारी प्रखण्ड सभागार व विधायक के आगमन पर जेएमएम नेता भी प्रखण्ड पहुँचे। लेकिन बैठक व किसी प्रकार का कोई भी जानकारी खलारी कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने जेएमएम के नेताओं से साझा नही किये या नही करते है। जिसके बाद खलारी प्रखण्ड परिसर में जेएमएम नेताओ ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता से अपनी बात रखी। ततपश्चात वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने जेएमएम नेताओ की नाराजगी को लेकर विधायक से मुलाकात कराने पहुँचे। विधायक के सामने नाराजगी बातों को रखा गया। नाराजगी बातों को रखते हुए कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष ने विधायक के सामने अपशब्द भाषा का प्रयोग आपस में ही करने लगे। जिसके बाद जेएमएम नेताओं में और नाराजगी बढ़ गयी।

#### बैठक में क्या बात हुई किसी को खबर नहीं

कांके विधानसभा के विधायक सुरेश बैठा की बैठक अतिसंवेदनशील ही रहा। हां बैठक से निकलते ही कांग्रेस के नेता व विधायक बड़े ही तेवर में दिखे। विधायक के आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं का भीड़ रहा। लेकिन पदाधिकारियों का मुख से नाराजगी झलक रही थी। पदाधिकारियों से गुप्त बैठक की पूछताछ पर सभी टाल मटोल किये। वही अंदर की बैठक की बातों पर कई ग्रामीण व आमलोग का कहना है कि विधायक की बैठक में मीडिया को अंदर जाने में रोक लगाना, कोयलांचल में घोटाले का बड़ा सेटिंग का समझौता करना।

# डुप्लीकेट पार्ट्स बिक्री करने वाले दुकानों में छापेमारी संचालक फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

ओरमांझी। जिला के विभिन्न मोटर पार्ट्स की दुकान में अशोक लीलैंड कंपनी की डुप्लीकेट पार्ट्स बिक्री किया जा रहा है। अशोक लीलैंड कंपनी द्वारा इसकी शिकायत करने पर मेसरा थाना पुलिस द्वारा विकास गोलचक्कर रिंग रोड नेवरी स्थित तीन मोटर पार्ट्स की दुकानों में छापेमारी की गई है। रांची जिला के विभिन्न मोटर पार्ट की दुकान में डुप्लीकेट पार्ट बिक्री करने की जानाकरी मिलने पर कंपनी के मुख्य निरीक्षक दिलीप प्रसाद दिल्ली से रांची पहुंचे हैं। उनके द्वारा मेसरा टोओपी थाना में इसकी शिकायत की गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा एक टीम गठित कर अशोक लीलैंड के पादाधिकारियों के साथ विकास गोलचक्कर नेवरी रिंग रोड स्थित लक्की मोटर पार्ट्स, एटूजेड मोटर व झारखंड मोटर में छापेमारी की गई। वहीं तीनों दुकान संचालक मोहम्मद तारिक, आमीर अंसारी व बृजेश कुमार मौके से फरार हो गए। पुलिस द्वारा उन दुकानों से 19 प्रकार के डुप्लीकेट पार्ट्स भी जब्त किया गया है। इसकी जानाकरी देते हुए मेसरा थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया अशोक लीलैंड के प्रधान निरीक्षक दिलीप प्रसाद द्वारा डुप्लीकेट सामन बिक्री किए जाने की विस्तृत जानाकरी देने व शिकायत कर्ता के निशानदेही पर पुलिस द्वारा कार्रवायी की गई है। पुलिस की इस कार्रवायी से क्षेत्र के अन्य मोटर पार्ट्स दुकान संचालकों में हड़कपं मचा है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी संजीव कुमार, एएसआई अंजय कुमार, अशोक लीलैंड टीम के साथ पुलिस बल के जवान शामिल थें।

# बेड़ो में मजदूरों ने किया धरना-प्रदर्शन पीडीएस गोदाम से खाद्यान्न उठाव ठप

## मजदूरों का आरोप, न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जा रही

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धरना प्रदर्शन करते मजदूर।

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पीडीएस गोदाम के पल्लेदार मजदूरों ने अपनी न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर सोमवार को धरना देकर प्रदर्शन किया। इससे गोदाम से पीडीएस का खाद्यान्न उठाव ठप रहा। वहीं प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों को समय पर गेहूं-चावल आवंटन का काम बाधित हो गया है। गोदाम के मोटिया मजदूरों का कहना है कि झारखंड खाद्य निगम द्वारा मानक न्यूनतम 8.50 रुपये मजदूरी जिले के परिवहन ठेकेदार द्वारा देने में आनाकानी की जा रही है। मजदूरों ने कहा कि जबतक निगम द्वारा मानक मजदूरी तय नहीं की जाती और बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक ट्रकों से अनलोडिंग कार्य बंद रहेगा। आंदोलनरत मजदूरों ने बकाया मजदूरी और साढ़े आठ रुपये प्रति बोरा मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, डीसी, श्रम अधीक्षक और जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है। मजदूरों का कहना है कि उनकी मांग पूरी नहीं कि गई तो वे परिवहन अभिकर्ता द्वारा भेजे जानेवाले वाहन से खाद्यान्न की अनलोडिंग बंद कर देंगे।

### टेंपो के पलटने से बच्ची सहित चार घायल

इटकी। इटकी थाना अंतर्गत साहेब मोड़ के समीप अनियंत्रित टेंपो जेएच-01एपी-4795 के पलट जाने से एक बच्ची सहित चार महिलाएं घायल हो गई। सभी एक ही परिवार के सदस्य है। वे मांडर थाना क्षेत्र के लोयो गांव से शादी समारोह में जा रहे थे। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सलोनी (10वर्ष) को रिम्स रेफर किया गया है। घायलों में गर्भवती महिला रालो उरांव (35), सुमित्रा उरांव (45), सुनीता उरांव (40) रजनी मिंज (20) के नाम शामिल है। सभी घायलों को इटकी बाहरी तालाब स्थित मुस्कान सेवा निकेतन में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद टेंपो में सवार झुबली उराईन (65) का चार हजार रुपए से भरा पर्स किसी ने गटक लिया। घटना सोमवार शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है।

# बेलांगी में 23 को होगा मेगा फुटबॉल टूनार्मेंट का आगाज

- साढ़े दस बजे है उद्घाटन
- 28 जनवरी को फाइनल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रातू। आदिवासी युवा विकास क्लब, बेलांगी में पांच दिनी मेगा फुटबॉल टूनार्मेंट-2025 का आगाज 23 जनवरी से होगा। 10 :30 बजे अंश क्लब कांके व रनिया टाइगर के बीच उद्घाटन मैच खेला जायेगा। दूसरा मैच 1 बजे संत इग्नासुश गुमला व एचआर स्याल भुरकुंडा तथा तीसरा मैच दीपक ब्रदर्स व एकता क्लब भुरकुंडा के बीच होगा। प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग लेंगी। फाइनल 28 जनवरी को होगा। सभी मैच नवनिर्मित स्टेडियम में फीफा नियमों के मुताबिक खेले जायेंगे। यह जानकारी क्लब के निदेशक लाला कुजूर ने पत्रकारों को दी।

#### यह है घोषित पुरस्कार

कुजूर ने बताया कि विजेता को 3.51 और उप विजेता को 2.51 लाख मिलेगा। तृतीय और चतुर्थ स्थान आने वाली टीम को 51-51 हजार रुपये दिये जायेंगे। अन्य टीमों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमी और ग्रामीणों में विशेष उत्साह है। बालिकाएं भी बेहद उत्साहित हैं।

#### जानें नियम और शर्ते

1) खेल प्रत्येक दिन 11 बजे से होगा।
2) टीम में 11-11 खिलाड़ी भाग लेंगे।
3) प्रत्येक मैच 35-35 मिनट के होंगे।
4) 1 टीम में 3 से अधिक बाहरी खिलाड़ी वर्जित।
5) रेफरी और कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।
6) शुल्क के बाद ही मिलेगी खेल की अनुमति।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

70वीं औपबंधिक सूची जिला- रामगढ़ (पार्ट-2)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कण्डिका |
|---|---|---|
| विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दर्शन गंझू एवं ब्रजेश पाण्डेय द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 66. | 1. आवेदन क्र0-4070/24 2. आवेदक-चारो देवी, पति-आलोक नाग<br>3. ग्राम-गिद्दी ए, पोस्ट-गिद्दी ए, थाना-गिद्दी ए, प्रखण्ड-डाडी<br>4. लिंग-महिला, आयु-70 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0-3747/24 2. आवेदक-गिरधारी साव, पिता-जीतन साव<br>3. ग्राम-जयनगर, पोस्ट-जयनगर, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-92 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0-4245/24 2. आवेदक-बाबूलाल राम, पिता-जगदीश मिस्त्री<br>3. ग्राम-ओरिया, पोस्ट-ओरिया, थाना-हजारीबाग, प्रखण्ड-हजारीबाग<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-73 वर्ष, पहचान चिन्ह-गले में निकला हुआ टेंटी का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0-3748/24 2. आवेदक-मुस्ताक खान, पिता-सफी खान<br>3. ग्राम-जवाहरनगर, पोस्ट-भुरकुंडाबाजार, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ के अंगुठे में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0-3749/24 2. आवेदक-जयलाल सिंह, पिता-सुधु सिंह<br>3. ग्राम-कुरसे, पोस्ट-भुरकुंडाबाजार, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0-3750/24 2. आवेदक-धनेश्वर मुण्डा, पिता-रति मुण्डा<br>3. ग्राम-जराद, पोस्ट-बलकुदरा, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें नाक में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0-3751/24 2. आवेदक-कृष्णा उरॉव, पिता-भादो उरॉव<br>3. ग्राम-धाधरा, पोस्ट-बलकुदरा, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायाँ हाथ के कलाई में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0-3752/24 2. आवेदक-नागेश्वर मुण्डा, पिता-मेघु मुण्डा<br>3. ग्राम-देवरिया, पोस्ट-भुरकुंडाबाजार, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0-3753/24 2. आवेदक-राजदेव मुण्डा, पिता-जगरनाथ मुण्डा<br>3. ग्राम-देवरिया, पोस्ट-देवरिया बरवीघ, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें आँख के नीचे कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0-3754/24 2. आवेदक-राजदेव मुण्डा, पिता-बिरजू मुण्डा<br>3. ग्राम-मरकना, पोस्ट-देवरिया बरवीघ, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0-3755/24 2. आवेदक-बलेश्वर मुण्डा, पिता-नान्हू मुण्डा<br>3. ग्राम-जुमरा, पोस्ट-मदानीनगर, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0-3756/24 2. आवेदक-रामेश्वर तुरी, पिता-जगलाल तुरी<br>3. ग्राम-विकोर, पोस्ट-मदानीनगर, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0-3757/24 2. आवेदक-प्रेमचन्द मंझू, पिता-स्व0 विशुन मंझू<br>3. ग्राम-लादी, पोस्ट-भुरकुंडाबाजार, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-माथे पर घोटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0-3758/24 2. आवेदक-फुलवा देवी, पति-स्व0 फुलेश्वर मंझू<br>3. ग्राम-लादी, पोस्ट-मदानीनगर, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-महिला, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया हाथ में गोदना का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0-3759/24 2. आवेदक-छोटू मंझू, पिता-शीतल मंझू<br>3. ग्राम-लादी, पोस्ट-मदानीनगर, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0-3760/24 2. आवेदक-दिनेश राम, पिता-बुद्धो राम<br>3. ग्राम-लादी, पोस्ट-मदानीनगर, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0-4247/24 2. आवेदक-जुनको देवी, पति-स्व0 मानिक नाग<br>3. ग्राम-रेलीगढ़ा, पोस्ट-रेलीगढ़ा, थाना-गिद्दी, प्रखण्ड-डाडी<br>4. लिंग-महिला, आयु-85 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया गाल में काला का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0-783/24 2. आवेदक-केवल यादव, पिता-स्व0 दासई यादव<br>3. ग्राम-तोपाटांड, पोस्ट-इटखोरी, थाना-इटखोरी, प्रखण्ड-इटखोरी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0-3761/24 2. आवेदक-लक्ष्मण मंझू, पिता-दुखराज मंझू<br>3. ग्राम-ईचापीरी, पोस्ट-हफुआ, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें आँख के ओर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0-3762/24 2. आवेदक-नरेश मंझू, पिता-पुरन मंझू<br>3. ग्राम-ईचापीरी, पोस्ट-हफुआ, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0-3763/24 2. आवेदक-महेन्द्र मंझू, पिता-स्व0 बदन मंझू<br>3. ग्राम-ईचापीरी, पोस्ट-हफुआ, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0-3764/24 2. आवेदक-महादेव मांझी, पिता-महता मांझी<br>3. ग्राम-ईचापीरी, पोस्ट-हफुआ, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0-3765/24 2. आवेदक-राजेन्द्र मंझू, पिता-बहादुर मंझू<br>3. ग्राम-कुरबीज, पोस्ट-हफुआ, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0-3766/24 2. आवेदक-राजेश मुण्डा, पिता-ललका मुण्डा<br>3. ग्राम-मतकमा, पोस्ट-भुरकुण्डा, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-[illegible] | कंडिका-2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0-3767/24 2. आवेदक-मनु मुण्डा, पिता-स्व0 पोखराज मुण्डा<br>3. ग्राम-बरतुआ, पोस्ट-[illegible], थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0-2437/24 2. आवेदक-राधा देवी, पति-सुरेश उरॉव<br>3. ग्राम-कुम्हरिया, पोस्ट-कुम्हरिया, थाना-[illegible], प्रखण्ड-कांके<br>4. लिंग-महिला, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायाँ गाल में तिल का निशान। | कडिका-2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0-3768/24 2. आवेदक-संतोष कुमार, पिता-नान्हू गोप<br>3. ग्राम-मतकमा, पोस्ट-भुरकुण्डा बाजार, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कडिका-2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0-3769/24 2. आवेदक-राजीव रंजन, पिता-रामजीत महतो<br>3. ग्राम-हेसला, पोस्ट-पतरातु, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-माथा में कट का निशान। | कडिका-2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0-3770/24 2. आवेदक-सुरज प्रसाद जायसवाल, पिता-स्व0 शंकर प्रसाद जायसवाल<br>3. ग्राम-कांकेबार, पोस्ट-रामगढ़, थाना-रामगढ़, प्रखण्ड-रामगढ़<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0-3771/24 2. आवेदक-मो0 आरिफ, पिता-मो0 आबीद हुसैन<br>3. ग्राम-सौदागर, पोस्ट-रामगढ़, थाना-रामगढ़, प्रखण्ड-रामगढ़<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0-3772/24 2. आवेदक-सजहत हुसैन, पिता-हिदायत हुसैन<br>3. ग्राम-दुसाद टोला नेताजी, पोस्ट-रामगढ़, थाना-रामगढ़, प्रखण्ड-रामगढ़<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-आँख में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0-4247/24 2. आवेदक-छोटू प्रसाद मेहता, पिता-हालो मेहता<br>3. ग्राम-पोखरिया, पोस्ट-ईचाक, थाना-ईचाक, प्रखण्ड-ईचाक<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना माथा में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0-4248/24 2. आवेदक-मो0 असगर अंसारी, पिता-समसुद मियां<br>3. ग्राम-हुवाग, पोस्ट-बलसगर, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-डाडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0-/24 2. आवेदक-मो0 निजाम, पिता-सोकराती मियां<br>3. ग्राम-मेरू, पोस्ट-मेरू कैम्प, थाना-मुफस्सील, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0-/24 2. आवेदक-मो0 जैनुल अंसारी, पिता-नयामत मियां<br>3. ग्राम-होशीर, पोस्ट-कनकी डाडी, थाना-गिद्दी, प्रखण्ड-डाडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-पेट में मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0-/24 2. आवेदक-मो0 अमरूल हुसैन, पिता-अलीजान मियां<br>3. ग्राम-हुवाग, पोस्ट-बलसगरा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-डाडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0-/24 2. आवेदक-रफीक आलम, पिता-अलीम मियां<br>3. ग्राम-हुवाग, पोस्ट-बलसगरा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-डाडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अर्जुन राम एवं सुरेश महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 103. | 1. आवेदन क्र0-3691/24 2. आवेदक-देवलाल महतो, पिता-स्व0 कपिल महतो<br>3. ग्राम-कैधा, पोस्ट-कैधा, थाना-रामगढ़, प्रखण्ड-रामगढ़<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-नाक के बायें तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0-3692/24 2. आवेदक-केशु महतो, पिता-स्व0 धर्मनाथ महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें नाक के नीचे मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0-3693/24 2. आवेदक-प्रमेश्वर महतो, पिता-स्व0 खेंटा महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-72 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें नाक के नीचे मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0-3694/24 2. आवेदक-जयनाथ महतो, पिता-स्व0 लालधारी महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ के अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0-3695/24 2. आवेदक-फदु महतो, पिता-स्व0 घोखुल महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-71 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0-3696/24 2. आवेदक-दशरथ कुमार, पिता-नागेश्वर महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0-3697/24 2. आवेदक-रोहन महतो, पिता-स्व0 फागु महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0-3698/24 2. आवेदक-मो0 इम्तियाज, पिता-गुल मोहम्मद मियाँ<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें बांह में तिल। | कंडिका-2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0-3699/24 2. आवेदक-राजेन्द मॉझी, पिता-रामलाल मॉझी<br>3. ग्राम-आरा (डुमरबेड़ा), पोस्ट-सारूबेड़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें होंठ में मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0-3700/24 2. आवेदक-इमली देवी, पति-राजेन्द प्रसाद<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-महिला, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0-3701/24 2. आवेदक-परवा देवी, पति-टेकलाल महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-महिला, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन में सफेद दाग का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0-3702/24 2. आवेदक-सरिता देवी, पति-सुरेन्द महतो<br>3. ग्राम-पुण्डी, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-महिला, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0-3703/24 2. आवेदक-सुरेन्द महतो, पिता-स्व0 छेदी महतो<br>3. ग्राम-पुण्डी, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में जले का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0-3704/24 2. आवेदक-रमेन्द कुमार महतो, पिता-बासुदेव महतो<br>3. ग्राम-तोपरा, पोस्ट-तोपा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें कांधे में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0-3705/24 2. आवेदक-चन्द्रशेखर प्रसाद, पिता-स्व0 जयमंगल महतो<br>3. ग्राम-चैनगढ़ा, पोस्ट-चैनगढ़ा, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0-3706/24 2. आवेदक-लक्ष्मी महतो, पिता-प्रेमप्रकाश महतो<br>3. ग्राम-चैनगढ़ा, पोस्ट-चैनगढ़ा, थाना-पतरातु, प्रखण्ड-पतरातु<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने आंख के नीचे मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0-2717/24 2. आवेदक-पारसनाथ महतो, पिता-स्व0 देवलाल महतो<br>3. ग्राम-हुरदाग, पोस्ट-राहाबन, थाना-महुवाटांड, प्रखण्ड-गोमिया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पेट में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0-3707/24 2. आवेदक-राजलाल महतो, पिता-स्व0 बिरसाय महतो<br>3. ग्राम-बसंतपुर, पोस्ट-केदला, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने तरफ छाती में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0-3708/24 2. आवेदक-किसुन महतो, पिता-स्व0 बन्धु महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर अंगुठे में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0-3709/24 2. आवेदक-अल्कू महतो, पिता-स्व0 जुगल महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0-3710/24 2. आवेदक-किमो देवी, पति-सुमन महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढ़ा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-महिला, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-आंख में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |

नोट :-
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 344708 (Home)24-25*D

रांची. मंगलवार. 21 जनवरी 2025

# चीनी किसानों को लाभ

केंद्र सरकार ने सीमित मात्रा में चीनी निर्यात को मंजूरी दे दी है। जिससे घरेलू चीनी उद्योग को राहत मिली है। इसके साथ ही इस फैसले से चीनी की कीमतों में स्थिरता आएगी। सरकार के इस फैसले से किसानों को भी फायदा होगा क्योंकि उन्हें गन्ने का भुगतान मिल सकेगा। चालू चीनी सीजन में चीनी का उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। इससे भी सरकार को चीनी निर्यात को मंजूरी देने में मदद मिली है। पिछले सीजन में चीनी की घरेलू आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए इसके निर्यात पर रोक लगा दी गई थी। केंद्र सरकार ने चीनी निर्यात की अनुमति देने की घोषणा की है। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी के मुताबिक केंद्र सरकार ने 10 लाख टन चीनी निर्यात को मंजूरी दी है। इस चीनी का निर्यात चालू सीजन 2024-25 के दौरान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे चीनी के दाम में स्थिरता सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही देश के 5 करोड़ किसान परिवारों को लाभ होगा। सरकार के इस फैसले का 5 लाख श्रमिकों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही चीनी उद्योग भी मजबूत होगा। केंद्र सरकार ने चीनी सीजन 2023-24 में चीनी की घरेलू आपूर्ति संबंधी चिंताओं को देखते हुए इसके निर्यात पर पूर्ण पाबंदी लगा दी थी। इस साल देश में चीनी का उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। चालू चीनी सीजन (अक्टूबर से सितंबर) में भारत का चीनी उत्पादन 320 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है। पिछले सीजन में 300.77 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। जाहिर है चालू सीजन में चीनी का उत्पादन पिछले सीजन की तुलना में करीब 6 फीसदी से अधिक बढ़ने का अनुमान है। चालू सीजन में 320 लाख टन चीनी उत्पादन में 280 से 290 लाख टन घरेलू खपत के लिए है। बाकी चीनी का उपयोग एथनॉल उत्पादन के लिए होने की संभावना है। इससे किसानों को लाभ पहुंचेगा।

## कार्टून वर्ल्ड



# सत्ता की बैसाखी पर टिके होने से बदल जाते हैं नेताओं के सुर



**बिहार** लोक सेवा आयोग की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलित प्रदेश के युवाओं की मांग पर भारतीय जनता पार्टी की चुप्पी आश्चर्यजनक नहीं है। दरअसल भाजपा न सिर्फ बिहार नीतिश सरकार में शामिल है, बल्कि केंद्र में भी उसी की बैसाखियों पर टिकी है। ऐसे में मुद्दा जनहित का हो या न हो, इससे भाजपा को फर्क नहीं पड़ता। इससे पार्टी के उसूलों पर भी आंच नहीं आती। इसी भाजपा ने राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ पेपर लीक प्रकरणों में विरोध प्रदर्शनों में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। यह दोहरा चरित्र अकेले भाजपा का हो ऐसा नहीं है। जिस प्रदेश या केंद्र में जिस भी दल की सरकार होती है, वहां की सत्तारुढ़ पार्टी का रवैया ऐसा ही होता है। केंद्र में कांग्रेस शासन के दौरान सहयोगी दलों के घपले-घोटाले इसका प्रमाण रहे हैं। सत्ता के लिए गठबंधन की मजबूरी से ऐसा करना देश की राजनीति का चरित्र बन गया है। सत्ता में होने पर पार्टी को कुछ गलत नजर नहीं आता और विपक्ष में आते ही मुद्दे और तरीके बदल जाते हैं।

बिहार में 13 दिसंबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग की। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर पर छात्रों को पेपर देरी से मिला था और पेपर की सील पहले से खुली हुई थी। छात्र प्रदर्शनकारियों के पटना के गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करने पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल ने छात्रों और उनके संगठनों के आक्रोश को और बढ़ा दिया।

बिहार की तरह राजस्थान भी कांग्रेस शासन के दौरान पेपर लीक प्रकरणों के कारण सुर्खियों में रहा है। राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुई प्रतियोगिता परीक्षाओं में एक के बाद एक पेपर लीक के मामले सामने आए। सब इंस्पेक्टर भर्ती, सीएचओ भर्ती, लाइब्रेरियन भर्ती और वरिष्ठ अध्यापक भर्ती सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने के खुलासे हुए। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से व्याख्याता भर्ती 2022 की परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला सामने आया। पेपर लीक मामले में उलझी सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर प्रदेश के लाखों युवाओं में हर ताजा अपडेट का इंतजार है। पेपर लीक और डमी अभ्यर्थियों के जरिए



- योगेन्द्र योगी

> ऐसे हालात का विपक्षी दल फायदा उठाने से नहीं चूकते, जैसा कि बिहार के मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने किया। सांसद यादव को बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग से नाराज प्रदर्शनकारी युवाओं की सहानुभूति का फायदा मिल गया। ठीक यही स्थिति राजस्थान में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ है। यहां सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और काबीना मंत्री मीणा अपनी ही सरकार और पार्टी को आईना दिखाने में लगे हुए हैं।

सैंकड़ों युवाओं ने नौकरी हासिल कर ली थी। इस मामले की जांच करने वाली एसओजी ने भी व्यापक स्तर पर पेपर लीक होना माना और इस परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश पुलिस मुख्यालय को भेजी थी। पुलिस मुख्यालय और मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने भी परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की, लेकिन सरकार ने इस भर्ती परीक्षा को अभी तक रद्द नहीं किया।

राज्य सरकार ने एसआई भर्ती 2021 में चयनित सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों के आगामी प्रशिक्षण पर रोक लगा दी। सरकार ने यह निर्णय राजस्थान हाई कोर्ट के निर्देश के बाद लिया। एक साल की लंबी एक्सरसाइज में अभी तक 50 सब इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं। आरपीएससी के सदस्य पकड़े गए। आश्चर्य की बात यह है कि राजस्थान में भाजपा सरकार केही एक केबीनेट मंत्री अपनी ही सरकार के फैसलों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठा रहे हैं। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सत्तारुढ़ भाजपा अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं कर सकी। अनुशासित माने जानी वाली भाजपा की मजबूरी है कि मीणा के खिलाफ पार्टी और सरकार की लाइन से अलग हट कर चलने को लेकर कार्रवाई नहीं कर सकी। इसमें भाजपा को मीणा के साथ जुड़े मीणा वोट बैंक के खिसकने का डर है। सत्ता के लिए राजनीतिक दल किस हद तक उसूलों को ताक पर रख देते हैं, मीणा के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना इसका उदाहरण है। मीणा मंत्री पद से इस्तीफा तक दे चुकें हैं, हालांकि उन्होंने इस्तीफा लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन पर अपनी जिम्मेदारी मानते हुए दिया था। पार्टी ने अनुसूचित जाति में कोई गलत संदेश नहीं जाए, इसलिए मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। वोट बैंक के लिए समझौते की ऐसी अनोखी मिसाल देश में शायद ही कहीं देखने को मिले, जहां एक नेता के मंत्रीपद से इस्तीफे को स्वीकार नहीं किया गया, बल्कि उसकी पार्टी विरोधी कार्रवाई झेलने को भी पार्टी मजबूर है। दरअसल ऐसे सार्वजनिक विवादित मुद्दों पर किसी भी सरकार के लिए फैसला लेना आसान नहीं होता। सरकारें एक तरफ जहां रोजगार देने के लिए अपनी छवि सुधारने में लगी होती हैं, वहीं दूसरी तरफ फिर से परीक्षा करवाने की कवायद खचीर्ली और देरी करने वाली होती है। राज्यों में सत्तारुढ़ पार्टी के सामने समस्या यह भी होती है कि पेपर लीक होने से चुनिंदा लोगों को हुए फायदे के कारण परीक्षा रद्द करवाने से हजारों-लाखों अभ्यर्थियों के हितों का नुकसान नहीं किया जा सकता। ऐसे में सत्तारुढ़ दलों को दोनों तरफ से युवाओं की नाराजगी का खतरा होता है। यदि पेपर निरस्त करा दिया तो योग्यता सूची में आए अभ्यर्थियों की नाराजगी और नहीं कराया तो प्रदर्शनाकारियों की।

ऐसे हालात का विपक्षी दल फायदा उठाने से नहीं चूकते, जैसा कि बिहार के मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने किया। सांसद यादव को बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग से नाराज प्रदर्शनकारी युवाओं की सहानुभूति का फायदा मिल गया। ठीक यही स्थिति राजस्थान में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ है। यहां सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और काबीना मंत्री मीणा अपनी ही सरकार और पार्टी को आईना दिखाने में लगे हुए हैं। इसके पीछे भी वोट बैंक की राजनीति है। मीणा ने पेपर लीक मामलों में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की नाक में दम कर दिया था। कांग्रेस के राजस्थान से सत्ता गंवाने का एक बड़ा कारण पेपर लीक मामले भी रहे हैं।

यह निश्चित है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के राज्यों में होने वाले संचालन को सौ प्रतिशत चाक-चौबंद करना आसान नहीं है। कोई भी चूक और मिलीभगत पेपर लीक करवा सकती है। राजनीतिक दलों को रोटी सेकने के लिए ऐसे ही मौकों का इंतजार रहता है। यह सिलसिला तब तक चलता रहेगा, जब तक राजनीतिक दल मिल बैठकर किसी नीति पर कायम नहीं होते। तब तक न सिर्फ युवाओं के हितों पर कुठाराघात होता रहेगा, बल्कि सरकारी संसाधन और धन का भी नुकसान होता रहेगा।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**किसान** कल्याण की यात्रा भारत के विकास की गाथा बनी है। केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारतीय कृषि विकसित भारत के विराट संकल्पों को नई गति दे रही है।

**- शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार**

**राष्ट्र** कथा शिविर युवाओं को राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने, उनके व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र के पुनर्जागरण के लिए प्रेरित और संकल्पित करता है।

विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी देश के युवाओं को उठानी है। इसके लिए उनमें शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक दृढ़ता आवश्यक है।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# आज का राशिफल

**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

# क्या इरडा बीमा कंपनियों की नकेल कस सकेगा?

## वित्त वाणिज्य

अशोक मधुप

2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल 83 फीसदी दावों का निपटान किया और 11 फीसदी खारिज कर दिया। छह फीसदी दावे 31 मार्च, 2024 तक लंबित रहे। इस अवधि में सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य दावों का निपटान कर 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

बीमा कंपनियों के बारे में हाल ही में इरडा (भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण) ने एक रिपोर्ट जारी की है कि बीमा कंपनियां बीमा खरीदार द्वारा किए 100 रुपए के भुगतान पर 86 रुपए ही क्लेम देती हैं। इस रिपोर्ट में और भी बहुत कुछ है किंतु इरडा ने यह नहीं बताया कि कम भुगतान करने वाली कंपनियों पर इरडा क्या कार्रवाई कर रही है? कितने मामलों में उसने पूरा भुगतान कराया? इस व्यवस्था में सुधार के लिए उसके द्वारा किए गए निर्णय क्या हैं? बिल प्राप्त हो जाने के बाद बिलों भुगतान क्यों नहीं हो रहा? भुगतान में विंलब की अवधि का उपभोक्ता को सूद क्यों नहीं दिलाया जा रहा?

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में सामान्य बीमा कंपनियों ने पॉलिसीधारकों को दावे के एवज में 76,160 करोड़ रुपये का भुगतान किया। यह 2022-23 की तुलना में 18 फीसदी अधिक है।

2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल 83 फीसदी दावों का निपटान किया और 11 फीसदी खारिज कर दिया। छह फीसदी दावे 31 मार्च, 2024 तक लंबित रहे। इस अवधि में सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य दावों का निपटान कर 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया। प्रति क्लेम औसत रकम 31,086 रुपये रही। विश्लेषकों का कहना है कि प्रीमियम लेने और दावों के निपटान में क्रमशः 100 फीसदी और 80 फीसदी का औसत ठीक-ठाक है।

कुल दावों में से 72 फीसदी थर्ड पार्टी (टीपीए) ने निपटाए। बाकी 28 फीसदी दावों का निपटान कंपनियों ने अपने तरीके से किया। 66.16 फीसदी दावे कैशलेस तरीके से निपटाए गए, जबकि 39 फीसदी में रिइंबर्समेंट मिला।

सरकारी कंपनियों का क्लेम 100 रुपये के प्रीमियम के एवज में 90 रुपये से अधिक रहा है। नेशनल इंश्योरेंस ने 100 रुपये प्रीमियम लेकर 90.83 रुपये क्लेम दिया है। न्यू इंडिया ने 105.87 रुपये, ओरिएंटल ने 101.96 रुपये और यूनाइटेड इंडिया ने 109 रुपये क्लेम दिया है। सभी सरकारी बीमा कंपनियों का क्लेम औसत 103 रुपये रहा है।

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। ये इरडा की रिपोर्ट है, जबकि सच्चाई कुछ और है। आप क्लेम मांग कर देखिए, ये कंपनियां कितना परेशान करती हैं। उपभोक्ता के बिल में मनमर्जी की कटौती तो आम बात है। इरडा जो बीमा कंपनियों पर नियंत्रण करती है। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाती है। उसका कार्य है कि बीमा कंपनियों द्वारा अवैध रूप से रोके गए भुगतान दिलाए। उसके नियंत्रण के बावजूद क्यों नहीं बीमा कंपनियों पर सही से नियत्रंण नही हो रहा। इरडा ने कहा कि बीमा कंपनियां 100 रुपए के प्रीमियम पर 86 रूपया ही क्लेम दे रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि है। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं। इरडा ने ये रिपोर्ट तो जारी कर दी किंतु यह नहीं बताया कि प्रीमियम की एवज में कम भुगतान करने वाली बीमा कंपनियों के विरूद्ध वह क्या कार्रवाई कर रहा है? वह ऐसा कर कर रहा है कि बीमा कंपनियां पूरा भुगतान दें। उसे इस रिपोर्ट पर उठाए गए कदम और आदेश भी बताने चाहिए थे।

दरअसल बीमा कंपनियों की भुगतन में मनमर्जी चलती है। बीमा कराने वाले की कोई नहीं सुनता। मेरा ओरिंयटल इंशोरेंस कंपनी का दस लाख का मेडिक्लेम है। दस साल से पुरानी पोलिसी है। पहले यह बीमा पांच लाख रुपए का था। लगभग छह साल पहले मैंने इसे बढ़ाकर दस लाख का करा लिया। दस लाख में मैं और मेरी पत्नी दोनों कवर है। मैंने लगभग चार साल पहले अपनी पत्नी की आंख का मोतियाबिंद का आपरेशन देहरादून के अमृतसर आई क्लीनिक में कराया।

# क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ में ?


**आर.के. सिन्हा**

क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं।

कुंभ मेले की शुरूआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है।

अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही ह्यतीर्थराजह्न के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। ह्यपद्म पुराणह्न में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का

## महाकुंभ 2025



भागी होता है। मत्स्य पुराण में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहां विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है।

अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहां सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है।

कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दशार्ता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं।

कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहां साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं।

हजारीबाग में संविधान गौरव अभियानः रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया संबोधित, कहा

# हमारा संविधान विश्व के सबसे बेहतरीन संविधानों में से एक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सोमवार को झिंझारिया पुल स्थित सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के आवास पर संविधान गौरव अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने भाग लिया और संविधान की महानता और स्थिरता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मौके पर संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा, हमारा संविधान विश्व के सबसे बेहतरीन संविधानों में से एक है, जो न केवल देश को दिशा देता है, बल्कि हर नागरिक को अधिकार और कर्तव्यों का बोध कराता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि संविधान की गाथा हर व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने संविधान के तहत मिले शिक्षा, सुरक्षा और समानता जैसे अधिकारों को देश के विकास की रीढ़ बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय सेठ का बुके भेंट कर भव्य स्वागत से हुआ। इस मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज कुमार यादव, अमित कुमार यादव, और प्रदीप प्रसाद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



सम्बोधित करते संजय सेठ व अन्य

**सांसद मनीष जायसवाल ने दिया कड़ा संदेश :** सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, संविधान लागू होने के 75 वर्षों में इसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। आपातकाल के दौरान हुई संवैधानिक छेड़छाड़ इतिहास का काला अध्याय है। भाजपा ने बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान को असली सम्मान दिया है, जिसे कांग्रेस ने हमेशा अनदेखा किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने संविधान की स्थिरता और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने और संविधान के मूल्यों को बनाए रखने पर जोर दिया गया। यह कार्यक्रम संविधान की महत्ता को रेखांकित करने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास था। नेताओं ने कहा कि संविधान गौरव अभियान के जरिए देशभर में संविधान के प्रति सम्मान और इसके मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र की आत्मा है, जो हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। इसका सम्मान और पालन हर नागरिक का परम कर्तव्य है। मौके पर सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर में पोशाक वितरण कार्यक्रम आयोजित

**बरही।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर में वर्ग एक और दो के छात्रों को पोशाक वितरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिनमें जिप सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, शिक्षा अंबेसडर परमेश्वर यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष महेश सिंह, श्याम राम, समाजसेवी अरुण सिंह, नरेश प्रसाद यादव, अध्यक्ष हरिताभ यादव और प्रतिमा देवी शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानध्यापक डॉ. सुनील यादव ने की, जबकि संचालन शिक्षक विक्रम प्रजापति ने किया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षक देवेंद्र कुमार, सुधा रश्मि, धीरेन्द्र कुमार और लिपिक प्रत्युष बनर्जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

न्यू पल्स मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं के साथ

# शिक्षा और सौ प्रतिशत रोजगार की गारंटी

निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है: 8226855911, 6204403338, 9334645422, 8252597804

खबर मन्त्र संवाददाता



**इचाक।** एनएच-33 इचाक मोड़ में स्थित न्यू प्लस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के माध्यम से स्थानीय निवासियों का भरोसा जीता है। यह हॉस्पिटल न केवल मरीजों के इलाज में अग्रणी है, बल्कि मेडिकल क्षेत्र में युवाओं के करियर निर्माण के लिए भी एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। हॉस्पिटल के निदेशक कैलाश प्रसाद मेहता ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर हॉस्पिटल में मरीजों से लेकर युवाओं तक को दी जाने वाली स्वास्थ्य के साथ साथ शिक्षा और रोजगार के विषय में विस्तार से बताया।

**मुफ्त सेवाएं :** न्यू पल्स मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चादानी, नॉर्मल या ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी, शिष्ट, बवासीर, हाइड्रोसिल, किडनी स्टोन, पित्त की थैली, परिवार नियोजन जैसे बीमारियों का मुफ्त ऑपरेशन किया जा रहा है। इसके अलावा मरीजों को नर्सिंग, बेड और रोग संबंधी जांच भी निशुल्क किया जा रहा है। हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सुविधा जैसे आईसीयू, एनआईसीयू, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड और एक्सरे की फैसिलिटी उपलब्ध है। वहीं ए टू जेड टोटल सॉल्यूशन पब्लिक सर्विस के डायरेक्टर अंकित राज भारद्वाज ने हॉस्पिटल में युवाओं के लिए ट्रेनिंग कोर्स, स्कॉलरशिप जॉब प्लेसमेंट और पार्ट टाइम जॉब के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था पूरे झारखंड में युवाओं को स्किल डेवलप और जॉब ऑफर कर रही है। कहा कि हमारे यहां कम से कम शुल्क पर डी. फार्मा, बी. फार्मा, डीएमएलटी, ओटी, एक्सरे, ईसीजी, एएनएम, जीएनएम, बीएससी, नर्सिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। और छात्रों को 65 से 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप भी उपलब्ध है।

## अदाणी फाउंडेशन ने गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत मनाया सड़क सुरक्षा सप्ताह

**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन ने 11 से 17 जनवरी तक बड़कागांव प्रखंड में उत्साहपूर्वक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसमें पुलिस निरीक्षक अनिल सिंह ने झंडा फहराकर सप्ताह की आधिकारिक शुरूआत की। शपथ समारोह में अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर के प्रतिभागियों, पारा मिलिट्री और सेना भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों, परियोजना प्रभावित परिवारों के सदस्यों और कंपनी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली।

# नीति आयोग और एवीए की साझेदारी से बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में मिलेगा बल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोला।** बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के पंद्रह हजार गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। नीति आयोग और एवीए की इस साझेदारी का अग्रगति संस्था ने समर्थन किया है। इस पहल के साथ एकजुटता जताते हुए अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने कहा कि हम भारत सरकार के ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्न अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे । एवीए और नीति आयोग की इस साझेदारी से हमारे प्रयासों को और बल मिलेगा। एवीए के साथ मिलकर हम जिले को बाल विवाह मुक्त बने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम जिले में बाल सुरक्षा के व्यवस्थागत तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भी काम करेंगे। साथ मिलकर हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण में जीने का अधिकार मिले।



समझौता करते

**दो वर्ष में 73जिले के आकांक्षी प्रखंडो में होगा काम :** दो-वर्षीय एसओआई के तहत अगले दो सालों में देश के 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं।

## बरही में रविदास महासभा का पुनर्गठन

**बरही।** बरही के अब्दुल कलाम पार्क में रविवार को रविदास महासभा का पुनर्गठन संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता शंकर राम ने की। इसमें जिला रविदास महासभा हजारीबाग के पर्यवेक्षक समेत 20 पंचायतों के रविदास समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया। इसके बाद वोटिंग प्रक्रिया शुरू हुई।

## मुखिया बेबी कुमारी ने किया 150 कंबलों का वितरण

**बड़कागांव।** प्रखंड के महंगाई कला पंचायत सचिवालय प्रांगण में मुखिया बेबी कुमारी की अध्यक्षता में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर योग्य वृद्ध महिलाओं और पुरुषों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर बुजुर्ग बेहद प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में कुल 150 कंबल वितरित किए गए।

## डॉ. राहुल कुमार सिंह निर्विरोध बने झासा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के संयुक्त सचिव

**हजारीबाग।** झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) के वर्तमान सत्र के लिए नई कमेटी का चुनाव रविवार को प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालय अस्पतालों में संपन्न हुआ। हजारीबाग के बरही अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत डॉ. राहुल कुमार सिंह को निर्विरोध उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के संयुक्त सचिव पद पर चुना गया। डॉ. राहुल कुमार सिंह चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड स्थित नरचाही गांव के निवासी हैं। झासा की नई कमेटी में रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विमलेश कुमार को अध्यक्ष और रामगढ़ सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. ठाकुर मृत्युंजय सिंह को सचिव चुना गया।

## झरपो मध्य विद्यालय में आयोजित बाल सभा

**टाटीझरिया।** झरपो उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय में 20 जनवरी, सोमवार को बाल सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के निर्देश पर और ज्ञापांक 87 दिनांक 10/1/2025 के तहत आयोजित हुआ। सभा की अध्यक्षता झरपो पंचायत के मुखिया और 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने की, जबकि बैठक का संचालन पंचायत सचिव गुड़िया रानी ने किया। इस अवसर पर पंचायत सचिव ने छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुक छात्र-छात्राएं योजनाओं के तहत फॉर्म भरकर इसका लाभ उठा सकते हैं। सभा में सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिनमें गीता, काजल, सोनिया, बेबी, राखी, लक्ष्मी, संध्या कुमारी, मनोज कुमार, संजय कुमार आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में शिक्षकगण भी उपस्थित थे, जिनमें मध्य विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवर, पंकज कुमार और अन्य शिक्षक शामिल थे।

## बड़कागांव में संविधान सम्मान यात्राः कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार 'जय भीम, जय बापू, जय संविधान' कार्यक्रम के तहत संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भव्य यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर बड़कागांव के समाधान भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और बड़कागांव के प्रभारी मोहम्मद दिलदार अंसारी का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें बुके और मालाओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेश्वर नाथ चौबे ने की।



कांग्रेस कार्यकर्ता

# शिक्षित समाज ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है : यादव

यदुवंशी परिवार का मां पंच बहिनी मंदिर पतरातु में मिलन समारोह का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातु डैम स्थित मां पंचबहिनी मंदिर के समीप रविवार को यदुवंशी परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ पुरोहित शशि मिश्रा द्वारा पुरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बांके बिहारी भगवान श्री कृष्ण की पूजा- अर्चना के साथ किया गया। पूजा-अर्चना में बतौर यजमान नितेश यादव सपत्नी सरिता देवी शामिल हुए। समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को बुके और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण गिरधारी गोप ने दिया। समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक सह सभापति लोक लेखा समिति मनोज कुमार यादव ने कहा कि यदुवंशी परिवार को विकास के लिये शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षा के वगैर बेहतर समाज का निर्माण नहीं हो सकता है। शिक्षित समाज ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के नव निर्माण में यदुवंशियों को आपसी भेदभाव भुलाकर सामंजस्य स्थापित करना होगा। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों नशा, दहेज प्रथा को दूर करना होगा। जब भी समाज को मेरी जरूरत जहां भी होगा हम तैयार है।



मंचासीन अतिथिगण



समारोह में उपस्थित यदुवंशी के समाज के लोग

उन्होंने कहा कि चौपारण बोर्डर पर पशु पालको के साथ हो रही परेशानियों व ज्यादतीयो से निजात दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी। पतरातू में यदुवंशी ट्रस्ट का गठन एव भवन निर्माण में मेरा पूर्ण सहयोग रहेगा। समाज के लोगों के लिये हर समय मेरा दरवाजा खुला है और रहेगा। विशिष्ठ अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने शिक्षा, समाज का उत्थान और एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह मिलन समारोह यदुवंशी समाज के लिये मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने यदुवंशी समाज के लोगों से एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहने की अपील की। समारोह के स्वागतध्यक्ष गिरधारी गोप ने कहा कि यह सम्मेलन नववर्ष में यदुवंशीयो के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस वर्ष यदुवंशी भवन का निर्माण और ट्रस्ट के गठन का रास्ता प्रशस्त होगा।

उन्होंने कहा कि आयोजन समिति ने सीमित संसाधन में यदुवंशियों के हितों की रक्षा एवं उद्देश्यो की पूर्ति के लिए कार्यक्रम आयोजित किया है। हम इस समारोह में आये हुए मुख्य अतिथि सहित तमाम अतिथियों का सहृदय स्वागत व अभिनन्दन करते हैं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत डीएसटीई, चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे, नीचे उल्लिखित निविदा संख्या के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैः **निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; बयाना राशि; कार्य पूर्णता अवधिः (1); एसटी-सीकेपी-ओटी- 24-25-114;** मणिकुई स्टेशन पर अप और डाउन ग्रिड दोनों में एक-एक लूप लाइन और 70 मीटर लंबाई की एक रुग्ण साइडिंग के प्रस्ताव के संबंध में एस एंड टी कार्य; **₹2,51,00,946.92;** ₹2,75,500.00; 12 (बारह) महीने; **(2); एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25- 115;** बंडामुंडा-झारसुगुड़ा स्टेशन के बीच 15 स्टोन स्लैब पुलों के पुनर्वास और राउरकेला-झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच मौजूदा 01 आर्क मेसनरी ब्रिज के रूपांतरण के लिए एस एंड टी कार्य; **₹29,15,579.53;** ₹58,300.00; 12 (बारह) महीने; **(3); एसटी- सीकेपी-ओटी-24-25-116;** एसएसई/सिग/गोइकेरा के तहत संचालन के लिए 1 टन क्षमता वाले 1 ट्रक की प्लेसमेंट; **₹15,88,396.05;** ₹31,800.00; 36 (छत्तीस) महीने; **(4); एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-117;** एसएसई/टीईएलई/राउरकेला के अंतर्गत संचालन के लिए 1 टन क्षमता वाले 1 ट्रक की नियुक्ति; **₹17,80,733.55;** ₹35,600.00; 36 (छत्तीस) महीने; **(5); एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-118;** एल.सी. गेट संख्या आरबी-22, आरबी-24, बीके-2 के मैकेनिकल लिफ्टिंग बैरियर के बदले में 03 इलेक्ट्रिकल लिफ्टिंग बैरियर के प्रावधान के लिए शेष कार्य; **₹33,90,584.15;** ₹67,800.00; 12 (बारह) महीने; निविदा विवरण वेबसाइट http:www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग मे भाग ले सकते हैं। ई-टेंडर फॉर्म निःशुल्क जारी किए जाएंगे। इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी भी ऐसे मैन्युअल ऑफर को अनदेखा कर दिया जाएगा।

(PR-1036)



स्वच्छ रामगढ़।
सुन्दर रामगढ़।।

आपकी भागीदारी
हमारी जिम्मेदारी।।

**कार्यालय नगर परिषद, रामगढ़।**

रामगढ़, झारखण्ड–825101

दूरभाषनं०:– 6553-295014 ई.मेल:–nagarparishadramgarh@gmail.com

वेबसाईट :–http://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Ramgarh/Ramgarh.aspx


एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल 46 होल्डिंग धारियों द्वारा होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करने पर कार्यालय द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग जमा नहीं किया गया है। वैसे होल्डिंगधारी 07 दिनों के अंदर कार्यालय रामगढ़ नगर परिषद (जन सुविधा केन्द्र) में आकर अपना बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा–184 के तहत् आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जाएगी। जिसके जिम्मेदार आप स्वंय होंगे। बाद में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। बकायादार होल्डिंग धारको की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl No. | Ward No | Holding No | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 0030000108000X8 | Vijay Kumar Ray, Asha Devi | Rash Bihari Ray,Shiv Prakash Singh | At- Bongabar Ramgarh | 1,27,148.00 |
| 2 | 28 | 0280001196000J1 | J.M Divine Adarsh Vidya(P) School Chhatter Mandu | Sita Devi | Chhattar Mandu | 88,530.00 |
| 3 | 7 | 0070000951000X1 | Jai Shankar Pathak | Late Lambodar Pathak | C/O- The Grand Yash, Ranchi Road, Marar, Ramgarh | 85,984.00 |
| 4 | 6 | NA-3000036300OX4 | Om Shanti Steel And Casting Private Limited | Raj Kumar Sah | Om Shanti Steel & Casting Private Limited Company ,Rauta Ranchi Road Marar | 77,500.00 |
| 5 | 7 | 0070000302000F4 | Ms Patni Sheet Griha Pvt Ltd | Ajit Kumar | Sewta, Marar | 73,992.00 |
| 6 | 30 | 0300000203000X1 | Nagendra Pandey, Brindra Kr. Pandey, Upendra Kr. Pandey | Late Rang Nath Pandey | C/O- Akanchha Furniture, Muramkala | 66,106.00 |
| 7 | 9 | 0090000133000A4 | Deepak Singh | Ashok Singh | Rama Nagar Marar Ramgarh | 66,049.20 |
| 8 | 26 | 0100000054000A4 | Madhav Karmali,Jaypal Karmali | Lakhan Karmali | At- Kaitha Fore Line Nh33 Vishwakarma Family Restaurant Ramgarh | 63,296.00 |
| 9 | 10 | 0020000644000M0 | Bhikhmang Miyan | Late Rehman Jolha | Phulsarai Ramgarh | 60,548.00 |
| 10 | 21 | 0140000390000X4 | Indira Pathak | Lakshmi Kant Sharma | Ghutuwa Po Nts Barkakana Ramgarh | 54,579.60 |
| 11 | 25 | 0170000019000M0 | Dhula Karmali | Anda Lohar | Teliyatu, Ramgarh | 46,774.00 |
| 12 | 6 | 0060000247000B4 | Tilu Mahto | Budhu Mahto | Near Hanuman Mandir, Burhakhap, Karma, Ramgarh | 43,375.44 |
| 13 | 10 | 0100000123000M0 | Lalmohmad Miya | Late Bhigmang Miya | Phulsarai Ramgarh | 42,908.00 |
| 14 | 28 | 0280000339000M0 | Gudku Sahu, Chamu Sahu | Nanku Sahu | Chhattar Mandu, Ramgarh | 42,896.00 |
| 15 | 3 | 0200000161000B1 | Lovely Devi Sri Sai Darbar | Gopesh Kumar | Bongawar Near Khana Khazana | 40,824.00 |
| 16 | 2 | 2.00E+12 | Devrath Mishra | Khagendra Nath | Nb Rahat Nursing Home Bharechnagar Sandi - Ramgarh | 39,578.00 |
| 17 | 7 | 0080000757000X4 | Uday Pratap Singh Manoj Kumar Singh | Hardeo Singh | Sewta | 39,144.00 |
| 18 | 26 | 0010000459000X1 | Mahesh Kumar Sahu | Suryanarayan Sahu | Kaitha Chawk .Ramgarh | 39,018.48 |
| 19 | 20 | 0200000342000A1 | Akil Ahmad,Bismillah Khatun,Amin Ahmad | Md Khalil Ansari | Ambatand,Hehal,Ramgarh | 34,524.00 |
| 20 | 27 | 0290000382000X1 | Rita Devi | Basant Choudhary | Huhaha, Kaitha, Ramgarh | 34,236.00 |
| 21 | 2 | 0080000654000B2 | Kailash Saw | Jalendra Saw | Bharechnagar Sandi Tutijharna More Ramgarh | 33,148.00 |
| 22 | 8 | NA-30000351000X2 | Kanti Singh | Kamlesh Singh | Sewta Rauta | 32,192.00 |
| 23 | 1 | 0010001339000M0 | Bhagwan Munda Vagera |  | Sandi Urf Tiliya | 31,936.00 |
| 24 | 9 | 0090000144000L1 | Modern Public School (Dilip Singh )Secretary | Ramesh Prasad Singh | Marar Munda Toli Ramgarh | 31,300.00 |
| 25 | 8 | 0040000549000X1 | Sudesh Kaur | Ram Lal Saluja | Near Jagadru Hotel,Ramanagar,Marar | 29,740.00 |
| 26 | 29 | 0290000425000X5 | Ganesh Singh | Raja Ram Singh | Near-Ma Kalyani Hotel Nh 33 Kothar Kaitha Ramgarh | 27,168.00 |
| 27 | 1 | 8.00E+11 | Nand Kishor Prasad | Janaki Saw | Raj Nursing Home Tooti Jharna Road Bharech Nagar Sandi Ramgarh | 26,536.00 |
| 28 | 4 | 0210000092000M0 | Bhuglu Gosai |  | Digwar, Ramgarh | 26,052.00 |
| 29 | 26 | 0260000222000A4 | Ghanshiyam Mahto | Thakur Mahto | Kaitha Ramgarh | 25,684.00 |
| 30 | 9 | NA-70000084000A1 | Manish Kumar | Gopal Prasad | S/O Gopal Prasad Ramanagar Marar | 25,392.00 |
| 31 | 9 | 0080000899000A1 | Rajesh Prasad Sahu,Rajesh Prasad Sahu | Baleshwar Saw,Baleshwar Saw | Sahu Tola Marar Ramgarh | 23,520.00 |
| 32 | 10 | 0020000628000M0 | Basir Miyan Wagairah | Riyasat Ali | Phulsarai, Ramgarh | 23,353.00 |
| 33 | 7 | 0180000007000X1 | Naresh Rai ,Patel Ray ,Vikash Ray | Tuni Raj & Birju Raj | B .R .L -Gate Ranchi Road Marar Ramgarh | 22,992.00 |
| 34 | 10 | 0020000643000M0 | Gani Miya | Imam Baks Miya | Phulsarai Ramgarh | 22,862.00 |
| 35 | 31 | 0310000049000M0 | S Jodh Singh | Prem Singh | Murramkala Ramgarh | 22,450.24 |
| 36 | 25 | 0170000378000M0 | Darbari Mahto | Mogal Kurmi | Taliyatu Ramgarh | 22,447.00 |
| 37 | 10 | 0020000639000M0 | Neyamat Ali | Sekh Banshi Bhandari | Phulsarai Ramgarh | 22,152.00 |
| 38 | 10 | 0020000640000M0 | Neyamat Ali | Shekh Banshi Bhandari | Phulsarai Ramgarh | 21,956.00 |
| 39 | 20 | 0200000265000J4 | Md Khalil Ansari, Jahir Ansari | . | Ghutwa, Ramgarh | 21,496.00 |
| 40 | 28 | 0280000038000M0 | Sambhu Tiwari Wagerah | 0 | Chhattarmadu Ramgarh | 21,160.00 |
| 41 | 3 | 0030001162000A4 | Bisudev Prasad | . | Barwatand Ramgarh | 20,941.52 |
| 42 | 9 | 0090000023000A1 | Yodhan Prasad | Late Dhanpat Saw | Sahu Tola Marar | 20,592.00 |
| 43 | 2 | 0010001449000A1 | Ayodhya Verma | Late Kedar Varma | Sandi Bongawar More | 20,412.00 |
| 44 | 3 | 0030001170000M0 | Janu Devi,Suraj Kushwaha | Bhuneshwar Mahto | Bongabar Fore Line Nh-33 Roshan Line Hotel Ramgarh | 20,008.00 |
| 45 | 32 | NA-80000053000A1 | Chhedi Munda |  | S/O Late Lalji Munda .Kurum Rajrappa Project Ramgarh | 19,955.28 |
| 46 | 28 | 0280000321000X1 | Lalita Devi | Ganesh Sahu | Chatar Mandu Ramgarh | 19,952.00 |
| 47 | 2 | 0020000759000A1 | Anant Kumar, Abhishek Kumar & Rishi Kumar | Banshi Prasad | C/O.- Rameshwaram Vatika, Bongabar, P.O- Bharech Nagar, | 19,866.00 |
| 48 | 7 | 0230000829000A4 | Dineshwar Prasad | Nirmal Saw | Sewta, Ramgarh | 19,828.40 |
| 49 | 26 | NA-60000003000X4 | Satyendra Kumar Late Keshar Lal Mahto |  | Kaitha Chowk Ramgarh | 19,524.00 |
| 50 | 26 | 0290000373000D1 | Chitranjan Kumar Niraj | Mohan Mahto | Kothar Kaitha | 19,392.00 |
| 51 | 7 | 0070000013000A1 | Ashok Jain | Prem Chand Jain | Sewta Ramgarh | 19,053.60 |

विश्वासभाजन
ह०/–
प्रशासक, नगर परिषद, रामगढ़।

PR 344675 District(24-25)D

# सभी धर्मों में प्रलय की अवधारणा



धा धार्मिक ग्रंथों के दावों के अनुसार हजारों वर्षों पूर्व धरती पर एक बार 'जल प्रलय' हुई थी। हिन्दू मत्स्य पुराण में 'जल प्रलय' और 'नौकाबंध' नाम से इस घटना का वर्णन मिलता है। द्रविड़ देश के राजर्षि सत्यव्रत (वैवस्वत मनु) के समक्ष भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में प्रकट होकर कहा कि आज से सातवें दिन भूमि जल प्रलय के समुद्र में डूब जाएगी। तब तक एक नौका बनवा लो। ऐसी ही कथा तौरात, इंजिल, बाइबिल और कुरआन में भी मिलती है। यहूदी, ईसाई और इस्लाम में इस घटना का जिक्र 'हजरत नूह की नौका' नाम से वर्णित है। कहते हैं कि इस जल प्रलय में सिर्फ नूह या राजा वैवस्वत मनु की नाव में सवार लोग ही बचे थे बाकि सभी डूब गए थे।

धर्म, ज्योतिष, माया सभ्यता या नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी का हवाला देकर कुछ लोगों द्वारा पिछले कई वर्षों से दुनिया के खत्म होने का दावा किया जाता रहा है। कुछ लोग इस दावे के चलते निश्चित ही दहशत में रहते हैं तो कुछ इसे अंधविश्वास मानते हैं। दुनिया के खत्म होने के मंजर को लेकर हॉलीवुड में कई फिल्में बन चुकी है। लेकिन हम यहां कहने जा रहे हैं कि अभी दुनिया में ऐसा कुछ भी नहीं होने जा रहा है। आओ जानते हैं कि इस संदर्भ में वेद, पुराण बाइबल, कुरआन आदि ग्रंथों में क्या लिखा है?

हिन्दू धर्म : प्रलय के संबंध में हिंदू धर्म की धारणा मूल रूप से वेद और पुराणों से प्रेरित है। प्रलय का अर्थ होता है संसार का अपने मूल कारण प्रकृति में सर्वथा लीन हो जाना। प्रलय चार प्रकार की होती है- नित्य, नैमित्तिक, द्विपार्थ और प्राकृत। प्राकृत ही महाप्रलय है, जो कल्प के अंत में होगी। एक कल्प में कई युग होते हैं। यह युग के अंत में प्राकृत प्रलय को छोड़कर कोई सी भी प्रलय होती है। हिन्दू धर्म मानता है कि जो जन्मा है वह मरेगा। सभी की उम्र निश्चित है फिर चाहे वह सूर्य हो या अन्य ग्रह।

प्रलय काल पुराणों में सृष्टि उत्पत्ति, जीव उद्भव, उत्थान और प्रलय की बातों को सर्गों में विभाजित किया गया है। जैसे वर्तमान में धरती का प्रौढ़ावस्था का काल चल रहा है, जो लगभग विक्रम संवत 2042 पूर्व शुरू हुआ माना जाता है। इस काल में अतिविलासी, क्रूर, चरित्रहीन, लोलुप, यंत्राधीन प्राणी धरती का नाश करने में लगे हैं। इससे पहले गर्भकाल, शैशवकाल, कुमार काल, किशोर काल और युवा काल बित चुका है। इसके बाद वृद्धकाल, जीर्ण काल और अंत में उपराम काल होगा। वृद्ध काल में साधन भ्रष्ट, त्रस्त, निराश, निरूजमी, दुखी जीव रहेंगे। जीर्ण काल में अन्न, जल, वायु, ताप सबका अभाव क्षीण होगा और धरती पर जीवों के विनाश की लीला होगी। उपराम काल अर्थात करोड़ों वर्षों आगे तक ऋतु अनियमित, सूर्य, चन्द्र, मेघ सभी विलुप्त हो जाएंगे। भूमि ज्वालामयी हो जाएगी। अकाल, प्रकृति प्रकोप के बाद ब्रह्मांड में आत्यंतिक प्रलय होगा।

हिंदू पुराणों अनुसार कलिकाल के अंत में भगवान विष्णु अंतिम बार वापस आएंगे, जिसको हिंदू धर्म में कल्कि कहा गया है। महाभारत में कलियुग के अंत में प्रलय होने का जिक्र है, लेकिन यह किसी जल प्रलय से नहीं बल्कि धरती पर लगातार बढ़ रही गर्मी से होगा। महाभारत उल्लेख मिलता है कि सूर्य का तेज इतना बढ़ जाएगा कि सातों समुद्र और नदियां सूख जाएंगी। संवर्तक नाम की अग्रि धरती को पाताल तक भस्म कर देगी। वर्षा पूरी तरह बंद हो जाएगी। सबकुछ जल जाएगा, इसके बाद फिर बारह वर्षों तक लगातार बारिश होगी। जिससे सारी धरती जलमग्र हो जाएगी।

बौद्ध धर्म में प्रलय : बौद्ध धर्म की तिब्बत परंपरा के मुताबिक जब दुनिया से सभी धर्म और सभी जाति के लोग खत्म हो जाएंगे तो उसके करीबन 4600 वर्षों बाद प्रलय आएगी. क्षितिज में एक-एक कर लगभग 6 और सूर्य आएंगे जिसके बाद एक आग के गोले की तरह दुनिया का विनाश होगा।

हालांकि त्रिपिटक आदि बौद्ध धर्मग्रंथों में इसका जिक्र नहीं मिलता है।

पारसी धर्म में प्रलय : पारसी धर्म के अनुसार प्रलय आने से पहले दुनिया बिल्कुल पवित्र हो जाएगी। साथ ही प्रलय आने से पहले आखिरी बार ईश्वर और शैतान का आमना सामना होगा, जिसमें ईश्वर विजयी होंगे। इसके बाद ईश्वर दुनिया का एक बार फिर से उसी तरह निर्माण करेगें जैसे दुनिया बनाई गई थी।-जेंद अवेस्ता

यहूदी धर्म में प्रलय : यहूदी धर्म में माना जाता है कि मौत के बाद मरने वाले व्यक्ति की आत्मा ईश्वर के पास चली जाती है। कयामत यानी प्रलय के दिन ईश्वर सभी मृत लोगों के शरीर को नए सिरे से बनाएंगे, जिनको ईश्वर के सामने खड़े होकर अपने-अपने कर्मों की सजा दी जाएगी। यहूदी मान्यता के अनुसार भी अंत के समय मसीहा (मूसा) लौटेगा।-

# आखिर मंगलवार और शनिवार को ही क्यों होती है हनुमान की विशेष पूजा



भक्त को भगवान से बड़ा मानकर पूजे जाने की परम्परा श्री हनुमान जी से आंरभ हुई है और यह आगे भी चल रही है। वैसे तो हनुमान जी की पूजा किसी भी दिन की जा सकती है लेकिन कहा जाता है कि मंगलवार को हनुमान जी की आराधना से विशेष लाभ मिलता है। मंगलवार को बजरंगबली का दिन कहा जाता है। कहते हैं कि इस दिन लाल सिंदूर चढ़ाकर पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही हनुमान जी की कृपा पाने के लिए कई लोग मंगलवार को इनकी पूजा करते हैं। इसके अलावा कई शनिवार को भी हनुमान जी की आराधना करते हैं। यानि मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी की पूजा विशेष रूप से की जाती है। आगे जानते हैं कि आखिर मंगलवार और शनिवार को ही विशेष तौर पर हनुमान जी की पूजा क्यों होती है?

स्कंद पुराण के अनुसार मंगलवार को हनुमान जी की पूजा करने का आधार इस दिन हुए उनके जन्म से लिया जाता है। मतांतर से कहीं-कहीं शनिवार को हनुमान जी का जन्म वार माना जाता है। मान्यता है कि हनुमान जी भी सेवाभावी हैं और शनिदेव भी सेवा की भावना या अवसर देते हैं। इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि एक बार सूर्यास्त होने वाला था। शांत वातावरण में शीतल मंद सुगंध हवा बह रही थी। हनुमान जी रामसेतु के निकट ध्यानमग्न होकर श्रीराम की मनमोहक झांकी का आनंद ले रहे थे।

हनुमान जी के ध्यानमग्न होने के कारण उन्हें बाहर की परिस्थियों का पता नहीं था। उसी समय सूर्य पुत्र शनिदेव समुद्र पर टहल रहे थे। शनिदेव को अपनी शक्ति का अहंकार था। वे मन में सोच रहे थे कि मुझमे अपार शक्ति है। संसार में मेरा मुकाबला करने वाला कोई भी नहीं है। मरे आगमन की सूचना को सुनकर बड़े-बड़े दिग्गज भी कांप उठते हैं। मैं कहां जाऊं, किसके पास जाऊं, जो मुझसे युद्ध कर सके? मेरे शक्ति का कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस प्रकार विचार कर ही रहे थे कि उनकी नजर हनुमान जी पर पड़ी। उन्होंने हनुमान को पराजित करने का निश्चय किया। सूर्यदेव उस समय अस्त होने वाले थे। जिससे शनिदेव की देह का रंग अत्यधिक काला हो गया था।

हनुमान जी के पास पहुंचकर उन्होंने उन्हें युद्ध के लिए ललकारा और कहा- रे बंदर! मैं प्रख्यात शनिदेव तुम्हारे सामने हूं। तुम ये पाखंड छोड़कर खड़े हो जाओ और मुझसे युद्ध करो। यह सुनकर हनुमान जी अपने आंख खोले और नम्रता से पूछा महाराज आप कौन हैं और यहां किस लिए आए हैं? जिसके बाद शनिदेव ने कहा मैं परम तेजस्वी सूर्य पुत्र शनि हूं। यह संसार मेरा नाम सुनते ही कांप उठता है। मैंने तुम्हारे साहस के कई किस्से सुने हैं इसलिए आज मैं तुम्हारी शक्ति की परीक्षा करना चाहता हूं। सावधान हो जाओ मैं तुम्हारी राशि पर आ रहा हूं। तब भी हनुमान जी ने कहा मैं प्रभु का सुमिरन कर रहा हूं, शाम का समय है, भजन में रुकावट मत डालिए और युद्ध का विचार छोड़ दीजिए। तब घमंड में आकार शनिदेव ने कहा- मैं कहीं जाकर खाली लौटना नहीं जानता और जहां जाता हूं वहां अपना प्रभाव छोड़ता हूं।

फिर भी हनुमान शनिदेव को टालते रहे कि शनिदेव मैं वृद्ध हो गया हूं। क्यों मुझे परेशान कर रहे हैं? मुझे भजन करने दीजिए और युद्ध के लिए दूसरा कोई वीर ढूंढ लीजिए। परंतु शनिदेव नहीं मानें और युद्ध कारने के लिए आगे बढ़ने लगे। इसके बाद भी जब हनुमान जी तैयार नहीं हुए तो शनिदेव ने हनुमान जी का हाथ पकड़ लिए और ललकारा।

हनुमान जी ने अपना हाथ छुड़ाया लेकिन फिर भी शनिदेव दुस्साहस करने लगे। तब हनुमान जी ने कहा आप ऐसे नहीं मानेंगे तब उन्होंने अपनी पूंछ बढ़ाकर उसमें शनिदेव को लपेट लिया। इस तरह शनिदेव का सारा अहंकार नष्ट हो गया। जब शनिदेव को बहुत कष्ट होने लगा तो उन्होंने हनुमान से विनती की कि मुझ पर कृपा कीजिए। फिर हनुमान जी खड़े होकर बोले यदि तुम मेरे भक्तों को कष्ट नहीं दोगे तो तुम्हें मुक्त कर दूंगा। इस तरह शनिदेव हनुमान जी को अपना वचन देकर उनसे क्षमा मांगा। कहते हैं कि तब से ही मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी की पूजा होती है।

# महाकुंभ में स्वच्छता के उच्च तकनीकी समाधान

- डॉ. जितेंद्र सिंह



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ क्षेत्र में महा-आयोजन की व्यापकता और विशालता दिख रही है। वहां उपस्थित विशाल मानव समूह की केवल कल्पना कीजिए जहां प्रत्येक व्यक्ति आस्था और भक्ति के सागर में हिलोरें ले रहा है। लेकिन विश्व की इस विस्मयकारी महाघटना में पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाले मूक नायक के तौर पर उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकियां काम कर रही हैं।

महाकुंभ में उच्च तकनीक वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर प्राकृतिक शुद्धिकरण तालाबों तक, प्रत्येक उपाय पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरा और प्रौद्योगिकी का यह सामंजस्यपूर्ण मिश्रण न केवल महाकुंभ के आध्यात्मिक सार को संरक्षित करता है, बल्कि दुनिया भर में भविष्य के बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले समारोहों के लिए मानक भी स्थापित करता है।

45 दिनों के इस विशाल धार्मिक आयोजन, जिसमें अनुमानित तौर पर 40 करोड़ आगंतुक पहुंचे हों, वहां हर दिन उत्पन्न कचरे का प्रबंधन हैरत में डालने वाला है। हालांकि इससे अधिकारी विचलित नहीं हुए और उन्होंने इस कठिन कार्य के लिए भारत के दो प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) की मदद ली है।

महाकुंभ में उत्पन्न अपशिष्ट दिमाग को चकरा देने वाला है। वहां हर दिन लगभग 16 मिलियन लीटर मल विष्ठा, 240 मिलियन लीटर ग्रे-वाटर (शौचालय को छोड़ कर अपशिष्ट जल) और करोड़ों तीर्थयात्रियों द्वारा बड़े पैमाने पर उत्पन्न ठोस अपशिष्ट शामिल हैं। इसके निपटान प्रबंधन के लिए परिष्कृत समाधानों की आवश्यकता पड़ी और तभी उन्नत प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल काम आया। इनमें से एक हाइब्रिड ग्रेनुलर सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर (एचजीएसबीआर) है, जिसे इसरो और बार्क के सहयोग से विकसित किया गया है। ये उच्च तकनीक की वॉशिंग मशीन जैसा है जो कपड़े साफ करने की बजाय सीवेज का निपटान करता है। इस तकनीक का उपयोग तीन प्रीफैब्रिकेटेड मल विष्ठा ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) में किया जा रहा है, जो मानव अपशिष्ट को कुशलतापूर्वक संसाधित कर सुनिश्चित करता है कि वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित रहे।

वहां एक अन्य तकनीक जीओ ट्यूब टेक्नोलॉजी अपनाई जा रही है जो कचरे के नियंत्रण और उपचार में सहायक है। यह सुनिश्चित करती है कि पर्यावरण में केवल स्वच्छ पानी ही छोड़ा जाए। यह एक विशाल चाय बैग की तरह है जो बड़ी मात्रा में तरल अपशिष्ट सोखकर उसे साफ करता है। महाकुंभ में स्वच्छता के लिए इस्तेमाल की जा रही एक अन्य तकनीक बायोरिमेडिएशन है। यह बड़े तालाबों के लाभकारी सूक्ष्मजीवों जैसा है जो प्रदूषकों को विखंडित कर पानी को शुद्ध करता है। इस प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल विधि को लगभग 75 बड़े तालाबों में एकत्र किए गए ग्रेवाटर में इस्तेमाल की जाएगी ता?कि जल को प्रभावी और सुरक्षित रूप से उपचारित किया जाए।

उत्तर प्रदेश सरकार ने 7,000 करोड़ रुपये के कुल महाकुंभ बजट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दशार्यी है। वहां अपशिष्ट और जल प्रबंधन के लिए 1,600 करोड़ रुपए और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बुनियादी ढांचे के लिए 316 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह वित्तीय और ढांचागत प्रतिबद्धता आयोजन के दौरान स्वच्छता और साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है।

स्वच्छता उपायों में इन प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उद्देश्य महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं को कम करना है। वे नदी के जल प्रदूषण को रोकते हैं, अपशिष्ट और सीवेज से संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करते हैं और बड़े पैमाने पर लोगों के एकत्रित होने के पारिस्थितिकी नुकसान में कमी लाते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन परिचालन रणनीति में मैनुअल हैंडलिंग को कम से कम करना, उन्नत तकनीकों का उपयोग कर स्रोत-स्तरीय अपशिष्ट पृथक्करण पर जोर देना और व्यापक निपटान तंत्र को लागू करना शामिल है। इसके अतिरिक्त वहां अन्य आरंभिक उपायों में 1 लाख 45 हजार पोर्टेबल शौचालयों की स्थापना, निरंतर सफाई के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती, पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस?था और एक व्यापक अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन बुनियादी ढांचे शामिल हैं।

ये उन्नत प्रौद्योगिकियां बड़े पैमाने पर धार्मिक समारोहों के प्रबंधन में व्यापक बदलाव दशार्ते हैं। वे पर्यावरणीय स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन, अल्प स्वास्थ्य जोखिम, न्यूनतम पारिस्थितिक व्यवधान और कुशल संसाधन उपयोग के उपाय प्रदान करते हैं। यह महाकुंभ 2025 में बड़े पैमाने पर धार्मिक समागमों से जुड़ी जटिल प्रचालनतंत्र और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रबंधन में भारत की तकनीकी कौशल का दस्तावेज है। यह एक दीप्तिमान उदाहरण है कि प्रौद्योगिकी और परंपरा सबके लिए कैसे एक स्वच्छ, स्वस्थ भविष्य निर्मित कर सकते हैं।

(लेखक, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री हैं।)

# शमी के दर्शन से भाग्य परिवर्तन

जानिए, शमी के पेड़ से शनिदेव का क्या है संबंध, क्यों इसे चढ़ाने से शनि होते हैं प्रसन्न?



हिन्दू धर्म शास्त्रों में शमी के पेड़ का खास महत्व बताया गया है। माना जाता है कि शमी के पेड़ की पूजा करने से घर में शनि का प्रकोप कम होता है। यूं तो शास्त्रों में शनि के प्रकोप को कम करने के लिए कई उपाय बताएं गए हैं। लेकिन इन सभी उपायों में से यह श्रेष्ठ है।

शमी के पेड़ से शनिदेव का क्या है संबंध, क्यों इसे चढ़ाने से शनि होते हैं प्रसन्न?शमी-पेड़ और शानिदेव।

हिन्दू धर्म शास्त्रों में शमी के पेड़ का खास महत्व बताया गया है। माना जाता है कि शमी के पेड़ की पूजा करने से घर में शनि का प्रकोप कम होता है। यूं तो शास्त्रों में शनि के प्रकोप को कम करने के लिए कई उपाय बताएं गए हैं। लेकिन इन सभी उपायों में से प्रमुख उपाय है शमी के पेड़ की पूजा। ज्योतिष के अनुसार घर में शमी का पौधा लगाकर पूजा करने से कामों में आने वाली रुकावट दूर होती है। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि शमी के पेड़ में शनिदेव का वास होता है। लेकिन क्या आपको पता है कि शमी के पेड़ से शनिदेव का क्या संबंध है? साथ ही इसे चढ़ाने से शानि क्यों प्रसन्न होते हैं? चलिए आज इसे जानते हैं।

शमी पेड़ की लकड़ी को यज्ञ की वेदी के लिए पवित्र माना जाता है। शनिवार को करने वाले यज्ञ में शमी की लकड़ी से बनी वेदी का विशेष महत्व है। एक मान्यता के अनुसार कवि कालिदास को पेड़ के वृक्ष के नीचे बैठकर तपस्या करने से ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। शमी को गणेश जी का प्रिय पेड़ माना जाता है। इसलिए भगवान गणेश की आराधना में शमी के पेड़ की पत्तियों को अर्पित किया जाता है। भगवान गणेश की पूजा में प्रयोग की जाने वाली इस पेड़ की पत्तियों का आयुर्वेद में भी महत्व है।

आयुर्वेद की नजर में शमी अत्यंत गुणकारी औषधि है। कई रोगों में इस वृक्ष के अंग काम लिए जाते हैं। उत्तर भारत के बिहार और झारखंड में सुबह के समय उठने के बाद शमी के पेड़ के दर्शन को शुभ माना जाता है। बिहार और झारखंड में यह पेड़ अधिकतर घरों के दरवाजे के बाहर लगा हुआ मिलता है। लोग किसी भी काम पर जाने से पहले इसके दर्शन करते और इसे माथे से लगाते हैं, ऐसे करने से उन्हें उस काम में कामयाबी मिलती है। शमी के पेड़ पर कई देवताओं का वास होता है। सभी यज्ञों में शमी पेड़ का उपयोग शुभ माना गया है। शमी के कांटों का प्रयोग तंत्र-मंत्र बाधा और नकारात्मक शक्तियों के नाश के लिए होता है।

# मेधा नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर



**एचएम पब्लिक स्कूल चुटिया रांची में मेधा नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन**

स्मृति शेष आनंद कुमार के 53वें जन्मदिवस के अवसर एच एम पब्लिक स्कूल चुटिया में मेधा स्वास्थ्य सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,शिविर का उद्घाटन सी पी सिंह विधायक राँची ने किया उन्होंने कहा कि रक्त दान महादान होता है, एक यूनिट रक्त से 4 लोगों की जान बचाया जा सकता है, स्वराज के माध्यम से पिछले चार वर्षों से जो स्वास्थ्य शिविर आनन्द कुमार की याद में किया जा रहा है यह बहुत अच्छी बात है। विशिष्ट अतिथि डॉ शेखर ( काजल) अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि मैं प्रति वर्ष इस विद्यालय में आता हूँ तो मुझे बहुत बड़ी शुकुन मिलती है कि एक विद्यालय शिक्षा के साथ गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा भी करती है। डॉ विन्देश्वर उरांव, महामंत्री, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा सह निदेशक सेवन स्टार अकादमी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह एच एम पब्लिक स्कूल का नाम शिक्षा के क्षेत्र में है उसी तरह समाज सेवा में भी आप लोग बहुत अग्रसर हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में भगवान महावीर आई हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ शिवानन्द प्रसाद भी शामिल थे।

नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च एक्टिविटी इन झारखण्ड (स्वराज) की ओर से किया गया जिसमें है। रिम्स रांची के डॉ कविता देवघरिया एवं डॉ चंदन कुमार के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 31 यूनिट रक्त दान किया गया।भगवान महावीर नेत्र अस्पताल, बरियातू के सहयोग से डॉ अंकित कुमार और डॉ लालेश्वर कुमार के सहयोग से 120 लोगों नेत्र जांच किया गया। दंत परीक्षण श्री टूथ केअर की डॉ शिप्रा साह घोष एवं उनके टीम के द्वारा किया गया। कुमार डायग्नोस्टिक सेंटर लोअर चुटिया की विश्व भारती एवं उनके टीम के द्वारा मधुमेह जांच बी पी जांच किया गया। एवर केअर मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल मकचुंद टोली के द्वारा साधारण रोग, महिला रोग, पुराने बीमारियों की जांच डॉ आदित्य नारायण सिंह एवं उनके टीम के द्वारा किया गया। इस शिविर से सैकड़ों लोग लाभ लिए।

विद्यालय द्वारा चार विशेष छात्रों को विशिष्ट सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें आदर्श कुमार महतो, दीपक कुमार, श्रेया कुमारी, कविता कुमारी थे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा 53 लोगों के बीच कम्बल वितरण, स्वेटर वितरण किया गया।

विदित हो कि स्मृति शेष आनंद कुमार खुद रक्तदाता, सोशल एक्टिविस्ट के साथ एच एम पब्लिक स्कूल के संस्थापक में से एक रहे हैं जो कोविर्ड काल में गुजर गए, आनन्द सर का इस वर्ष 53 वां अवतरण दिवस है, कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार प्राचार्य द्वारा किया गया, स्वागत भाषण डॉ मोहन प्रकाश ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अंजली सेन ने किया।

कार्यक्रम कुमार कमलेश, पूनम, संयुक्ता कुमारी, अनामिका सिंह, रणजीत कुमार, सती सिन्हा, बासुदेव कुमार, रवि कुमार, संगीता चौहान, सुप्रभा , मनीषा, सरिता, गोविंद, शुभम, पुनीत, सुजाता, पुष्पा, सोनी, सरोज, जया, काजल, ज्योति, सुमन, संतोषी, नीलम, शोभा, कल्पना, पल्लवी, मीना, प्रीति, बबिता, बीना, गौतम, नीलेश, मंजू, पुष्पा, रानी, मनिषा के साथ बहुत लोगों का योगदान से शिविर को सफल किया गया।

स्पीड न्यूज

## मनीफिट के प्रभजोत कौर ने पास की एफएमइजी की परीक्षा



जमशेदपुर। मनीफिट निवासी प्रभजोत कौर सैनी ने एफएमइजी की परीक्षा को पहली बार में ही पास कर लिया। आज देर रात आये रिजल्ट में उन्हें 300 में से 214 अंक प्राप्त हुए, जिससे कि उनके घर पर हर्ष का माहौल है। उनके पिता सरदार अमरजीत सिंह और उनकी माता गुरजीत कौर ने घर पर केक काट और पड़ोसियों को मिठाई खिला ली कर खुशी मनायी। जैसा कि ज्ञात है प्रभजोत कौर ने यूरोप के यूक्रेन से टइइर किया है।

## कदमा बाजार में भाजपा का सदस्यता अभियान

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी कदमा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में कदमा बाजार में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को गति देने हेतु सदस्यता ग्रहण कैंप लगाया गया। जिसमें लगभग 280 सदस्य को सदस्यता ग्रहण कराया गया। जिसमें पार्टी के प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद शामिल होकर सदस्यता ग्रहण करने वालों को गुलाब देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। मौके पर मनोज सिंह, दिनेश शर्मा, डीएन सिंह, कमल कुमार, सपन दास, बलवीर पांडे, राजेश सिंह, राहुल दुबे, तापस सरकार, महेश पांडे, कृष्ण कुमार, गांगुली था, महावीर बाग शामिल थे।

## गम्हरिया : स्कूली बच्चों को साइकिल वितरित

गम्हरिया। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं कल्याण विभाग की ओर से अभ्यास बालिका मध्य विद्यालय, गम्हरिया परिसर में सत्र 2024-25 के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया। मौके पर बीइओ सुब्रता महतो ने कुल 209 छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध करायी। है। मौके पर कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद थे।

## कटे-फटे नोट बदलने के लिए लगा शिविर

जमशेदपुर। बिष्टुपुर जमशेदपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ोदा छेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को बिष्टुपुर बाजार में कटे फटे नोट बदलने के लिए एक शिविर लगाया। जहां बिष्टुपुर बाजार के व्यापारियों के बीच पुराने नोटों के बदले नये का बदला गया। उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील साहा ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देश पर यह पुराने एवं कटे-फटे नोटों के बदले नये नोट को देने का शिविर लगा था।

## एनआईटी जमशेदपुर में लगी 5 दिनी कार्यशाला

जमशेदपुर। सोमवार को एनआईटी जमशेदपुर में 'टैमिंग टबुर्लेंस: एडवांसमेंट इन फ्लो एंड एकॉस्टिक टेक्नोलॉजी' पर पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। जिसका उद्देश्य छात्रों और इंजीनियरों को कम शोर के साथ पवन टर्बाइन और हवाई जहाज के पंखों और इंजनों जैसे एयरो-संरचनाओं के नये डिजाइन विकसित करने के लिए प्रशिक्षित करना है और इसलिए उपयोगी जीवन बढ़ाया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सूचना तंत्र मजबूत कर पोस्ता की खेती को चिह्नित कर नियमसंगत कार्रवाई करें : कोल्हान आयुक्त

- अफीम की खेती की रोकथाम के निमित्त प्रमंडलीय आयुक्त, कोल्हान की अध्यक्षता में बैठक
- सरायकेला- खरसावां एवं चाईबासा जिले मे अवैध अफीम खेती के विनष्टिकरण कार्य पर जताया संतोष, विभिन्न माध्यम से किसानो को अन्य वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित करने के दिये निर्देश
- मादक पदार्थों के खरीद बिक्री तथा परिचलन मे संलिप्त लोगो पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें : प्रमंडलीय आयुक्त, कोल्हान
- अवैध खेती के लिए किसानो को प्रेरित करने वाले लोगो को चिन्हित कर कडी कार्रवाई करें : जोनल आईजी, रांची
- प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन संबंधित गांव के ग्राम प्रधान एवं मानकी-मुंडा के साथ बैठक कर अवैध मादक पदार्थों के खेती तथा परिचालन में संलिप्ता पर प्रशासनिक कार्रवाई, मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य एवं परिवार, समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दें- जोनल आईजी, रांची

खबर मन्त्र संवाददाता

चाईबासा। अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण एवं रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सोमवार को डाकबंगला पथ प्रमंडल, खरसावां सभागार मे कोल्हान प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय आयुक्त श्री हरि कुमार केसरी ने की। बैठक में रांची जोनल आईजी अखिलेश झा, कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे, उपायुक्त सरायकेला-खरसावां रविशंकर शुक्ला, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) कुलदीप चौधरी, सरायकेला-खरसावां एसपी मुकेश लूणायत, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) एसपी आशुतोष शेखर, वन प्रमंडल पदाधिकारी सरायकेला-खरसावां एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट सहित दोनों जिलों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सरायकेला-खरसावां एवं पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में अवैध अफीम की खेती को लेकर चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा कर मादक पदार्थो के खरीद बिक्री एवं परिचलन मे संलिप्त लोगो पर नियम संगत कार्रवाई करने तथा किसानो को अवैध अफीम की खेती के बजाय अन्य वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया।



बैठक में शामिल आयुक्त व उपस्थित वरीय अधिकारी।

बैठक के दौरान सरायकेला-खरसावां जिले मे अवैध अफीम की खेती को लेकर की जा रही गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला नें बताया कि विगत वर्ष की तुलना मे 50% कम खेती हुई है। उन्होंने बताया कि जिले मे अबतक लगभग 214 एकड़ अवैध अफीम की खेती को स्थानीय प्रशासन के द्वारा विनिष्टिकरण किया गया है। उपायुक्त नें कहा कि अभियान के तहत अबतक 13 प्राथमिकी दर्जकर दो लोगो को अरेस्ट भी किया गया है। जिले के विभिन्न क्षेत्र मे अवैध अफीम खेती को चिन्हित किया गया है जिसके विनष्टीकरण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त नें कहा कि अभियान के तहत अफीम खेती का विनिष्टीकरण के साथ किसानों को अन्य वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित कर उन्हें बीज भी दिलाया जा रहा है।

उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) कुलदीप चौधरी नें बताया की जिले मे अवैध अफीम खेती के विनष्टीकरण अभियान के तहत जिले में (2024-25) 122 एकड़ खेती का विनष्टीकरण किया है। अभियान के तहत अबतक 11 प्राथमिकी दर्ज की गई है। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय से कैलेंडर निर्धारित कर नशा मुक्ति तथा अवैध अफीम खेती के विनष्टीकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने को विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है।

जोनल आईजी अखिलेश झा नें थानावार अवैध अफीम खेती विनिष्टीकरण के कार्य तथा आगामी योजनाओं की जानकारी लेकर दोनों जिले में अवैध खेती के विनष्टीकरण के कार्यों की सराहना की। सभी विभाग के पदाधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। अवैध खेती की चिन्हितकरण के लिए जरूरत अनुसार ड्रोन का उपयोग करें तथा विनष्टिकरण के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल साथ ले जाये। प्रभावित क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी एवं अंचलधिकारी स्थानीय ग्राम प्रधान एवं मानकी-मुंडा के साथ बैठक कर अवैध अफीम खेती के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई तथा अफीम, गांजा जैसे अवैध मादक पदार्थों के प्रयोग से स्वास्थ्य, समाज एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराकर किसानो को अन्य वैकल्पिक खेती के लिए जागरूक करने मे सहयोग लें।

### लौहनगरी के प्रशांत ने नेशनल बॉडीबिल्डिंग में सिल्वर जीत झारखंड को किया गौरवान्वित

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हरसंभव सरकार से हरसंभव सहयोग मिलना चाहिए : पूर्णिमा

- विधायक पूर्णिमा साहू समेत दिनेश कुमार ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी के टेल्को के प्रशांत कुमार सिंह उर्फ गोलू ने कर्नाटक के बेलगावी में 14-16 जनवरी 2025 को आयोजित 16वीं सीनियर नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में 100 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर झारखंड का नाम राष्ट्रीय मंच पर रौशन किया। प्रशांत टाटा मोटर्स के टाऊन विभाग में कार्यरत हैं। प्रशांत ने बताया कि चैंपियनशिप से पहले कोच के निधन से तैयारी प्रभावित हुई, लेकिन मैं ऐशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने का हरसंभव प्रयास करूंगा। उनकी उपलब्धि पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू ने सोमवार को उन्हें अपने आवासीय कार्यालय में सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें शॉल भेंट कर मिठाई खिलाकर विधायक ने बधाई दिया। पूर्णिमा साहू ने कहा, झारखंड के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सरकार से हरसंभव सहयोग मिलना चाहिए। प्रशांत हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। भाजपा नेता दिनेश कुमार ने भी बॉडी बिल्डिंग में सिल्वर जीतने पर प्रशांत की उपलब्धि को सराहते हुए जिला खेल पदाधिकारी से प्रशांत को सम्मान दिलाने का आग्रह किया। उन्होंने प्रशांत सिंह को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया साथ ही दिनेश कुमार ने शहर के युवाओं से आग्रह किया है आज जरूरत है कुछ करने की नशा पान से दूर रह कर कुछ ऐसा करने की जैसा प्रशांत ने कर दिखाया है, इस दौरान भाजपा नेता राकेश सिंह, अंकित आनंद, आशीष तिवारी एवं अन्य मौजूद थे।



बॉडी बिल्डर प्रशांत को सम्मानित करतीं जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू व अन्य।

# पेंशनर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कृषि मंत्री शिल्पी को ज्ञापन सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

इटकी। पेंशनर समाज का एक प्रतिनिधि मंडल इटकी की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर सोमवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिल कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इटकी प्रखंड में बीडीओ, सीओ के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण विभागों का लाने की मांग, इटकी पीएचसी में महिलाओं की समूचित ईलाज के लिए एक महिला डाक्टर का पदस्थापन करने सहित केंद्र में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने, आधुनिक सुविधा के साथ इटकी बाजार एवं किसान हित में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना करने, नवनिर्मित खेल स्टेडियम का उद्घाटन करने एवं खेल एकेडमी की स्थापना करना। वहीं इटकी प्रखंड के स्थापना दिवस पर अगामी 22 फरवरी को इटकी में किसान मेला का आयोजन व सफल और जागरूक किसानों को सम्मानित करने सहित पेंशनर भवन के निर्माण करवाने का अनुरोध किया गया। इससे पूर्व समाज के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर अभिनन्दन एवं जोहार किया गया। मंत्री द्वारा प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इटकी पीएचसी को सीएचसी बनाने के लिए सरकार से अनुसंसा किए जाने की जानकारी दी साथ ही प्रखंड स्थापना दिवस पर इटकी में किसान सह विकास मेला लगाये जाने की सहमति दी गयी और पेंशनर भवन के लिए ही यथोचित कर्रवाई करने का अश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में समाज के मुश्ताक अहमद, बिनोद सिन्हा, अलीहसन, नुरूल हक, ईजाजूल हक तथा हजरत अन्सारी शामिल थे।

### डीलर संघ की बैठक में मोटिया हड़ताल की समीक्षा

# दुकान तक खाद्यान पहुचने की गति धीमी

खबर मन्त्र संवाददाता

**संघ ने जतायी चिंता**

संघ के पदधारियों ने दुकान में राशन भेजने की धीमी गति पर चिंता जतायी। आपूर्ति पदाधिकारी और गोदाम प्रबंधक ने डीएसडी मनोज कुमार से इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर संघ के सचिव मोबिन अंसारी, रमेशचंद्र महतो, राजेश पासवान, अभिषेक कुमार, अख्तर हुसैन व विकास कुमार पाठक आदि मौजूद थे।

रातू। प्रखंड जन वितरण दुकानदार संघ की बैठक मोहन साहू की अध्यक्षता में हुयी। इसमें प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार, एसएफसी के सहायक गोदाम प्रबंधक मनोज कुमार, ट्रांसपोर्टर कुश पटेल के प्रतिनिधि आशीर्वाद कुमार, डीएसडी मनोज कुमार और मोटिया दिलीप कुमार व अवधेश कुमार सिंह ने हिस्सा लिया। इस दौरान मोटिया हड़ताल से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की गयी। आशीर्वाद कुमार ने मोटिया से हुये समझौते की जानकारी देते हुये बताया कि 6 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से मजदूरी निर्धारित होने के बाद हड़ताल समाप्त कराया गया। मजदूरों से उनकी कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने एसएफसी में समय पर खाद्यान पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

# न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक

खबर मन्त्र संवाददाता



ठाकुरगांव। न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल के छात्रों ने खुट्टी जिला में प्राकृतिक की गोद में स्थित पाण्डुपुडिंग जलप्रपात का शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक पर ले जाया गया। मौके पर बच्चों ने पांडुंगपुंडिंग जलप्रपात के सुंदर वादी को देख कर काफी प्रसन्न हुए और सभी शिक्षकों के साथ जलप्रपात के विभिन्न जगहों पर जाकर भ्रमण किया और खूब मजा लिया साथ में बच्चों ने ग्रुप बनाकर बैडमिंन वॉलीबॉल खेला। विद्यालय के निदेशक राशिद अंसारी ने बताया कि कक्षा से बाहर जाकर शैक्षणिक यात्राओं का उद्देश्य कक्षा में सीखी गई चीजों को देखने, छूने और अनुभव करने का अवसर प्रदान करते हैं। शैक्षणिक यात्राएं छात्रों को वास्तविक जीवन के संदर्भ में विषयों का अनुभव करने की अनुमति देता है, जिससे उन्हें यह समझने में मदद मिलता है कि कक्षा में सीखी गई अवधारणाओं को वास्तविक दुनिया में कैसे लागू किया जाता है और उसी जानकारी को विषय व विषयवस्तु से जोड़ना और उसमें विस्तार करना शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शफीक अंसारी, फैयाज खान, नुरुल्लाह अंसारी, मिनहाज अंसारी, कविता यादव, पुर्णिमा कुमारी, तबस्सुम खातून, जीनत कौशर, नुसरत जहां समेत अन्य मौजूद थे।

### आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड का आगमन

# भू जल मुद्दे और भू जल प्रबंधन की जानकारी दी



खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड मध्य पूर्वी क्षेत्र पटना राज्य कार्यालय रांची के द्वारा स्थानीय भूजल मुद्दे और भूजल प्रबंधन पर टीयर 3 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूजल विभाग से अतुल बेक वैज्ञानिक, सपना साक्षी वैज्ञानिक, मोहम्मद शादमान सहायक भूजल वैज्ञानिक एवं अन्य साथी मौजूद थे। इस कार्यकम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद साहू ने बताया कि इनके द्वारा भूजल संरक्षण एवं प्रबंधन के संदर्भ में स्लाइड्स के माध्यम से बहुत ही सारगर्भित जानकारी क्लास 9 एवं 10 के बच्चों को दी गई। इससे बच्चों में जल को संरक्षित करने के संदर्भ में जागरूकता बढ़ी और इसके माध्यम से यह बच्चे आसपास के अन्य लोगों को जागरूक करेंगे। प्रशिक्षण दल के द्वारा बच्चों को सहायक किट भी प्रदान किया गया। साथ ही बच्चों के लिए लंच पैकेट की भी व्यवस्था की गई थी। टीम के द्वारा विद्यालय के जल का सैंपल लिया गया और जलस्तर की भी जांच की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, एडवर्ड मरांडी, सुधीर पांडे, अनिल कुमार, राधा कुमारी, मनोज दुबे मनोहर यादव सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, 488 पेटी अवैध विदेशी शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



सिल्ली। सिल्ली थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर सिल्ली, अनगड़ा, राहें थाना सीमावर्ती क्षेत्र के सालगा डीपा गांव में कारवाई करते हुए लगभग 50 लाख रुपया के अवैध विदेशी शराब का जखीरा बरामद किया गया है। गोवा पंजाब सहित अंतराज्यीय गिरोह के द्वारा अवैध शराब का कारोबार चलाया जा रहा था। रांची उत्पाद विभाग के पंकज कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्वेदन किया गया। इस रेड में 50 लाख की अवैध विदेश शराब का जखीरा बरामद किया गया है। इसके साथ ही रैपर, बोतल, ढक्कन सहित अन्य समान बरामद किए गए है। इन शराब माफियाओं का इंटर स्टेट कनेक्शन है इसकी भी जानकारी उत्पाद विभाग को मिली है। हालांकि, इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। लेकिन इस नेक्सस को ऑपरेट करने वाले लोगों की तलाश की जा रही है। 488 पेटी शराब की इस बड़ी खेप को सिल्ली इलाके से बरामद किया गया है। वहीं, शराब की प्लास्टिक पाउच भी बरामद की गई है, जिसपर ओनली फॉर गोवा लिखा हुआ है। इधर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि सूचना मिली है जांच की जा रही है। इनमें शामिल जो भी है करवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### जलेस की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



जमशेदपुर। भोजपुरी भवन गोलमुरी में जलेस सिंहभूम की कार्यकारिणी बैठक अशोक शुभदर्शी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यह निर्णय लिया गया कि जलेस सिंहभूम का पिकनिक समारोह 19 जनवरी को जुबली पार्क में होगा, जिसमें समान विचार वाले संगठनों के साथी भी शामिल होंगे। निराला मजयन्ती का कार्यक्रम 9 फरवरी को भोजपुरी भवन में कराने पर सहमती बनी जबकि होली मिलन 16 मार्च को आयोजित होगा। जलेस राष्ट्रीय सम्मेलन इसी वर्ष उत्तर प्रदेश में होना निश्चित है अत: साथी शैलेन्द्र अस्थाना और साथी राजदेव सिन्हा ने होली के बाद राज्य सम्मेलन कराने का सुझाव दिया जिसे स्वीकार कर लिया गया। मौके पर डी एन एस आनन्द ने वैचारिक प्रतिबद्धता और अनुशासन पर अपनी बात रखी। दूसरे सदस्यों ने भी इस बाबत अपनी बेबाक राय दी। बैठक में अरविंद विद्रोही,अजय मेहताब, तापस चटराज एवं अन्य उपस्थित थे। अन्त में सचिव उदय हयात ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### चंद्रवती फ्लैट का ताला काट कर 15 लाख की चोरी



जमशेदपुर। थाना क्षेत्र के किताडीह में चंद्रवती फ्लैट का ताला काट कर चोरो ने 15 लाख के गहने और 50 हजार कैश लेकर फरार हो गये। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी। जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र के कीताडीह ईमामबाड़ा के पास चन्द्रवाती अपार्टमेंट के एक फ्लैट का ताला तोड़ कर चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने घर में रखे लगभग 15 लाख के गहने और 50 हजार नकदी की चोरी कर ली है। फिलहाल, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि चंद्रवती अपार्टमेंट निवासी और राशन दुकानदार समीम खान और उनकी पत्नी घर में ताला बंद कर अपने दुकान गए हुए थे। घर खाली होने का फायदा उठाते हुए चोर घर के मेन गेट में लगे ताले को कटर से काटकर घर में घुस गये। इसके बाद दो अलमीरा के लॉकर को तोड़ कर उसमें रखे सारे गहने और पैसों पर हाथ साफ किया।

### सोनाहातू सीएचसी में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

सोनाहातू। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के द्वारा सोनाहातू सीएचसी में सोमवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक अमित महतो जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, प्रमुख विक्टोरिया देवी, बीडीओ खगेश कुमार, उप प्रमुख सविता देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा, मुखिया विकास सिंह मुंडा, मुखिया सविता देवी ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलित कर किये। मेला में लोगों के लिए निशुल्क जांच सहित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य मेला में दंत चिकित्सा, परिवार नियोजन परामर्श, त्वचा जांच, टीवी नियंत्रण ओर कैंसर जागरूकता, मलेरिया ओर फाइलेरिया जांच ,वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच व परामर्श, पोषण परामर्श, सहित आंख ओर मोतियाबिंद जांच, किशोर किशोरी स्वास्थ्य परामर्श का स्टॉल लगाया गया। 250 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। स्वास्थ्य मेला को डॉ कालाचंद सिंह मुंडा, डॉ पूनम मिंज, डॉ बीना प्रसाद, डॉ अरुण कुमार, डॉ सौरभ डॉ पीयूष पाठक, विनोद कुमार राधेश सिंह, डॉ अरुण तिग्गा, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ विभा, ओर सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी का योगदान रहा। आवश्यकता अनुसार सभी को दवा भी दिया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्ण मुंडा, सहित काफी संख्या में लोग स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### केसीबी कॉलेज बेड़ो में सीआरपीएफ ने शहीद के सम्मान में किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



बेड़ो। सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र सैंबो के तत्वावधान में सोमवार को करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के परिसर में शहीद सिपाही जीडी नगवा उरांव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीआरपीएफ के अधिकारियों में असिस्टेंट कमाण्डेंट अमित कुमार, इंस्पेक्टर एस के विश्वकर्मा, प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी, वर्षर डॉ आशा लकड़ा समेत दर्जनों लोगों ने शहीद की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दिया। साथ ही अधिकारियों व शिक्षाविदों ने शहीद की पत्नी व बच्चों को पुष्पगुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं मौके पर सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमाण्डेंट अमित कुमार ने कहा कि 20 जनवरी को ही त्रिपुरा में सिपाही नगवा उरांव चिकित्सकों की टीम को बचाने के दौरान उग्रवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि शहीद के परिवार को जीवन यापन के लिए सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र के द्वारा हरसंभव मदद किया जाएगा। वहीं मौके पर सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमाण्डेंट अमित कुमार, इंस्पेक्टर एस के विश्वकर्मा, प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी,तीरथ कुमार, आकाश रक्षित, अल्पना कुमारी, जनार्दन राम, दीपशिखा व सीआरपीएफ के अजय शंकर, अखिलानंद पाण्डेय, रितेश कुमार, सुभाशीष पात्रा, पप्पु पात्रा, व धर्मेंद्र चौधरी समेत दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

# 140 करोड़ भारतीय हमारे साथ, रोहित को चैंपियंस ट्रॉफी में जीत की उम्मीद

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि चैंपियंस ट्रॉफी में जीतने के बाद जब टीम इंडिया स्वदेश लौटेगी तब 140 करोड़ भारतीय उनका स्वागत करेंगे। रविवार को मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने पर भव्य समारोह आयोजित किया था। इसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर, पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री और दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे जैसे स्टार खिलाड़ी पहुंचे। इस दौरान हिटमैन ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी पर बात की।




## रोहित ने जताई जीत की उम्मीद

इस कार्यक्रम में रोहित ने कहा कि टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद उमड़े प्रशंसकों के हुजूम को देखने के बाद उन्हें टी20 विश्व कप की व्यापकता का एहसास हुआ था। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुके भारतीय कप्तान 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को जीत कर एक बार फिर से प्रशंसकों को ऐसा एहसास देना चाहते हैं। भारत इससे पहले 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। रोहित से पूछा गया कि किस समय उन्हें वास्तव में एहसास हुआ कि भारत ने विश्व कप जीत लिया है? इस पर उन्होंने कहा, जब मैं यहां जश्न मनाने के बाद अगले दिन उठा, तब हमें एहसास हुआ। उस जश्न के बाद अगले दिन जब मैं सो कर उठा था तब मुझे एहसास हुआ था कि हमने जो किया वह बहुत, बहुत खास था। भारतीय कप्तान ने कहा, 'विश्व कप जीतना एक बात है और अपने लोगों के साथ उसका जश्न मनाना अलग बात है। आप जीत का जश्न टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ मनाते ही है लेकिन लोगों के साथ इस जश्न के साझा करने के एहसास बारे में मुझे मुंबई आने के बाद पता चला। रोहित ने कहा कि भारतीय टीम जल्द ही चैंपियंस ट्रॉफी अभियान शुरू करेगी और यहां के प्रतिष्ठित स्टेडियम में एक और ट्रॉफी लाने की कोशिश करेगी।

## तेंदुलकर ने भी साझा की यादें

सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट खेलते समय भी ऐसी ही भावनाओं का अनुभव हुआ था। उन्होंने कहा, जब वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा की गई, तो मैंने एन श्रीनिवासन (तत्कालीन बीसीसीआइ अध्यक्ष) को फोन किया और अनुरोध किया कि क्या सीरीज का दूसरा और आखिरी मैच वानखेड़े में खेला जा सकता है क्योंकि मैं चाहता हूं कि मेरी मां मुझे अपना आखिरी मैच खेलते हुए देखें। मेरी मां ने उससे पहले कभी भी स्टेडियम आकर मुझे खेलते हुए नहीं देखा था। उस समय उनका स्वास्थ्य ऐसा था कि वह वानखेड़े को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर नहीं जा सकती थी। बीसीसीआई ने बहुत शालीनता से उस अनुरोध को स्वीकार कर लिया और मेरी मां और पूरा परिवार उस दिन वानखेड़े में थे। आज जब मैंने वानखेड़े में कदम रखा, तो मैं उन्हीं भावनाओं का अनुभव कर रहा हूं।

# कोहली खेलेंगे रणजी मैच, 12 साल बाद वापसी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली 30 जनवरी से यहां रेलवे के खिलाफ होने वाले दिल्ली के मुकाबले के लिए खुद को उपलब्ध कराने के बाद 2012 के बाद अपना पहला रणजी ट्रॉफी खेल खेलने के लिए तैयार हैं। कोहली गर्दन में मोच के कारण सौराष्ट्र के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले दिल्ली के आगामी मुकाबले में नहीं आ सके, लेकिन उन्होंने डीडीसीए को सूचित कर दिया है कि वह टीम के रणजी ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच के लिए उपलब्ध हैं। दिल्ली के मुख्य कोच सरनदीप सिंह ने कहा कि विराट ने डीडीसीए अध्यक्ष (रोहन जेटली) और टीम प्रबंधन को बता दिया है कि वह रेलवे के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध हैं। इस महीने की शुरूआत में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला हारने के बाद बीसीसीआइ ने अपने अनुबंधित क्रिकेटरों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया है, जब तक कि कोई फिटनेस समस्या न हो। कोहली ने दिल्ली के लिए 23 रणजी ट्रॉफी मैच खेले हैं, जिसमें 50.77 की औसत से 1574 रन बनाए हैं। उनके रिकॉर्ड में पांच शतक शामिल हैं, जिसमें उनका असाधारण सीजन 2009-10 में आया था जब कोहली ने केवल तीन मैचों में 93.50 की उल्लेखनीय औसत से 374 रन बनाए थे। 2012-13 सीजन के दौरान अपनी आखिरी रणजी उपस्थिति में 36 वर्षीय ने 57 रन बनाए। कोहली के शुरूआती करियर का सबसे निर्णायक क्षण 2006 में अरुण जेटली स्टेडियम में आया था जब वह कर्नाटक के खिलाफ खेल रहे थे। मैच के दौरान कोहली के पिता प्रेम कोहली का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कोहली, जो रात भर 40 रन पर नाबाद थे, इस खबर से गहरे सदमे में थे। अपने दुःख के बावजूद, वह अगले दिन मैदान पर लौटे और अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण 90 रन बनाए। अपनी पारी के बाद कोहली अपने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए, जो उनके असाधारण लचीलेपन और खेल के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

# पंत को लखनऊ ने बनाया कप्तान




एजेंसी


**नयी दिल्ली।** आइपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2025 सीजन से पहले ऋषभ पंत को अपना कप्तान नियुक्त किया है, टीम के प्रमुख मालिक संजीव गोयनका ने सोमवार को यह जानकारी दी। शनिवार को जानकारी सामने आई थी कि आइपीएल 2025 से पहले पंत को लखनऊ का नया कप्तान नियुक्त किए जाने की संभावना है। पंत पिछले साल जेद्दा में आइपीएल मेगा नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे, जब उन्हें एलएसजी ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह अब केएल राहुल, निकोलस पूरन और क्रुणाल पांड्या के बाद आइपीएल में खेलने के अपने इतिहास में लखनऊ के चौथे कप्तान होंगे।

# मोहम्मद शमी इज बैक

## कोलकाता में बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर किया अभ्यास

एजेंसी

**कोलकात्ता।** भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज के शुरूआती मैच से पहले तीन घंटे के अभ्यास सत्र के लिए एकत्र हुई तो सभी की नजरें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर थी। चोट के कारण 14 महीने के लंबे अंतराल पर राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए शमी ने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी लय में गेंदबाजी की। अपने बाएं घुटने पर भारी पट्टी बांधकर शमी ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में शुरूआत में छोटे रनअप के साथ धीमी गेंदबाजी की और फिर पूरे रनअप के साथ गेंदबाजी की गति को बढ़ाया। उन्होंने लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी करने के बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास में भी हिस्सा लिया। शमी की फिटनेस को लेकर संदेह था। उन्होंने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे युवा बल्लेबाजों को अपनी गति और सटीक लाइन लेंथ से परेशान कर हर तरह की चिंताओं को दूर किया। इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने उनके खिलाफ कुछ आक्रामक शॉट लगाए। गेंदबाजी अभ्यास खत्म करने के बाद उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल से बातचीत की। शमी को टी20 टीम में शामिल किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि टीम 19 फरवरी से दुबई और पाकिस्तान में शुरू होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपने तेज आक्रमण को मजबूत करना चाहती है।



# सिनर ने रूने को हराया, स्वितोलिना तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में



यानिक सिनर

एजेंसी

**मेलबर्न।** इटली के यानिक सिनर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए आस्ट्रेलियाई ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ। आखिर में गत चैंपियन सिनर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिये गए। सिनर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टियेन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन या फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिड़ंत टॉमी पॉल से होगा।

महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 30 वर्ष की एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है। एलिना ने 2021 में फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ। स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीस से होगा जिसने 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिकाबिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया। कीस 2015 और 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंची है। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में एडीलेड में खिताब जीता था। स्वितोलिना ने मैच के बाद टीवी कैमरा लेंस के लिये मैसेज में लिखा, 'द स्पिरिट आफ यूक्रेन' और दिल का आकार बनाया। उन्होंने लाल ड्रेस, लाल जूते और लाल कैप पहनी थी। दर्शकों ने उनके लिये पीले और नीले रंग के यूक्रेन के ध्वज लहराए।



## सूरमा ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 2-1 से हराया

**राउरकेला।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में रोमांचक मुकाबले में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 2-1 से हराया। आज यहां सोमवार को राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में आयोजित मुकाबले के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रमाक खेल का प्रदर्शन किया लेकिन दोनों ही गोल करने में विफल रहे।

## सिंधु, चिराग-सात्विक लक्ष्य करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन जकार्ता में मंगलवार से शुरू होने वाले इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूनार्मेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। महिला एकल विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज पीवी सिंधु अपने टूनार्मेंट के शुरूआती मैच में वियतनाम की दुनिया की 32वें नंबर की खिलाड़ी गुयेन थ्यू लिन्ह से भिड़ेंगी। इसी के साथ महिला एकल वर्ग में आकर्षी कश्यप, अनुपमा उपाध्याय और रक्षिता रामराज भी एक्शन में नजर आएंगी।

# सूरमा हॉकी क्लब ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 5-1 से जीत



**रांची।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने सोमवार को महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग में दिल्ली एसजी पाइपर्स को 5-1 से हराया। सोमवार को यहां रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में सूरमा हॉकी क्लब के लिए चार्लोट एंगलबर्ट ने (छठें) मिनट में और सोनम ने (नौवें और 10वें) मिटन में गोल दाग कर अपनी टीम को शानदार बढ़त दिलाई। जिसे तीसरे क्वार्टर में चार्लोट स्टेपेनहोर्स्ट ने (36वें) मिनट में गोलकर 4-0 कर दिया।

# साइकिलिंग में राजस्थान बना ओवरऑल चैंपियन, महाराष्ट्र रहा उपविजेता

**68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता**

खबर मन्त्र संवाददाता


**रांची।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के ट्रैक साइकिलिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया है। साइकिलिंग में राजस्थान को 81 अंक मिले हैं। महाराष्ट्र 40 अंकों के साथ उपविजेता रहा। अंडर-14 और अंडर-17 साइकिलिंग में मणिपुर विजेता और राजस्थान उपविजेता बना। अंडर-19 में महाराष्ट्र विजेता और राजस्थान उपविजेता बना। अंडर-19 में महाराष्ट्र की आकांक्षा को बालिका वर्ग और राजस्थान के शिवरतन को बालक वर्ग में बेस्ट राइडर का पुरस्कार मिला है। सोमवार को हुए अंडर 17 बालक वर्ग एकल साइकिलिंग प्रतियोगिता में झारखंड के पवन उरांव ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के महादेव सरन को स्वर्ण पदक और राजस्थान के ही सुनील सरन को रजत पदक मिला। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग प्रतियोगिता में राजस्थान की रुक्मणि को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र की प्रजक्ता को रजत पदक और मणिपुर की उशम संध्या को कांस्य पदक मिला है। बालक वर्ग अंडर-14 साइकिलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के धर्मराम सरन को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र के रूद्रनील पाटिल को रजत पदक और पंजाब के गगनदीप सिंह को कांस्य पदक मिला। जबकि बालिका वर्ग अंडर-14 साइकिलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की डिंपल को स्वर्ण पदक, राजस्थान की ही दीक्षा को रजत पदक और पंजाब की पलकप्रीत कौर को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग अंडर-19 साइकिलिंग प्रतियोगिता में असम की देवी चबुकधारा को स्वर्ण पदक, राजस्थान की लक्ष्मी बिश्नोई को रजत पदक और असम की टिंकल गोगोई को कांस्य पदक मिला है। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के शिवरतन को स्वर्ण पदक, असम के रूपज्योति को रजत पदक और राजस्थान के ही दिनेश को कांस्य पदक मिला है।




## ग्रुप साइकिलिंग में झारखंड की बेटियों का कमाल

अंडर-19 बालिका वर्ग समूह साइकिलिंग प्रतियोगिता में तमिलनाडु की जे निरामथी, एस साधना श्री, एस सोबरइनका ऑर्ट टी कार्थियायनी को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र की आशावरी, आकांक्षा, प्रेरणा और ऋतिका को रजत पदक, जबकि और झारखंड की नैंसी उरांव, संजू कुमारी, श्वेता कुमारी और तारा मिंज को कांस्य पदक मिला है। अंडर-19 बालक वर्ग समूह साइकिलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के दिनेश, हरी प्रकाश, सचिन और शिवरतन को स्वर्ण पदक, पंजाब के अमित सिंह, गुरासीस सिंह, प्रशांत सिंह और युवराज सिंह को रजत पदक और बिहार के आर्यन तेजस, दीपक कुमार, विकास कुमार और विकास यादव को कांस्य पदक मिला है।





स्पीड न्यूज

## पीएलवी ने कराया गंभीर बीमारी से पीड़ित युवक का इलाज

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंका प्रखंड के बिश्रामपुर पंचायत निवासी पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने गंभीर बीमारी से पीड़ित युवक का इलाज कराया। राजेश के आग्रह पर रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ गोरखनाथ पाण्डेय ने गैग्रीन नामक बीमारी से पीड़ित गोदारमाना थाना के ग्राम गोदरमाना के श्यामकिशोर प्रसाद के पुत्र अनिकेत कुमार की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाए एवं परिवारवालों को सलाह दिया। साथ ही रिम्स रांची के लिए रेफर की प्रक्रिया शुरू किया गया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मो ईस्रियाक, डॉ. प्रीति सिंह तिवारी, तरुण विश्वास, सत्यप्रकाश कुमार, चिन्ता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जागरूकता शिविर

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कुरूवादी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 36 छात्रों एवं 38 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल विवाह प्रतिषेद्य अधिनियम 2006, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना आदि की जानकारी दी। पीएलवी रामाशंकर चौबे ने मातृत्व वंदना योजना बाल श्रम प्रतिषेद्य अधिनियम की जानकारी देकर बच्चे, शिक्षक एवं अभिभावकों को जागरूक किया। मौके पर गढ़वा प्रखंड प्रमुख मो. फैजल अंसारी, विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार, अर्जुन राम, अरुण कुमार, मो. हाशिम अंसारी, मो. पाचू चौधरी, अब्दुल मजीद अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**मझिआंव।** प्रखंड के सभागार में 18 जनवरी से चल रहे तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय सहजकर्ता दल के प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर उपस्थित बीडीओ श्रीमती कनक एवं प्रशिक्षण दल द्वारा उपस्थित दल के सभी चयनित सदस्यों को प्रशिक्षण के दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीडीओ ने सहजकर्ता दल को बताया कि उन्हें किस प्रकार अपने पंचायत के गांवों में ग्राम सभा कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए योजनाओं का चयन करेंगे। इस संबां में विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक पंचायत के लिए अलग-अलग थीम का चयन किया गया है। थीम के अनुसार ही प्राथमिकता तय कर योजनाएं चयनित की जानी है। योजनाओं के चयन के लिए सरकार द्वारा सहजकर्ता दल का गठन किया गया है। मौके पर मास्टर ट्रेनर महताब आलम, अरुण कुमार पांडेय, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कार्तिक कुमार सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## मुसहर परिवारों के बीच कंबल वितरण

**गढ़वा।** बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीरबांध पंचायत के नवादोहरी टोला में मुसहर परिवारों के बीच ठंड से राहत के लिए कम्बल का वितरण किया। साथ ही वहां के संबंधित डीलर को मुसहर परिवारों के बीच खाद्यान देने का भी निर्देश दिया। इस दौरान अंचला पंचायत के भुईयां टोली में भी कम्बल का वितरण किया गया। इसके पूर्व प्रखंड सभागार में भी एक समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें बीडीओ ने सभी प्रखंड कर्मियों के साथ प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास से संबंधित बैठक की। साथ ही गणतंत्र दिवस की आवश्यक तैयारियों से संबंधितों को दिशा निर्देश दिया। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, अंचला पंचायत का मुखिया मुखराम भारती, बीरबांध पंचायत का मुखिया प्रतिनिधि अजय ठाकुर, कनीय अभियंता अरुणदेव सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# पंचायत सरकार भवन बनाने की मांग

### ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर किया धरना प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**नवादा।** पूरे बिहार में जहां मुख्यालय है वहीं पंचायत सरकार भवन बनाने की राज्य सरकार का दिशा निर्देश जारी है, लेकिन प्रखंड स्तर पंचायत हुक्म रानो इस बात को मानने को तैयार नहीं है। इसी कड़ी में सोमवार को लेदहा पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों ने नवादा जिला मुख्यालय में आकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। लेदहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य श्रवण यादव, अजय यादव, पुनिया देवी, विनोद राउत, संजय राउत, सुधीर कुमार, ईश्वरी पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने नवादा डीएम को हस्तलिखित आवेदन देकर लेदहा पंचायत के लेदहा गांव में भूमि गांव वाले दे रहे हैं लेकिन मुखिया व अकबरपुर अंचल कर्मी पंचायत सरकार भवन को चपरेहत गांव में बनवाने की मंशा पाले हुए हैं जो सही नहीं है साजिश को उजागर करने हेतु धरना प्रदर्शन कर डीएम रवि प्रकाश से अविलंब त्वरित कार्रवाई करते हुए पंचायत सरकार भवन लेदहा में ही बनवाने की मांग की है।

### हत्यारा को अपने पड़ोसी महिला से देख लिया था अवैध संबंध बनाते

# लवकुश हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घीवाढार पंचायत के गोविंदापुर पासवान टोली के युवक लवकुश पासवान के हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए हत्या में शामिल दो युवको पकड़ा है। पकड़े गये युवक गोविंदापुर के लक्ष्मण पासवान का पुत्र सोनू व बाबूलाल प्रसाद का पुत्र सोनेलाल पासवान है।

अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि 14 जनवरी को गोविंदापुर निमिया माई स्थान के समीप नहरी से लवकुश का शव गड्ढे से खोदकर निकाला गया था। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गठित एसआईटी ने मामले का उद्भेदन कर लिया है। पासवान टोली के एक महिला के साथ पन्नालाल प्रसाद को अवैध संबंध बनाते लवकुश ने देख लिया था। गांव में हल्ला न हो, इसके लिए पन्नालाल ने अपने भाई सोनेलाल व लवकुश के जिगरी दोस्त सोनू के साथ मिलकर उसकी हत्या कर शव को गड्ढे में गाड़ दिया। लवकुश के हत्या के बाद 31 दिसंबर को पन्नालाल शराब मामले में पकड़ा गया। जिसे पुलिस न्यायिक हिरासत में भेज दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस जेल में बंद पन्नालाल को रिमांड पर लेगी। छापेमारी टीम में अरेराज सर्किल इंस्पेक्टर पूर्णकाम सामर्थ, थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा, दारोगा रविरंजन कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। उल्लेखनीय है, कि 20 दिसंबर से ही लवकुश घर से लापता था। शव मिलने पर उसकी विधवा मां मुन्नी देवी ने थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई थी। पकड़े गए दोनो आरोपी को पुलिस न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



### 1988-89 से लंबित इस समस्या के समाधान से लाखों नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद

# 36 साल बाद पूर्णिया शहर में, लगान निर्धारण का मार्ग प्रशस्त

एजेंसी

**पूर्णिया।** पूर्णिया के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में शहरी क्षेत्र के लगान निर्धारण की प्रगति का जायजा आज लिया। 1988-89 से लंबित इस समस्या के समाधान से लाखों नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है।



अपर समाहर्ता ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के 21 पुराने वार्डों में एमएस सर्वे खतियान के आधार पर लगान निर्धारण का कार्य पूरा कर लिया गया है। विशेष रूप से वार्ड संख्या 9 और 10 में ऐसे रैयतों की जमाबंदी में भी लगान की प्रविष्टि कर दी गई है, जिनकी जमाबंदी तो पहले से कायम थी, लेकिन लगान निर्धारित नहीं था। इस पहल से लगभग 11,000 रैयती खातों में लगान की प्रविष्टि की गई है। अब रैयत बिहार सरकार के परिमार्जन प्लस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और अपनी जमाबंदी में लगान की प्रविष्टि करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने इस कार्य को मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान से न केवल आम लोगों को भू-स्वामित्व प्रमाण-पत्र (एलपीसी) प्राप्त करने और बैंक से ऋण लेने में सुविधा होगी, बल्कि सरकार को भी राजस्व प्राप्ति में मदद मिलेगी।

बैठक में डीआरडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि लगान निर्धारण की प्रविष्टि त्रुटिरहित तरीके से की जाए और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# डीएवी मॉडल में साइंस एग्जीबिशन कार्यक्रम



सम्मानित करते निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के डीएवी मॉडल स्कूल में सोमवार को साइंस एग्जीबिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक सुशील कुमार केशरी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपने-अपने मॉडल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि साइंस एग्जीबिशन कार्यक्रम का आयोजन करने से बच्चों में अध्ययन के साथ-साथ विशेष प्रतिभा का विकास होता है। बच्चों के द्वारा मॉडल बनाने पर उनकी प्रतिभा निखरती हैं। इससे बच्चों के सोचने समझने की क्षमता काफी बढ़ जाती है। प्राचार्य गुलाम सरवर ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में और अच्छा मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर अंजनी कुमार सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र कुमार, चंदन कुमार, मदन मोहन द्विवेदी, तान्या कुमारी, शिवानी कुमारी, आरती कुमारी, श्वेता कुमारी, कोमल कुमारी, सिमरन कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का होगा आयोजन

**मझिआंव।** झारखंड राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार के निर्देश पर मझिआंव रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ की देख रेख में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि 21 जनवरी को कांडी प्रखंड परिसर, 22 जनवरी को बरडीहा स्वास्थ्य केंद्र परिसर और 24 जनवरी को मझिआंव रेफरल अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेला में मिलने वाली सभी निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि निर्धारित तिथि को दस बजे समयानुसार इस स्वास्थ्य मेला में क्षेत्र के लोग उपस्थित होकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच कराएं। टीवी, समान चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मलेरिया, टीवी नियंत्रण, गर्भवती महिलाओं की जांच, आयुष्मान कार्ड, आंखों की जांच सहित लगभग सभी प्रकार की जांच कर निःशुल्क दवा दिया जाएगा।

### स्वामी विवेकानंद से प्रेरित होकर

# युवा शक्ति को देश सेवा के प्रति उन्मुख होना चाहिए : निदेशक



उपस्थित बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में विवेकानंद जी का विचार सदैव विश्व युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है विषय पर एक परिचर्चा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि आज भी भारत के प्रत्येक युवा को स्वामी विवेकानंद की जीवनी से सबक लेना चाहिए तथा उनसे प्रेरित होकर वर्तमान युवा शक्ति को समाजसेवा और देश सेवा के प्रति हमेशा उन्मुख होना चाहिए। उनका संदेश युवा शक्ति में अपार सामर्थ्य और सही दिशा की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है। आज के युवा शक्ति यदि दृढ़संकल्प हो जाए तो समाज और देश में फैले हुए कुरीतियों को साफ कर सकता है और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। स्वामी विवेकानंद एक युवा संत थे जिन्होंने विश्व पटल पर भारत और सनातन र्म का पताका फहराया था। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, विकास कुमार, निरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, ज्योति तिवारी, शिवानी कुमारी, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

## बसंत बने कृषि सहकारिता, पशुपालन तथा मत्स्य विभाग के जिला विधायक प्रतिनिधि

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र 77 के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने बरडीहा थाना क्षेत्र के बरछाबांध गांव निवासी स्वर्गीय चेतन चौधरी के पुत्र बसंत कुमार चौधरी उर्फ मंडल कुमार चौधरी को जिला के कृषि, सहकारिता, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस संबंध में मनोनीत जिला विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार चौधरी उर्फ मंगल कुमार चौधरी ने कहा कि विधायक के द्वारा मुझे जिस उम्मीद के साथ कृषि, सहकारिता, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग का जिला विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है मैं उनका शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा कि विभाग से संबंधित सभी किसानों की समस्याओं का तत्काल निदान करवाते हुए सरकार के द्वारा दी जाने वाली है।

# जायन्ट्स परिवार का पद स्थापना समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में जायन्ट्स परिवार गढ़वा का पद स्थापना समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा एसडीओ संजय पांडेय, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी सदस्य अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, अलखनाथ पांडेय, मदन प्रसाद केशरी एवं फेडरेशन के वर्तमान पदाधिकारी नन्दकुमार गुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर एसडीओ सहित सात लोगों ने जायन्ट्स की सदस्यता ग्रहण की। यूनिट 2 के निदेशक एसके जोरियार ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। इसके पूर्व सभी ग्रुप के द्वारा पूरे वर्ष के सेवा कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी ग्रुपों के कार्यकलाप को सुनने के बाद बहुत प्रभावित हुए और सब की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छोटा-छोटा काम ही सही एक-एक काम जोड़कर एक बहुत बड़ा काम हो जाता है। उन्होंने जायन्ट्स से गढ़वा पुस्तकालय को गोद लेने का प्रस्ताव दिया जिसे जायन्ट्स पदाधिकारियों ने सहर्ष स्वीकार किया। सभी ग्रुप के अध्यक्ष द्वारा अपने ग्रुप के सदस्यों को सेवाकार्यों में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी, उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा, चंद्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, सहेली अध्यक्ष सुनीता केशरी, उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता, वंदना सोनी, प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप, मनोज केशरी, ध्रुव केशरी, अशोक गुप्ता, शौकत खान, रवींद्र जायसवाल, सुनील अग्रवाल, अरुण सोनी, रविन्द्र केशरी, चंदन चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक तिवारी ने किया।



मंचसीन अतिथि

## प्रभारी प्रधानाध्यापक के तौर पर दिलीप ने दिया योगदान

**भवनाथपुर।** जमा दो हाई स्कूल का 12वें प्रभारी प्रधानाध्यापक के तौर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक दिलीप कुमार उपाध्याय ने सोमवार को योगदान दिया। डीईओ के आदेशानुसार पदमुक्त हुए पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक अंकित त्रिवेदी ने प्रभार सौंपा। प्रभार लेने के बाद बतौर प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार उपाध्याय ने पत्रकारों से कहा कि विभाग के आदेश और का अक्षरशः अनुपालन कर उद्देश्य को पूरा करने का प्रयास के साथ-साथ सभी लोगों के सहयोग से न्याय, समानता और स्वतंत्रता के लक्ष्य को पुरा करने का प्रयास करूंगा। जांचोपरांत कार्यालय के आदेशानुसार ज्ञापक 33 दिनांक 8 जनवरी 2025 को डीईओ ने अंकित त्रिवेदी को पदमुक्त करते हुए दिलीप कुमार उपाध्याय को प्रभारी प्रधानाध्यापक के प्रभार सौंपने का आदेश पत्र जारी किया था।

खबर एक नजर में

## सोहराय पर्व पर आयोजित मेला का मंत्री लेसी सिंह ने किया उद्घाटन

**पूर्णियां।** पूर्णियां जिले के धमदाहा प्रखंड स्थित हरिणकोल मैदान में बिहार सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आदिवासी समाज के पवित्र पर्व सोहराय के उपलक्ष्य में मेले का उद्घाटन बिहार सरकार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने किया। इस अवसर पर मंत्री ने आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना की, जिसमें प्रकृति पूजा और गौ-पूजा शामिल थी। उन्होंने धमदाहा और के. नगर के आदिवासी समाज के नायक, मांझी बाबा तथा उनके कमिटी के सदस्यों को पाग और साल पहनाकर सम्मानित भी किया। मंत्री ने सोहराय पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति प्रेम, पशु-पक्षियों की श्रद्धा और देवी-देवताओं के प्रति विश्वास का प्रतीक है।

## 61 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया

**भागलपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आर्म्स, मादक पदार्थ और शराब तस्करी के खिलाफ सुल्तानगंज थाना पुलिस गश्ती और छापेमारी क्षेत्र में लगातार कर रही है। इस दौरान सुलतानगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 61 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार है। बरामद गांजे की कीमत लाखों रुपया बताई जा रही है। सोमवार की शाम सुलतानगंज थाना परिसर में विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण ने प्रेस वार्ता के दौरान उक्त जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि सुल्तानगंज थाना पुलिस गुप्त सूचना पर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल के नेतृत्व में मुंशीपट्टी गांव पहुंची। इस दौरान पुलिस ने मुकेश मंडल के घर से 61 किलो गांजा बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने मौके पर से विकास मंडल और सुनील मंडल को गिरफ्तार किया।

## वीर कुंवर सिंह फुटपाथ दुकानदार संघ ने मनाया स्ट्रीट वेंडर्स दिवस

**सहरसा।** वीर कुंवर सिंह फुटपाथ दुकानदार संघ द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स दिवस के अवसर पर वीर कुंवर सिंह चौक पर सोमवार को वेंडर्स दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह फुटपाथ दुकानदार संघ के शंकर कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करे भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कामरेड ओमप्रकाश नारायण ने कहा कि आज का दिन फुटपाथ दुकानदारों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। आज ही के दिन फुटपाथ जीविका संरक्षण कानून बना और लागू हुआ। फुटपाथ दुकानदारों के हित के लिए लगातार संघर्ष में भागीदारी देने व फुटपाथ के अधिकार को दिलाने के लिए कृत संकल्पित रहने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष राजद के प्रदेश महासचिव धीरेंद्र यादव ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों के अधिकार की लड़ाई में साथ रहेंगे। फुटपाथ दुकानदारों को यदि कोई बिना बसाए उजाड़ने की कार्यवाही करता हैं तो हम आपके संघर्ष में साथ है।

## तरौना भोजपुर के मुखिया ने डीएम को सौंपा आवेदन

**अररिया।** अररिया प्रखंड के तरौना भोजपुर के मुखिया हर्षवर्द्धन नारायण सिंह ने डीएम अनिल कुमार को सोमवार को एक आवेदन सौंपा। जिसमें उन्होंने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत वार्ड स्तर पर कार्यरत दो स्वच्छता कर्मी में से एक को हटाने के निर्णय पर सवाल खड़ा किया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक की ओर से जारी संशोधित दिशा निर्देश पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि वार्डों की जनसंख्या तथा कचरे का निष्पादन एक कमी के भरोसे चुनौती पूर्ण है। डीएम को सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में दो स्वच्छता कर्मियों का चयन विभागीय निर्देश के आलोक में की गई थी। और चयनित स्वच्छता कर्मी अनवरत बिना पारिश्रमिक प्राप्त किए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### डॉक्टर रेप-हत्या ...

**सीबीआइ की जांच जारी रहेगी :** हालांकि रॉय के खिलाफ सजा की प्रक्रिया पूरी हो गयी, लेकिन मामले में सबूतों से छेड़छाड़ और बदलाव के संबंध में सीबीआई की जांच अभी भी जारी रहेगी। सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने विशेष अदालत को पहले ही सूचित कर दिया है कि सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने की गुंजाइश अभी भी खुली है, तथा इस विशेष पहलू पर मामला लंबित है।

**डाक्टर समुदाय भी खुश नहीं :** मेडिकल सर्विस सेंटर के राज्य सचिव डॉ बिप्लब चंद्रा ने कहा, यह एक तरह का मजाक है, हम बिल्कुल भी खुश नहीं हैं, क्योंकि हम सभी जानते हैं कि संजय रॉय अकेला अपराधी नहीं है। इसलिए, हम जानना चाहते थे कि असली अपराधी कौन है। और इस हत्या का मकसद क्या है। हम बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हैं। हमें इस तरह के अन्याय के खिलाफ एक नयी लड़ाई शुरू करनी होगी।

### अमित शाह मामले में ...

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने रांची की एक मजिस्ट्रेट अदालत के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें मुकदमे के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने दलील दी कि इस मामले से शिकायतकर्ता का कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि पीड़ित व्यक्ति (श्री शाह) ने शिकायत दर्ज नहीं करायी है। उन्होंने शीर्ष अदालत के पिछले फैसले का हवाला दिया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही मानहानि की शिकायत दर्ज करा सकता है।

### पाकुड़ की आधी ...

**क्या है वंचित श्रेणी : वंचित समूह :** वंचित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जाति, वनभूमि के पप्ताधारी परिवार और 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता वाले बच्चे शामिल। कमजोर वर्ग - कमजोर वर्ग में गरीबी रेखा के नीचे के परिवार शामिल।

### लगातार सदन स्थगित...

एक देश एक विधान के लक्ष्य को करेंगे पूरा : ओम बिरला ने कहा कि खुशी है कि आज देश के अधिकतम विधानसभा में डिजिटल काम हो रहा है। अब एक प्लेटफार्म पर विधानसभा और लोकसभा की कार्रवाई होगी तो सार्थक चर्चा हो सकेगी। 2025 में एक देश एक विधान के लक्ष्य को पूरा करेंगे।

**'बिहार शिक्षा और ज्ञान की धरती :** लोकसभा अध्यक्ष ने बिहार के कई विभूतियों का नाम लिया। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती शिक्षा और ज्ञान की धरती है। नालंदा विक्रमशिला यहीं था. इसलिए ज्ञान और अनुभव के माध्यम से हमारे लोकतांत्रिक संस्थाओं को नया संदेश इस धरती से जाने वाला है।'इस धरती से देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद हुए। जिनकी संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका थी। यह धरती कपूरी ठाकुर की है, जिन्होंने गरीबों के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। बिहार की धरती ज्ञान और आध्यात्मिक धरती है। भगवान बुद्ध के करुणा और शांति का संदेश दुनिया भर में पहुंच रहा है। बिहार की धरती हम सबके लिए प्रेरणा की धरती है।

**सीएम और नेता प्रतिपक्ष नहीं आये :** यह सम्मेलन दो दिनों तक चलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के अनुपस्थित रहने की भी चर्चा होती रही। 21 जनवरी को सम्मेलन का दूसरा दिन है।

स्पीड न्यूज

## कोलंबिया में गुरिल्ला समूहों के हमलों में 80 की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया में सप्ताहांत में गुरिल्ला समूहों के हमलों में कम से कम 80 लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) गुरिल्लाओं के हमलों और कैटाटुम्बो क्षेत्र में कोलंबिया के विघटित क्रांतिकारी सशस्त्र बलों (एफएआरसी) के असंतुष्टों के साथ संघर्ष में मारे गए थे। लोकपाल कार्यालय ने बताया कि पीड़ितों में लगभग 10 साल पहले शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले सात लोग और समुदाय के नेता कामेली ग्युरेरो शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों के कारण हजारों लोगों को भागने के लिए मजबूर होना पड़ा और परिवार अपने घरों तक ही सीमित हो गए।

## रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने 31 यूक्रेनी ड्रोन किये नष्ट

**मास्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने रविवार रात रूसी क्षेत्रों में 31 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया और कई ड्रोनों के हमला करने के प्रयासों को विफल कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा, कल रात के दौरान, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 31 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया ह्व मंत्रालय के अनुसार, 14 ड्रोन को ब्रांस्क क्षेत्र में, छह को कलुगा क्षेत्र में, तीन-तीन को बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्रों में, दो-दो को रियाजान और ओर्योल क्षेत्रों में और एक को तातारस्तान के ऊपर मार गिराया गया।

## गाजा संघर्ष विराम समझौते के तहत तीन महिला बंधक इजरायल सेना के सुपुर्द

**यरूशलम।** इजरायल ने रविवार पुष्टि की कि हमास ने तीन महिला इजरायली बंधकों को गाजा में रेड क्रॉस को स्थानांतरित कर दिया है। बाद में रेड क्रॉस ने इन तीनों को इजरायल रक्षा बल(आईडीएफ) को सुपुर्द कर दिया। इजरायल सरकार ने एक्स रिहा किये गये बंधकों को आईडीएफ को सुपुर्द किये जाने का वीडियों साझा करते हुये कहा, एमिली, रोमी और डोरोन को रेड क्रॉस से आईडीएफ के सदस्यों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**ढाका।** दो भारतीय नागरिकों और एक बांग्लादेशी दलाल को कुरीग्राम में फुलबारी सीमा के पास गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने का आरोप है। फूलबाड़ी थाना प्रभारी मामुनूर रशीद ने इसकी पुष्टि की। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, थाना प्रभारी रशीद ने कहा कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बालारहाट शिविर के बटालियन-15 के सदस्यों ने तीनों को हिरासत में लिया और कल रात फूलबाड़ी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। यह घटना फुलबारी उपजिला के नाओडांगा संघ के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 933 के पास बालाटारी गांव में हुई। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों की पहचान भारत के पूर्व बर्धमान जिले की 28 वर्षीय रेशमा मंडल और दक्षिण 24 परगना जिले के 18 वर्षीय सौरव कुमार सपुई के रूप में हुई है।

# आग के बाद अमेरिका में अब बर्फबारी से तबाही

## जमा देने वाले तूफान का अलर्ट, 7 करोड़ लोगों को दी गई चेतावनी, 25 सेंटीमीटर तक बर्फबारी पड़ने का अनुमान

एजेंसी

**एपी, बोस्टन।** अमेरिका में ईस्ट कोस्ट के लाखों निवासियों को भारी बर्फबारी का सामना करना पड़ सकता है। इसके बाद उत्तर के मैदानी इलाकों से लेकर मेन प्रांत के आखिरी छोर तक देश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। राष्ट्रीय मौसम सेवा द्वारा जारी की गई शीतकालीन तूफान की चेतावनी मध्य अटलांटिक के कुछ हिस्सों के लिए पहले ही प्रभावी हो गई है। इस दौरान 15 सेंटीमीटर तक बर्फबारी का अनुमान है।



**सात करोड़ लोगों को दी गई चेतावनी :** न्यू इंग्लैंड में सोमवार दोपहर से ही चेतावनी जारी कर दी है। मैसाचुसेट्स, न्यू हैंपशायर, मेन और कनेक्टिकट के कुछ हिस्सों में 25 सेंटीमीटर तक बर्फबारी हो सकती है। कालेज पार्क मैरीलैंड में राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी मार्क चेनार्ड ने अनुमान लगाया है कि आने वाले दिनों में न्यू इंग्लैंड और मध्य-अटलांटिक सहित सात करोड़ निवासियों को किसी न किसी तरह के शीतकालीन तूफान के खतरे की चेतावनी दी जाएगी।

**बर्फबारी के बाद होगी कड़ाके की ठंड :** फिलाडेल्फिया, न्यूयॉर्क और बोस्टन जैसे बड़े शहरों में मंगलवार शाम कई सेंटीमीटर बर्फबारी हो सकती है, जिसमें सबसे ज्यादा बर्फबारी शहरों के बाहरी इलाके में होगी। इसके बाद कड़ाके की ठंड भी पड़ेगी। चेनार्ड ने कहा कि रात के समय देश के बड़े इलाके में निश्चित रूप से सड़कों की स्थिति खतरनाक होगी। मंगलवार सुबह तक जिन सड़कों को साफ नहीं किया जाएगा, उन पर यात्रा करना खतरनाक होगा। हालांकि, यह बर्फबारी अस्त-व्यस्त सप्ताह की शुरूआत मात्र है।

### माइनस 40 डिग्री सेल्सियस की हवाए चल रहीं

अमेरिका के पूर्वी हिस्से के अधिकांश भाग को इस सर्दी के सबसे कम तापमान का सामना करना पड़ेगा। रॉकी पर्वत से लेकर उत्तरी मैदानों तक के क्षेत्र में सोमवार से लेकर आने वाले सप्ताह तक सामान्य से अधिक ठंड रहेगी। सोमवार और मंगलवार को तापमान माइनस 34 डिग्री सेल्सियस से माइनस 48 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। नॉर्थ डकोटा और मिनेसोटा के कुछ हिस्सों में माइनस 40 डिग्री सेल्सियस की ठंडी हवाएं पहले से ही चल रही हैं। ह्यूस्टन आर्कटिक बर्फबारी के लिए तैयार है, जिसमें तापमान शून्य से नीचे चला जाएगा, बर्फीली हवाएं चलेंगी और अगले सप्ताह की शुरूआत में बर्फबारी की भी संभावना है। इसे देखते हुए पूरे शहर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 21 जनवरी को स्कूल बंद रखने का आदेश दिया गया है। आर्कटिक बर्फबारी के दौरान बहुत ठंडी हवाएं चलने और बर्फीली बारिश होने की संभावना है। इससे कई दिनों तक तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से नीचे रहने की उम्मीद है। सप्ताह के मध्य तक ओले पड़ सकते हैं और हिमपात हो सकता है। ह्यूस्टन शहर के लिए स्थितियां रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों होंगी, क्योंकि यहां औसतन हर चार साल में एक बार ही हिमपात होता है। अधिकारियों और निवासियों ने तूफान से बचने के लिए तेजी से कदम उठाया है।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को मिली मंजूरी, जल्द होगा लागू

## बोले सीएम धामी, देवभूमि से यूसीसी की गंगोत्री पूरे देश में जाएगी

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए धामी मंत्रिमंडल ने सोमवार को इसकी नियमावली को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह फैसला 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।

सोमवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यूसीसी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। हालांकि, निकाय चुनावों के चलते मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग आयोजित नहीं हो सकी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो भी वादा किया उसे पूरा किया है। हमने 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व वादा किया था कि हम प्रदेश में समान नागरिक संहिता लेकर आएंगे। आज ही मंत्रिमंडल की बैठक में हमने सर्वसम्मति से यूसीसी को पारित कर दिया है, जिसे शीघ्र ही प्रदेश में लागू किया जाएगा। हमने जनता की मांग के अनुरूप ही प्रदेश में धर्मांतरण, लैंड जिहाद और थूक जिहाद, दंगा और नकल रोकने के लिए सख्त कानून बनाए हैं।



समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का वेबपोर्टल 21 जनवरी को पहली बार प्रदेशभर में एक साथ उपयोग में आएगा। फिलहाल यह कवायद सरकार के अभ्यास (मॉक ड्रिल) का हिस्सा होगी। इसके बाद यूसीसी को लागू किया जा सकता है। मॉक ड्रिल से सरकार, विशेष समिति और प्रशिक्षण टीम अपनी-अपनी तैयारियों को परख सकेंगी।

यूसीसी लागू होने पर सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक ही कानून। 26 मार्च 2010 के बाद से हर दंपती के लिए तलाक व शादी का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। हलाला और इद्दत जैसी प्रथा खत्म होगी। महिला का दोबारा विवाह करने की किसी भी तरह की शर्तों पर रोक होगी। कोई बिना सहमति के धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का अधिकार होगा। लिव इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा

ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, महानगर पालिका स्तर पर पंजीकरण की सुविधा। पंजीकरण न कराने पर अधिकतम 25,000 रुपये का जुमार्ना। पंजीकरण नहीं कराने वाले सरकारी सुविधाओं के लाभ से भी वंचित रहेंगे। विवाह के लिए लड़के की न्यूनतम आयु 21 और लड़की की 18 वर्ष होगी। महिलाएं भी पुरुषों के समान कारणों और अधिकारों को तलाक का आधार बना सकती हैं।

**यूसीसी का सफर:** विधानसभा चुनाव में 12 फरवरी 2022 के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी की घोषणा की। धामी मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी लाने के लिए फैसला लिया गया। मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति बनी। समिति ने 20 लाख सुझाव ऑफलाइन और ऑनलाइन प्राप्त किए।

## डॉ. जयशंकर ने जापान व ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए वाशिंगटन पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक होने की रिपोर्ट के बीच डॉ. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही, क्वाड से संबंधित घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, आज वाशिंगटन डीसी में क्वाड सहयोगी एवं ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मिलकर बहुत खुशी हुई। उनसे हमेशा की तरह ही विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर आनंददायक चर्चा हुई। श्री ट्रम्प ने श्री मार्को रुबियो को विदेश मंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

## फिल्म 'छावा' के पोस्टर पर कैटरीना कैफ ने दी प्रतिक्रिया

**विक्की कौशल** की लीड रोल वाली फिल्म 'छावा' का मोशन पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। इस पोस्टर में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 'छावा' के इस पोस्टर पर विक्की कौशल को देखकर सोशल मीडिया पर सेलिब्रिटीज और फैन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस पोस्टर पर विक्की की पत्नी और मशहूर एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का आया रिएक्शन भी चर्चा में है। कैटरीना कैफ ने विक्की कौशल की 'छावा' का पोस्टर शेयर कर फायर इमोजी शेयर कर अपना खास रिएक्शन दिया। कुल मिलाकर, कैटरीना को विक्की का लुक पसंद आया। कैटरीना को उनकी फिल्म 'छावा' की शुरूआत से ही सपोर्ट कर रही हैं। फिल्म 'छावा' का ट्रेलर जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। इस बार विक्की के साथ कैटरीना नजर आने वाली हैं।



फिल्म 'छावा' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होगा। इस ट्रेलर से पता चलेगा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। 'छावा' में रश्मिका मंदाना को येसुबाई और अक्षय खन्ना को औरंगजेब के रूप में दिखाया जाएगा। फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज हो रही है। 'छावा' का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। वह इससे पहले 'मिमी', 'लुका छुपी' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं।

## कांच उद्योग भारत की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है : जितेंद्र

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के भविष्य की आर्थिक प्रगति में कांच उद्योग की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कांच उद्योग के विकास के लिए शिक्षाविदों, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय और जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वे कोलकाता में आयोजित ₹अंतरराष्ट्रीय कांच कांग्रेस₹ में शामिल हुए जिसका आयोजन सीएसआईआर-सेंट्रल ग्लास एंड सेरामिक रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया। मंत्री ने कहा कि कांच उद्योग में रीसाइक्लिंग क्षमता है, जो इसे स्थिरता के लिए आवश्यक बनाता है। उन्होंने 'एक संस्थान, एक थीम' के दृष्टिकोण को अपनाने का सुझाव दिया ताकि बेहतर समन्वय और परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने कांच उद्योग के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जितेंद्र सिंह ने शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्टअप और उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने मुंबई में स्थापित नए सीएसआईआर इनोवेशन कॉम्प्लेक्स का जिक्र करते हुए कहा कि यह भारत की स्टार्टअप यात्रा के एक महत्वपूर्ण समय में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न शामिल हैं।

## आशीष मिश्रा पर गवाहों को प्रभावित करने का आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने दिया जांच का आदेश

लखीमपुर खीरी हिंसा

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2021 में किसान आंदोलन के दौरान लखीमपुर खीरी में आठ लोगों की हत्या से संबंधित मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा द्वारा संबंधित गवाहों को प्रभावित करने के आरोपों की जांच करने का सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने संबंधित पक्षों को निर्देश दिया कि वे (गवाहों को कथित तौर पर धमकाने) आरोपों से संबंधित सभी दस्तावेज संबंधित पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करें। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही पुलिस अधिकारी को चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया।



पीठ के समक्ष मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि आरोपी की ओर से अपनी जमानत शर्तों का उल्लंघन करते हुए गवाहों को प्रभावित किया जा रहा है। इसके विपरीत आरोपी के वकील सिद्धार्थ दवे ने तर्क देते हुए कहा कि आवेदक मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए ऐसे आरोप लगाते रहे। उन्होंने दावा किया कि जहां तक ??आरोपों (गवाहों को प्रभावित करने) का सवाल है, प्रतिवादी मौके पर मौजूद भी नहीं था। इस पर पीठ ने कहा, ह्लऐसी सामग्रियों की सत्यता, वास्तविकता और विश्वसनीयता की जांच पुलिस द्वारा की जा सकती है, जिसे एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने जनवरी 2023 को इस मामले में आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी और उसे जेल से रिहा होने के एक सप्ताह के भीतर उत्तर प्रदेश छोड़ने का भी निर्देश दिया था।

यह आदेश (जिसे शुरू में कई बार बढ़ाया गया) बाद में भी लागू रहा। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में अक्टूबर 2021 में आठ लोगों की उस समय मौत हो गई थी।

# संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है : धनखड़

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति संवाद पर पनपती है और संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है। श्री धनखड़ यहां भारतीय विद्या भवन के परिसर में नंदलाल नुआल भारत अध्ययन केंद्र के भवन की आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए कि लोकतांत्रिक राजनीति संवाद पर पनपती है। अभिव्यक्ति और संवाद लोकतंत्र के लिए मौलिक हैं। उन्होंने कहा , ह्लअगर हमें अभिव्यक्ति का अधिकार नहीं है तो हम लोकतंत्र में रहने का दावा नहीं कर सकते और संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संवाद का अभाव सर्वनाश कर सकता है। संवाद का अभाव लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए मृत्यु की घंटी हो सकता है। अलग-अलग दृष्टिकोणों पर विचार करना लोकतंत्र का अमृत है। लोकतंत्र भय या उपहास से मुक्त समावेशी संवाद के माध्यम से पनपता है। उन्होंने कहा, हमारी भारतीय संस्कृति पर एक नजर डालने से पता चलता है कि संवाद मुद्दों को हल करने का केंद्र था।



हमारे शास्त्र और इतिहास इस बात पर जोर देते हैं कि संवाद संघर्षों को हल करता है और समाज को बनाए रखता है। श्री धनखड़ ने कहा कि जब कोई सभ्यता स्वदेशी भूमि के माध्यम से अपनी जड़ों को फिर से खोजती है, तो वह न केवल जीवित रहती है, बल्कि दुनिया के भविष्य को भी आलोकित करती है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में विश्व शांति और सद्भाव में योगदान देना हमारी नियति में हैं। यह राष्ट्र वसुधैव कुटुम्बकम में निहित सभी के कल्याण की भावना को आगे बढ़ाने के लिए विलक्षण तरीके से खड़ा है ह्व उन्होंने कहा कि वेदांत, बौद्ध धर्म और जैन धर्म भारत की समावेशी दार्शनिक परंपराओं को प्रदर्शित करते हैं। वेदांत, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और अन्य दार्शनिक विचारधाराओं ने हमेशा संवाद और सह-अस्तित्व को प्रोत्साहित किया है। आज की ध्रुवीकृत दुनिया में ऐसे सिद्धांत बहुत ही मूल्यवान हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया का कोई भी देश दूसरों के लिखे गए इतिहास और परंपराओं का अध्ययन और उनकी व्याख्या करके आगे नहीं बढ़ पाया है। भारतीय इतिहास का पहला मसौदा उपनिवेशवादियों ने लिखा था। उनके पास भारत के ग्रंथों और परंपराओं को देखने का बड़ा ही विकृत दृष्टिकोण था। उनका एक ही उद्देश्य था कि इतिहास में हमारे उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को उल्लेख से दूर रखा जाए जिन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा, औपनिवेशिक शासन ने हमारी शिक्षा प्रणाली पर एक बाहरी ढांचा थोप दिया और इतना ही नहीं, उन्होंने स्वदेशी परंपराओं को अवैज्ञानिक और अप्रासंगिक बताकर तिरस्कारपूर्वक खारिज कर दिया। यह उनकी मानसिक खामी और अदूरदर्शी सोच थी। वे हमारे ज्ञान-विज्ञान की गहराई और तर्कसंगतता की सराहना नहीं कर सके। इसने न केवल भारतीयों को बौद्धिक जड़ों से अलग कर दिया, बल्कि सहस्राब्दियों से पनप रही ज्ञान प्रणाली के जैविक विकास को भी बाधित कर दिया।

